

दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के लिए नाइट सिक्योरिटी गार्ड्स को इलेक्ट्रिक हीटर वितरित करने का अभियान शुरू।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 313 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## तत्काल लिस्टिंग-सुनवाई मौखिक नहीं होगी: चीफ जस्टिस खन्ना



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में अब मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए मेंशनिंग ई-मेल या लिखित रूप से किया जाएगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अब मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए कोर्ट में ओरल मेंशनिंग पर विचार नहीं किया जायेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए वजह स्पष्ट रूप से बताई जानी चाहिए। इसके पहले कोर्ट में ओरल मेंशनिंग के जरिये मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए आग्रह किया जाता था। जिस पर संबंधित कोर्ट फैसला लेती थी।

# बटेंगे तो गणपति पूजा पर होगा हमला: सीएम योगी

- वोटबैंक की खातिर परिवार के बलिदान को भूल गए खड़गे: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी का जवाब दिया। सीएम योगी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि मैं योगी हूं, मेरे लिए देश पहले है, राजनीति बाद में, लेकिन आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है। मेरा हर काम पहले देश के नाम महाराष्ट्र के अचलपुर में रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तीन दिन से मुझ पर नाराज हो रहे हैं कि मैं ऐसी भाषा का प्रयोग क्यों कर रहा हूं। खड़गे जी! मैं योगी हूं, योगी के लिए देश पहले है। राजनीति बाद में। मेरे और आपमे यही अंतर है। मेरे नेता मोदी ने यही बताया है कि हर काम, पहले देश के नाम। आपके लिए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति पहले है। यही कारण है कि आप न सच्चाई बोल पा रहे हैं, न समझ पा रहे हैं।

**मुस्लिम लीग के कारण सरेंडर कर चुका था कांग्रेस नेतृत्व**
सीएम योगी ने कहा कि खड़गे जी के परिवार के साथ आजादी के तत्काल बाद घटना घटित हुई थी।



### परिवार के बलिदान को भूल गए खड़गे: सीएम योगी



सीएम योगी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हैदराबाद रियासत के सभी अनुसूचित जाति, जनजाति व हिंदुओं का आह्वान किया कि वे वहां सुरक्षित नहीं हैं, महाराष्ट्र की तरफ आ जाएं। उस समय हैदराबाद रियासत के अधीन बारावत्ती गांव भी जलाया गया था। यह मल्लिकार्जुन खड़गे जी का गांव था। इसमें खड़गे जी की मां, चाची और बहन को निजाम के रजाकारों द्वारा जलाया गया, लेकिन खड़गे जी सच्चाई को नहीं बोलना चाहते। उन्हें लगता है कि निजाम पर आरोप लगाऊंगा तो मुस्लिम वोट खिसक जाएगा। कांग्रेस इतिहास को झूठलाने का कार्य कर रही है। निजाम के रजाकारों ने हैदराबाद रियासत के अंदर निर्ममता से हिंदुओं का कत्लेआम किया। गांव के गांव जलाए गए थे। खड़गे उस सच्चाई को स्वीकार नहीं करना चाहते।

खड़गे जी का गांव बारावत्ती हैदराबाद के निजाम के अधीन था। देश की आजादी के पहले अंग्रेजों को लगा कि अब भारत के क्रांतिकारियों के सामने अधिक दिन तक नहीं टिक पाएंगे तो उसने

तीखा हमला

- निजाम के रजाकारों द्वारा खड़गे जी की मां, चाची और बहन को जलाया गया: सीएम योगी आदित्यनाथ

भारत के विभाजन को लेकर रोडमैप तय किया। वे देश में मुस्लिम लीग को देश में प्रोत्साहित करने का कार्य कर ही रहे थे। उस समय कांग्रेस नेतृत्व भी मुस्लिम लीग के सामने सरेंडर कर चुका था। यही कारण था कि मुस्लिम लीग निर्ममता से हिंदुओं को काट रहा था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व सत्तालोलुप होकर मौन बना था।

**सरदार पटेल गृह मंत्री थे तो हैदराबाद के निजाम को लगा कि बहुत दिन तक अलग अस्तित्व नहीं बना पाऊंगा**
सीएम योगी ने कहा कि ब्रिटिशरों ने देसी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो भारत का हिस्सा बनें, चाहें तो पाकिस्तान का हिस्सा और चाहें तो स्वतंत्र अस्तित्व भी रख सकते हैं।

भारत में जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद के निजाम ने खुद को स्वतंत्र रियासत के रूप में स्थापित करने की चेष्टा की।

# झारखंड: करोड़ों रुपये लूटने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे : शाह

शाह की हुंकार

- झारखंड के गरीब आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और युवाओं का पैसा लूटा है, वो सूद समेत वापस करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**धनबाद: केंद्रीय गृह** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को झारखंड के धनबाद जिले के झरिया और बाघमारा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप कमल फूल की सरकार बना दो, ये करोड़ो रुपये लूटने वालों को हम उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। अमित शाह ने कहा कि जिस एक रुपये वाली स्टाम्प ड्यूटी योजना को इन लोगों (हेमंत सरकार) ने बंद कर दिया है, उस स्टाम्प ड्यूटी को फिर से लागू करने का काम करेंगे। संपत्ति खरीदने से जुड़ी एक रुपये योजना फिर से लागू होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण कम करने जा रही है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में कहा कि मुस्लिम आरक्षण देंगे। मुस्लिम आरक्षण देंगे तो आदिवासी, पिछड़ा, दलित का आरक्षण घटेगा लेकिन जब तक एक भी सांसद, विधायक भाजपा का है, आरक्षण कम नहीं होने देंगे। शाह ने कहा कि आपका एक वोट तय करेगा कि खुद को करोड़पति-अरबपति बनाने वाला जेएमएम चाहिए या गरीब माताओं को लखपति दीदी बनाने वाली नरेन्द्र मोदी की सरकार चाहिए। झारखंड के गरीब आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और युवाओं का जो पैसा उनलोगों ने लूटा है, वो सूद समेत झारखंड की तिजोरी में जमा होगी। यह मेरा आपसे वादा है।

## झारखंड : घुसपैठ मामले में ईडी की छापेमारी में फर्जी आधार बरामद

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड में रांची और पाकुड़ सहित पश्चिम बंगाल के 24 परगना और कोलकाता में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। छह ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ले रही है।

## प्रयागराज में छात्रों का आक्रोश जारी: बंद कराई गई दुकानें

### प्रदर्शनकारियों को फिर हटाने का हो सकता है प्रयास



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के निर्णय को लेकर अभी भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। रातभर छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रतियोगी छात्रों ने भी अपना एक नारा गढ़ लिया है। बेमियादी धरने पर बैठे छात्रों का नारा है, 'न बटेंगे न हटेंगे।' इस नारे वाले हजारों पर्चे छात्रों के बीच वितरित किए गए। इसके अलावा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत के खिलाफ नारेबाजी और उनके पोस्टर लहराया जा रहा है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने आयोग के आसपास की सारी दुकानें बंद कर दी हैं। छात्रों को आयोग के सामने से हटाने के लिए पुलिस कुछ देर में फिर प्रयास कर सकती है। आंदोलन को खत्म करने का आयोग और प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है।

**क्या है छात्रों की मांग?**
छात्रों ने 'न बटेंगे न हटेंगे' इस नारे के जरिये आयोग को संदेश भेजा है कि जब तक दो दिन परीक्षा कराने और नॉर्मलाइजेशन निरस्त करने का नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, तब तक छात्र धरना स्थल से हटने वाले नहीं हैं। धरना स्थल पर छात्रों ने हाथों में कई तख्तियां भी ले रखीं थीं, जिन पर नारे लिखे थे। छात्र इन नारों के जरिये आयोग के निर्णय के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे।

## प्रधान ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर कार्यशाला का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रधान ने अकादमिक नेताओं और प्रशासकों को ध्यान केंद्रित करने के लिए पांच प्रमुख क्षेत्रों का सुझाव दिया। इसमें वित्त पोषण के अभिनव तरीकों के माध्यम से सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को मजबूत करना, उद्योग की मांग के अनुसार और राज्यों व संघ शासित प्रदेशों की




जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुसार पाठ्यक्रम को संरेखित करने और तैयार करने के लिए थिंक टैंक स्थापित करना है। वैश्विक समस्याओं को हल करने में नेतृत्व संभालने के लिए अनुसंधान और नवाचार के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाना है।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला सिरमौर में श्री रेणुका झील की नैसर्गिक सुन्दरता को निहारा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तीन किलोमीटर पैदल चलकर प्रकृति के सान्निध्य का आनन्द उठाया।

## अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 प्रतिशत हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अक्तूबर महीने में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, यह पिछले महीने के 9 महीने के उच्चतम स्तर 5.49 प्रतिशत से और अधिक है। महंगाई दर में इजाफे का मुख्य कारण खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतें हैं। अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 14 महीनों में पहली बार, यानी अगस्त 2023 के बाद से पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) की 6 प्रतिशत की टॉलरेंस बैंड को पार कर गई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 5.49 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के टॉलरेंस बैंड के ऊपरी स्तर को पार कर गई है। अक्तूबर 2023 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी।

## अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**
**आगरा : भाजपा सांसद एवं** फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्र द्रोह एवं किसानों के अपमान के मामले में कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किया गया है। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के विरुद्ध नोटिस जारी कर 28 नवंबर 2024 को अपना पक्ष रखने के लिए आदेश किए हैं। इस वाद में कहा गया कि 27 अगस्त 2024 को कंगना रनौत ने एक बयान जो अखबारों में छपा था पढ़ा, जिसमें कंगना ने कहा कि अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक जो किसान दिल्ली बॉर्डर पर काले कानूनों के विरोध में धरने पर बैठे थे, वहां हत्याएं हो रही थीं, बलात्कार हो रहे थे।

## सैटेलाइट ब्रांडबैंड सेवा लेने वाले शर्ते मानें: सिंधिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत में सैटेलाइट ब्रांडबैंड जैसी सेवाओं के लिए एलन मस्क की स्टार लिंक समेत अन्य कंपनियों को लाइसेंस देने के मसले पर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़ी टिप्पणी की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रांडबैंड सेवाओं के लिए लाइसेंस स्टारलिंक समेत किसी को भी दिया जा सकता है, बशर्ते वे सभी सुरक्षा मापदंडों को पूरा करते हों। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हमें यह देखना होगा कि सुरक्षा से जुड़ी सभी चिंताओं को ध्यान में




रखा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा एक निश्चित फॉर्मेट है। आपको उसके सभी निर्देशों का पालन करना होगा। यदि आप सभी शर्तों को पूरा करते हैं तो आपको लाइसेंस मिल जाएगा। यदि कंपनियां इन दिशानिर्देशों का पालन करती है तो हमें बहुत खुशी होगी।" मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक को भी भारत में सेवाओं के लिए लाइसेंस हासिल करने के लिए सभी मानदंडों का पालन करना होगा। मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदाता सभी आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में है।

मानदंड

- लाइसेंस स्टारलिंक समेत किसी को भी दिया जा सकता है, वे सुरक्षा मापदंडों को पूरा करते हों

सीटों पर मंथन — हरियाणा: रिपोर्ट के मद्देनजर प्रदेश में संगठन में बदलाव किए जाएंगे, बदलाव जिला स्तर तक किए जा सकते हैं

# भाजपा ने 42 सीटों पर हार के कारणों की समीक्षा कर रिपोर्ट भेजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा ने 48 विधानसभा सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बाद भी बाकी 42सीटों पर मिली हार के कारणों की समीक्षा की है और रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को भेज दी है। हरियाणा विधानसभा में कुल नब्बे सीट है। इनमें से कांग्रेड ने 37सीट जीती है। भाजपा ने बाकी 42 सीटों पर हार के कारण जानने के लिए इन सीटो के उम्मीदवारों, जिलाध्यक्षों, पुराने कार्यकताओं और संघ से भी फीडबैक लिया है। प्रदेश भाजपा ने यह रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को सौंप दी है।



जानकार सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट के मद्देनजर प्रदेश में संगठन में बदलाव किए जाएंगे। बदलाव जिला स्तर तक किए जा सकते है। चुनाव के दौरान निष्क्रिय रहे नेताओं को जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार टिकट वितरण में स्थानीय नेताओं की अनदेखी को हार का बड़ा कारण माना जा रहा है।

अनदेखी

- सूत्रों के अनुसार टिकट वितरण में स्थानीय नेताओं की अनदेखी को हार का बड़ा कारण माना जा रहा है

इससे कार्यकर्ता निष्क्रिय हो गए।

भाजपा ने 42 सीटों पर हार के कारणों पर करीब एक माह की समीक्षा में जो कारण चिन्हित किए है उनमें पुराने नेताओं की अनदेखी, अन्य पार्टी नेताओं को चुनाव से ऐन पहले पार्टी में शामिल करवाया गया और टिकट दिया गया, जिससे कई महीनों से तैयारी कर रहे नेताओं को झटका लगा और वह पूरे चुनाव में दूरी बनाकर रहे। उम्मीदवारों और संघ की रिपोर्ट में उन नेताओं के बाकायदा नाम भी लिखकर दिए गए हैं। प्रदेश में भाजपा के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी की चर्चा रही। चर्चा यह भी थी कि भाजपा चुनाव हार रही है और कांग्रेस जीत रही है। इस कारण 5 प्रतिशत स्विंग वोटर्स कांग्रेस की तरफ चला गया। यही वजह रही कि कड़े मुकाबलों वाली सीटों पर भी भाजपा हार गई। रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद में सबसे ज्यादा वोट स्विंग हुए।

## उद्धव के हेलीकॉप्टर की फिर हुई तलाशी

शिवसेना नाराज

- उद्धव की पार्टी-शिवसेना यूबीटी इस कार्रवाई को लेकर आक्रामक तेवर दिखा रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की एक बार फिर तलाशी ली गई है। उद्धव की पार्टी- शिवसेना यूबीटी इस कार्रवाई को लेकर आक्रामक तेवर दिखा रही है। खबरों के मुताबिक चुनाव प्रचार के सिलसिले में हेलीकॉप्टर से लातूर गए उद्धव के हेलीकॉप्टर के साथ-साथ उनके बैग



की भी तलाशी ली गई। शिवसेना के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कार्रवाई की वीडियो भी शेयर की गई है। शिवसेना यूबीटी का आरोप है कि शिवसेना पर प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई हो रही है, जबकि सत्ताधारी महायुति में शामिल दल- (भाजपा-शिवसेना-एनसीपी) की तरफ से पैसे बांटने की घटना पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कार्रवाई तय नियमों के मुताबिक होती है। बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। इससे पहले सियासी आरोप-प्रत्यारोप जमकर हो रहे हैं।

# सांसद अनिल बलूनी के आवास पर धूमधाम से मनाया गया इगास

लोक संस्कृति

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहन रखी थी। प्रधानमंत्री ने तुलसी के पौधे की पूजा की और उत्तराखंड की लोक संस्कृति के प्रति अपना आदर प्रकट किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तराखंड के गढ़वाल से भाजपा सांसद अनिल बलूनी के नई दिल्ली स्थित आवास पर इगास बग्वाल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, योगगुरु स्वामी रामदेव, आध्यात्मिक गुरु व कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री समेत अनेक लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड की पारंपरिक टोपी पहन रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने तुलसी के पौधे की पूजा की और उत्तराखंड की लोक संस्कृति के प्रति अपना आदर प्रकट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए सिलसिलेवार पोस्ट किया, \उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई! दिल्ली में आज मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी जी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए। उन्होंने कहा कि हम विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे इस बात का संतोष है कि लगभग लुप्तप्राय हो चुका लोक संस्कृति से जुड़ा इगास पर्व, एक बार फिर से उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों की आस्था का केंद्र बन रहा है। मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के मेरे भाई-बहनों ने इगास की परंपरा को जिस प्रकार जीवंत किया है, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। देशभर में इस पावन पर्व को जिस बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, वो इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि देवभूमि की यह विरासत और फलेगी-फूलेगी। ज्ञातव्य है कि दीपावली के 11 दिन बाद उत्तराखंड में इगास बग्वाल को बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

## प्रधानमंत्री ने शारदा सिन्हा के पुत्र को पत्र लिख कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिष्ठित लोक गायिका शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमन सिन्हा को पत्र लिख कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया तथा संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। अंशुमान सिन्हा ने मंगलवार को अपनी दिवंगत मां के एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री की ओर से प्राप्त पत्र की प्रति साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोक संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज मां द्वारा किए गए पुनीत सांस्कृतिक योगदान का यथोचित सम्मान सहित भावपूर्ण शब्दावलियों में प्रधानमंत्री ने शोक संदेश भेजा है।


### रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

रजि. कार्यालय: ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
ई मेल: legal@regententerprises.in, सीआईएन: L15500DL1994PLC153183

**30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही एवं अवधि हेतु वित्तीय परिणामों का सारांश**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | 30-09-2024 को समाप्त तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 30-06-2024 को समाप्त पिछली तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 30.09.2023 को पिछले वर्ष में समाप्त हुई संगत तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 30.09.2024 को समाप्त वर्तमान अवधि के लिए वर्ष दर तिथि के आंकड़े (गैर-अंकेक्षित) | 30.09.2023 को समाप्त संबंधित अवधि हेतु वर्ष दर तिथि के आंकड़ें (गैर-अंकेक्षित) | 31.03.2024 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 18039.80 | 14607.21 | 12820.97 | 32647.00 | 26428.32 | 67267.26 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा आपवादिक और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 420.90 | 338.42 | 32.46 | 759.33 | 55.50 | 21.38 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | 255.19 | 99.29 | 31.70 | 354.48 | 54.74 | 82.88 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | 255.19 | 99.29 | 31.55 | 354.48 | 48.68 | 64.74 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | **255.19** | **99.29** | **31.55** | **354.48** | **48.68** | **64.74** |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| 7. | विगत वर्ष के अंकेक्षित तुलनपत्र में दर्शाये अनुसार संरक्षित (पुनर्मूल्यांकन संरक्षण रहित) | | | | | | 519.75 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद किए गए परिचालन हेतु)- मूलभूत और तरलीकृत: | 0.76 | 0.30 | 0.09 | 1.06 | 0.15 | 0.19 |

**टिप्पणियाँ:**
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 12.11.2024 को आयोजित अपनी बैठक में की गई तथा निदेशक मंडल द्वारा 12.11.2024 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया।
2. तिमाही के दौरान शेयरधारक से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। इसलिए, वर्तमान में कंपनी के खिलाफ कोई शिकायत लंबित नहीं है।
3. जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
4. 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है, जिसे सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। उपर्युक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.regententerprises.in पर उपलब्ध है।

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीन: 05308192)

दिनांक: 12 नवम्बर 2024



### पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय का पता:** यूनिट नंबर 601, 6वीं मंजिल पिरामल अमिति बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400 070.
सीआईएन: L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट: www.piramalfinance.com

**शाखा का पता:** धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" ग्राउंड और पहली मंजिल, एक्सिस बैंक के बगल में, कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्कल, नौपाड़ा, ठाणे (पश्चिम) -400 602.

**मांग नोटिस**

स्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत **पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उनके लिए जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त ऋणी को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीसीएचएफएल को नीचे दर्शाई गई राशि, साथ ही उक्त डिमांड नोटिस में वर्णित ब्याज, नीचे उल्लिखित तिथि से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक, उक्त ऋणी द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ ऋण समझौते के तहत देय भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित संपत्तियां रखी गई हैं।

| उधारकर्ता का नाम/बंधनकर्ता | मांग सूचना दिनांक और राशि के साथ एनपीए दिनांक | संपत्ति पता |
|---|---|---|
| (पटियाला शाखा का एलसी नंबर 17800005482) गुरविंदर सिंह (उधारकर्ता) हरविंदर सिंह (सह-उधारकर्ता 1) संगीता रानी (सह-उधारकर्ता 2) रंजीत कौर (सह-उधारकर्ता 3) | 16-10-2024/ रू. 3962580.30/-(उनतालीस लाख बासठ हजार पांच सौ अस्सी मात्र और तीस पैसे) एनपीए (08-10-2024) | खसरा नंबर:- 90//1 दुकान धूरी राधा स्वामी सत्संग धुरी संगरूर पजाब - 148021 के सामने |
| (पटियाला शाखा का एलसी नंबर 17800005482) गुरविंदर सिंह (उधारकर्ता) हरविंदर सिंह (सह-उधारकर्ता 1) संगीता रानी (सह-उधारकर्ता 2) रंजीत कौर (सह-उधारकर्ता 3) हरदीप कौर (सह-उधारकर्ता 4) हरबंस सिंह (सह-उधारकर्ता 5) | 16 -10-2024/ रू. 5174385.38/-(इक्यावन लाख चौहत्तर हजार तीन सौ पचासी मात्र और अड़तीस पैसे) एनपीए (08-10-2024) | खसरा#948(13-6) रॉबिन मॉडल स्कूल के पास जनता नगर धूरी संगरूर पंजाब :- 148024 |
| (पटियाला शाखा का एलसी नंबर 17800005734) गुरविंदर सिंह (उधारकर्ता) हरविंदर सिंह (सह-उधारकर्ता 1) संगीता रानी (सह-उधारकर्ता 2) रंजीत कौर (सह-उधारकर्ता 3) हरदीप कौर (सह-उधारकर्ता 4) हरबंस सिंह (सह-उधारकर्ता 5) | 16-10-2024/ रू. 27698.04/-(सत्ताईस हजार छह सौ अट्ठानबे मात्र और चार पैसे) एनपीए (08-10-2024) | खसरा#948(13-6) रॉबिन मॉडल स्कूल के पास जनता नगर धूरी संगरूर पंजाब :- 148024 |
| (दिल्ली - सफदरजंग शाखा का एल.सी. नं. 19600043567) ब्रजेश कुमार सिंह (उधारकर्ता) राजेश सिंह (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 1914070/-(उन्नीस लाख चौदह हजार सत्तर मात्र) एनपीए (08-10-2024) | आरजेड-एफ-16, अपर ग्राउंड फ्लोर (आरएचएस) खसरा नंबर-33/4 गांव डाबरी, पश्चिम सागरपुर नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली:- 110046 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर PHBTDEL04000597) संदीप पांडे (उधारकर्ता) सुमन पांडे (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 3874444.21/-( अड़तीस लाख चौहत्तर हजार चार सौ चौवालीस मात्र तथा इक्कीस पैसे) एनपीए (03-10-2024) | संपत्ति क्रमांक 2 और 3 खसरा नंबर 78/4 ब्लॉक सी ना देसी ढाबा गांव के पास हस्तसाल ओम विहार फेज ली उत्तम नगर नई दिल्ली 110059 |
| दिल्ली शाखा का एलसी नंबर PHTUDEL04000603) संदीप पांडे (उधारकर्ता) सुमन पांडे (सह उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 877713.16/-( आठ लाख सत्तर हजार सात सौ तेरह मात्र और सोलह पैसे) एनपीए (03-10-2024) | संपत्ति क्रमांक 2 और 3 खसरा नंबर 78/4 ब्लॉक सी ना देसी ढाबा गांव के पास हस्तसाल ओम विहार फेज ली उत्तम नगर नई दिल्ली 110059 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर एम0074363) मुरारी मुरारी (उधारकर्ता) मंजू मंजू (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 557534/-(पांच लाख सत्तावन हजार पांच सौ चौंतीस मात्र) एनपीए (03-10-2024) | खसरा नंबर 59, ग्राम सिहानी, तहसील एवं जिला- गाजियाबाद, गाजियाबाद-201003, उत्तर प्रदेश |
| (लखनऊ - एमएमएम मार्ग शाखा का एलसी नंबर M0064576) मूल कुमार (उधारकर्ता) दिव्या श्रीवास्तव (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 2748954/-(सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार नौ सौ चौवन मात्र) एनपीए (03-10-2024) | एच. नं.634 जी/के-450, खसरा नं.450 के एक भूखंड पर निर्मित, शिवम भारत, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ-226028 |
| (नोएडा शाखा शाखा का एलसी नंबर PHHLNO105000912) निर्मल्या कयाल (उधारकर्ता) पापिया कयाल (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 980300/-(नौ लाख अस्सी हजार तीन सौ मात्र) एनपीए (03-10-2024) | यूनिट नं.2414, 23वीं मंजिल, एमआईजी-2, जीएच 03, टावर एडवांटेज, महागुन मॉन्टेज क्रॉसिंग रिपब्लिक, ग्रीन होम्स के पास विलेज धुंडेरा, क्रॉसिंग रिपब्लिक डुंडाहेरा, गाजियाबाद 201016 उत्तर प्रदेश |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर PHLPDEL04000477) श्याम राज (उधारकर्ता) शांति देवी (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 2946020.28/-(उनतीस लाख छियालीस हजार बीस रुपए मात्र तथा अट्ठाईस पैसे) एनपीए (03-10-2024) | संपत्ति संख्या 179 179 खसरा संख्या 4558 1818 ब्लॉक 5ए प्रथम तल बिना छत अधिकार के बेरी सन प्रेस के पास बस्ती रैगर सत नगर करोल बाग नई दिल्ली दिल्ली 110005 |
| (गुड़गांव शाखा का एलसी नंबर PHLPGUR06000093) विवेक सिंह (उधारकर्ता) रजनी सिंह (सह-उधारकर्ता 1) | 16-10-2024/ रू. 3850163/-(अड़तीस लाख पचास हजार एक सौ तिरसठ मात्र) एनपीए (03-10-2024) | एफ 108 पहली मंजिल सेक्टर 102 धनकोट गांव गुरुग्राम हरियाणा 122505 |
| (नोएडा - सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर HLSA00044EA9) जगदीश (उधारकर्ता) रोहित (सह-उधारकर्ता 1) हर्ष कुमार (सह-उधारकर्ता 2) | 16-10-2024/ रू. 1077340.15/-(दस लाख सत्तर हजार तीन सौ चालीस मात्र और पंद्रह पैसे) एनपीए (03-10-2024) | प्लॉट संख्या बी2 एलआईजी, प्रथम तल 6 बिना छत के दाहिनी ओर खसरा संख्या 234, पीछे से बायीं ओर का भाग, रेल विहार ब्लॉक के पास 40 फीट रोड, सादुल्लाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201102 |

यदि उक्त उधारकर्ता पीसीएचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के लागत और परिणामों के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत दिए गए कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक: 13.11.24 स्थान: दिल्ली

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आमिर, पुत्रः मो. सलीम, पताः 146, गली नं. 4, न्यू कर्दमपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 410/2015, U/s 354/354D/341/506/34 IPC, पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आमिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आमिर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 410/2015, U/s 354/354D/341/506/34 IPC, पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **आमिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि बाला
महानगर दंडाधिकारी
शाहदरा जिला, कमरा नं. 08
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13150/NE/2024



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सेख फारुख पुत्र सेख सालिख निवासी बी–222, जसोला विहार, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 62/2019 अन्तर्गत धारा 457/380/411 आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सेख फारुख** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सेख फारुख** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 62/2019 अन्तर्गत धारा 457/380/411 आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सेख फारुख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**शिप्रा धनकर**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 180, प्रथम तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14940/CD/2024
(Court Matter)



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **टिंकू सोनकर, पुत्र :** श्री अशोक सोनकर, **पता :** मकान नं. राजपुरा गुड़मंडी, खटीक बस्ती, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 36/2023, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टिंकू सोनकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टिंकू सोनकर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 36/2023, U/s 33 Delhi Excise Act, थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **टिंकू सोनकर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सेहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14925/NW/2024
(Court Matter)


## एलईडी टॉवर मास्ट लाइट का किया सफल परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) ने चुनौतीपूर्ण स्थितियों के लिए डिजाइन एलईडी टॉवर मास्ट लाइट का सफल परीक्षण किया है। इसको विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण पर्यावरणीय परिस्थितियों, जैसे उप-शून्य, उच्च ऊंचाई वाले वातावरण और अत्यधिक गर्म, धूल भरे रेगिस्तानों के लिए डिजाइन किया गया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि ये परीक्षण कोलकाता के एनटीएच (ईआर) की लैंप और फोटोमेट्रिक प्रयोगशाला द्वारा किए गए हैं, जिसमें इन नमूनों पर फोटोमेट्रिक, इलेक्ट्रिकल और प्रवेश सुरक्षा (आईपी) परीक्षण मापदंडों का विश्लेषण किया गया था। यह आईएसः 16106-2012, आईएसः 10322ः भाग-क-2014 और विशिष्ट ग्राहक विनिदेशों का पालन करते हैं। मंत्रालय के मुताबिक डिजाइन एलईडी टॉवर मास्ट लाइट का यह परीक्षण एक महत्वपूर्ण घटक ऊंचाई पर स्थित था, जो समुद्र तल से 1800 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर जेनरेटर सेट के साथ इसकी कार्यक्षमता को सत्यापित किया है। इस परीक्षण को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सफलतापूर्वक किया गया। यह पर्यावरण परीक्षण का समर्थन करती है और सार्वजनिक भवनों में ऊर्जा-कुशल एलईडी प्रकाश व्यवस्था में परिवर्तन करने, लागत बचत और स्थिरता को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की पहल है। उल्लेखनीय कि एनटीएच 1912 से राष्ट्र की सेवा करने वाला एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थान है। भारत की सबसे बड़ी बहु-स्थानीय और बहु-विषयक केंद्रीय सरकारी परीक्षण प्रयोगशाला के रूप में एनटीएच उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्य करता है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं वीरंद्र सोनी, पुत्र श्री राम कुमार, काव्यांश का पिता, बी-2/212, अगर नगर, प्रेम नगर-3, किराड़ी सुलेमान नगर का निवासी हूं। मेरे बेटे के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम कवि उल्लेखित है जबकि आधार कार्ड में काव्यांश उल्लेखित है जोकि सही है। भविष्य में काव्यांश के नाम से जाना जाएगा। उपयोग कवि और काव्यांश दोनों एक ही लड़के का नाम है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# वायु प्रदूषण: दिल्ली सरकार ने चलाया अभियान

## वायु प्रदूष कम करने के लिए नाइट सिक्योरिटी गार्ड्स को इलेक्ट्रिक हीटर वितरित करने का अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने को लेकर दिल्ली सरकार ने नाइट सिक्योरिटी गाड्र्स को इलेक्ट्रिक हीटर वितरित करने का अभियान शुरू किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान के तहत सुरक्षा गार्डों को बिजली के हीटर वितरित करने के अभियान की शुरूआत की।

गोपाल राय ने कहा कि सभी सरकारी विभागों को आदेश दिया गया है कि वे अपने यहां नाइट शिफ्ट में काम करने वाले गार्ड/कर्मचारियों को हीटर उपलब्ध करवाएं।सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की सरकार द्वारा घोषणा की गई थी। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है जिसमें एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान शामिल है। दिल्ली में सड़कों पर 200 मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली के प्रदूषण में ओपेन बर्निंग की भी अहम भूमिका होती है।इसे रोकने के लिए सरकार ने 6 नवंबर से एक महीने के लिए दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू किया गया है।

टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी। सरकारी विभाग ,आरडब्ल्यूए, निर्माण एजेंसी को सुरक्षा गार्डों को सर्दी से बचने के लिए बिजली के हीटर वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

इससे खुले में बायोमास और ठोस अपशिष्ट को जलाने को हतोत्साहित किया जा सकेगा।





**सांसों पर संकट**

▶▶ अपने यहां नाइट शिफ्ट में काम करने वाले गार्ड/कर्मचारियों को हीटर उपलब्ध करवाएं

## बस मार्शलों ने मुख्यमंत्री आतिशी के घर का किया घेराव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले अलग-अलग मांगों को लेकर प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को दिल्ली के बस मार्शलों ने मुख्यमंत्री आतिशी के कालकाजी स्थित घर का घेराव किया और अपने लिए स्थाई नौकरी की मांग की। उनका कहना था कि बीते कई महीनो से उनकी नौकरी छीन ली गई है और उनको परेशान किया जा रहा है। उनको नौकरी नहीं दी जा रही है। बस मार्शलों का कहना है कि हमें फुटबॉल की तरह इधर और उधर किया जा रहा है। बस मार्शलों का कहना है कि इस मामले में राजनीति की जा रही है और अब हम लोगों को चार महीने की नौकरी दी जा रहीं हैं। हमारी मांग है कि हमारे साथ राजनीति न की जाए। हमको चार महीने की नौकरी नहीं चाहिए। हमें स्थाई नौकरी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आगामी चुनाव में हम लोग आम आदमी पार्टी (आआपा) को सबक सिखाएंगे और हम घर-घर जाकर जनता से इनको वोट नहीं देने की अपील करेंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज हम लोग मुख्यमंत्री के घर का घेराव कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे विपिन कुमार ने कहा कि आने वाले समय में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्र में हम आआपा के विधायकों के घर का घेराव करेंगे। बस मार्शलों के प्रदर्शन के मद्देनजर आतिशी के घर के इर्दगिर्द दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई। घर से पहले ही पुलिस ने बेरिकेड लगाकर बस मार्शलों को आगे जाने से रोक दिया।

# दिल्ली में नवंबर अंत से शुरू हो जाएगा नर्सरी में दाखिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए प्रवेश कार्यक्रम की जानकारी दी। शिक्षा निदेशालय ने बताया कि लिंक पर विभाग के मानदंड और दाखिला सम्बंधित जानकारी को अपलोड करने की प्रक्रिया 25 नवंबर से शुरू होगी। निदेशालय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के फॉर्म 28 नवंबर से दिए जाएंगे। अभिभावकों के पास दिल्ली नर्सरी आवेदन पत्र जमा करने के लिए 20 दिसंबर तक का समय होगा। इस कार्यक्रम में ओपन सीट्स प्रवेश शामिल है। जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस ), वंचित समूह (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्लूएसएन) के अलावा अन्य श्रेणियों के लिए है। स्कूल प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले बच्चों का विवरण अपलोड करने के लिए विभाग के पास तीन जनवरी तक का समय होगा। चयनित बच्चों की पहली सूची को अंक प्रणाली के तहत आवंटित अंकों के साथ प्रदर्शित करने की तारीख 17 जनवरी है।

**मानदंड**

▶▶ विभाग के मानदंड और दाखिला सम्बंधित जानकारी को अपलोड करने की प्रक्रिया 25 नवंबर से शुरू होगी।




देवी अहिल्याबाई की जयंती के 300वें वर्ष के पावन अवसर पर वर्तमान एवं भावी पीढ़ी तक उनके प्रेरणादायी कृतित्व को पहुचाने के लिए गठित त्रिशती समारोह समिति, दिल्ली 14 नवंबर को नई दिल्ली के डॉ. श्यामा प्रसाद सिविक सेंटर में कार्यक्रम का किया आयोजन।

## वीजा मामले में कोर्ट ने टाइटलर और वर्मा को किया बरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक फर्जी लेटरहेड पर पत्र लिखने के मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर और आर्म्स डीलर अभिषेक वर्मा को बरी कर दिया है। इस मामले में जगदीश टाइटलर और आर्म्स डीलर अभिषेक वर्मा पर आरोप था कि तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय माकन के फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल किया गया और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर 2009 में चीनी टेलीकॉम कंपनी के अधिकारियों के लिए वीजा के नियमों में छूट देने का आग्रह किया गया था।

# हिंदुओं पर जिहादियों के सैकड़ों हमलों की सूची जारी की


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत में जिहादी तत्वों द्वारा हिंदू समाज, उनके उत्सवों और मंदिरों पर लगातार हमले किये जाते रहे हैं। इन हमलों की सूची जारी करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि इन सूचियों से सिद्ध होता है कि जिहादी आक्रांता हैं, पीड़ित नहीं। भारत की कथित सेकुलर व मुसलमीन (जिहादी समर्थक) पार्टियों और नेताओं को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि वे सत्ता के मोह में इन जिहादियों को भड़का कर उनकी हिंसक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन दे रहे हैं और देश को गृह युद्ध की दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसलिए जिहादियों को संरक्षण नहीं, सबक सिखाने की जरूरत है। देश के संविधान, कानून, न्यायपालिका तथा राष्ट्रीय सभ्यताओं व परंपराओं का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। यह शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की आवश्यक शर्त भी है। डॉक्टर जैन ने बताया कि 300 से अधिक घटनाओं की ये सूचियां केवल जनवरी 2023 से 2024 की छठ पूजा तक के हमलों व अत्याचारों की है। इस अवधि में भी हुए अत्याचारों और हमलों का भी यह केवल दशांश है। इन हमलों की बर्बरता व क्रूरता तो अमानवीय है ही, उनके तरीके भी मानव कल्पना से परे हैं। आतंक जिहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, जनसंख्या जिहाद से तो संपूर्ण विश्व त्रस्त है ही, अब थूक जिहाद, पेशाब जिहाद, ट्रेन जिहाद, अवयस्क जिहाद आदि से उनकी गैर मुसलमानों के प्रति नफरत सामने आ रही है। गैर मुसलमानों के प्रति उनकी नफरत कहां से आती है, आज संपूर्ण विश्व के चिंतक इसका जवाब खोज रहे हैं। इन जिहादी हमलों व अत्याचारों की वीभत्सता विश्वव्यापी है। चाहे हमास के हमले हों या बांग्लादेशी जेहादियों के, चाहे कश्मीर में हिंदुओं का नरसंहार हो या बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे हमले, इन सब में क्रूरता व वासना का नंगा नाच समान रूप से दिखाई देता है।



**चेताया**

▶▶ सुरेंद्र जैन ने कहा कि इन सूचियों से सिद्ध होता है कि जिहादी आक्रांता हैं, पीड़ित नहीं

## वस्त्र मंत्रालय ने 12 अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में 10वें मिशन संचालन समूह (एमएसजी) ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत 13.3 करोड़ रुपये मूल्य की 12 शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मिशन के तहत नए आईपीआर दिशा-निर्देश जारी होने के साथ गिरिराज सिंह ने उद्योग से अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भर भारत बनाने तथा वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कपड़ा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि शोध परियोजनाओं को जियोटेक्सटाइल्स, टिकाऊ और स्मार्ट टेक्सटाइल्स, कंपोजिट आदि के प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में मंजूरी दी गई। स्वीकृत परियोजनाओं को आईआईटी, एनआईटी, सीआरआरआई आदि सहित प्रतिष्ठित शोध निकायों और संस्थानों द्वारा प्रस्तावित किया गया था। मिशन के तहत स्वीकृत शोध परियोजनाओं की कुल संख्या अब 168 हो गई है।

**मंजूरी**

▶▶ सीआरआरआई आदि सहित प्रतिष्ठित शोध निकायों संस्थानों द्वारा प्रस्तावित किया गया था

# दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं चढ़ीं भ्रष्टाचार की भेंट: विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार के तथाकथित 'वर्ल्ड क्लास हेल्थ मॉडल' के काले सच को उजागर करते हुए कहा है कि दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। मौजूदा सरकार के सभी प्रोजेक्ट पूरी तरह से फेल हो चुके हैं और अधूरे पड़े निर्माण दिल्ली सरकार की अदूरदर्शिता के कारण खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। साइट पर रखा सामान जंग खा रहा है । विजेंद्र गुप्ता ने दिलशाद गार्डन स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) का दौरा किया। यहां पर प्री-इंजीनियरिंग मॉडल पर बनने वाले 1912 बिस्तरों की क्षमता वाले आईसीयू ब्लॉक के निर्माण का जायजा लिया । निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुप्ता ने बताया कि इस एक आईसीयू ब्लॉक का निर्माण जीटीबी अस्पताल में किया जाना था। जिसे सितंबर 2021 से शुरू करके 2022 के फरवरी महीने तक 6 महीने में पूरा किया जाना था लेकिन यह निर्माण कार्य तीन साल बीत जाने के बावजूद आधा ही हो पाया है । जुलाई 2023 में सरकार द्वारा हाथ खींच लिये जाने के बाद निर्माण कार्य ठप हो गया और काम कर रही एजेंसी काम बीच में ही छोड़कर भाग गई। इसके अलावा निर्माण लागत तीन सौ करोड़ से दो गुना बढ़कर छह सौ करोड़ से ज्यादा हो चुकी है।

गुप्ता ने कहा कि आम आदमी सरकार ने पिछले दस साल में अपने कार्यकाल के दौरान एक भी नया अस्पताल नहीं बनाया बल्कि आईसीयू ब्लॉक्स के निर्माण के नाम पर हजारों करोड़ रुपयों की बंदरबाट कर ली। वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सेवाएं देने के नाम पर दिल्ली वालों को ठग लिया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस जीटीबी अस्पताल के आईसीयू ब्लॉक के पूरा होने की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही, क्योंकि बढ़ी हुई लागत को पूरा करने के लिये चालू बजट में इसके लिए राशि का कोई प्रावधान ही नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अगर जैसे तैसे पूरा करने का प्रयास किया भी गया तो लागत दो सौ गुना बढ़ जायेगी।



**सरकार को घेरा**

▶▶ नेता प्रतिपक्ष ने किया जीटीबी अस्पताल का दौरा, आईसीयू ब्लॉक के निर्माण में देरी पर उठाये सवाल

# आआपा की सरकार सिर्फ राजनीति कर रही: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार इसके नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है। देवेंद्र यादव ने मंगलवार को दिल्ली न्याय यात्रा के पांचवें दिन की शुरूआत की। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष के साथ कांग्रेस के बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली सरकार पर कटाक्ष करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि आआपा की जब पंजाब में सरकार नहीं थी तो प्रदेश को दोष देती थी और अब जब वे सत्ता में आए तो उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर आरोप लगा रहे हैं। सभी सिर्फ राजनीति कर रहे हैं, प्रदूषण की समस्या पर कोई ध्यान दे नहीं रहा।

दिल्ली सरकार ने यमुना में झाग पर रसायनों का छिड़काव किया लेकिन ये समाधान नहीं है। यमुना की सफाई के लिए जरूरी है सही तरीके से कार्य करना। यादव ने कहा कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आने पर कांग्रेस राजधानी की जनता के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करेगी।



## रामदरश मिश्र पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में मंगलवार को साहित्य की शती उपस्थितिः रामदरश मिश्र विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र की कविताएं पाठकों के अंतःकरण का घनत्व बढ़ाती हैं। सौ वर्ष की उम्र में भी उनका उत्साह सराहनीय है। मिश्र की साहित्य की जड़े गहरी हैं और पाठकों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', डीयू के एस.जी.टी.बी. खालसा कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष तरलोचन सिंह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय प्रभाग के निदेशक प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव, हिंदी अकादमी दिल्ली के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्य प्रो. गुरमोहिंदर सिंह ने प्रो रामदरश मिश्र के साहित्य के कुछ पहलुओं को उजागर किया। उन्होंने बताया कि मिश्र सादगी वाला जीवन जीना पसंद करते हैं। मिश्र को साहित्य अकादमी, व्यास सम्मान आदि अनेक पुरस्कार प्राप्त हैं। कार्यक्रम इन सभी सम्मानों का निचोड़ साबित होगा। प्रो जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मिश्र की पुतलियों में शताब्दी का मुक्ति संघर्ष का पूरा इतिहास शामिल है।

**संगोष्ठी**

▶▶ साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र की कविताएं पाठकों के अंत:करण का घनत्व बढ़ाती ह

# पूर्व घरेलू सहायक ने दोस्तों के साथ मिलकर डाली थी डकैती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मोती नगर थाना पुलिस ने एक घर में डकैती डालने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपित पंकज कुमार, राकेश, राजेंद्र प्रसाद और श्याम बाबू के पास से पुलिस ने दो सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठियां और 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई है। आरोपितों में शामिल पंकज कुमार पीड़ित परिवार के घर डेढ़ साल पहले घरेलू सहायक के तौर पर नौकरी करता था, जिसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर डकैती की साजिश रची थी। फिलहाल पुलिस आरोपितों के बाकी साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 28 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे आठ लोगों ने एक घर में परिवार को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया थी कि लुटेरे अपने साथ 11 लाख रुपये कैश और लाखों रुपए की ज्वैलरी ले गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मोती नगर थाना पुलिस के साथ एसीपी ऑपरेशन सेल अरविंद कुमार की टीम को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर उसका विश्लेषण किया। साथ ही तकनीकी निगरानी और मैनुअल इंटेलिजेंस के पुलिस टीम एक आरोपित की पहचान करने में सफल रही। पहचान के बाद आरोपित श्याम बाबू को इंस्पेक्टर वरूण दलाल की टीम ने उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला स्थित उसके पैतृक गांव बुधई पुरवा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने लंबी पूछताछ के बाद बताया कि डकैती की साजिश पंकज कुमार ने रची थी। कुल आठ लोग वारदात में शामिल थे। पुलिस ने श्याम बाबू की निशानदेही पर पंकज कुमार, राकेश और राजेंद्र को भी गिरफ्तार किया।



**शिकंजा**

▶▶ आरोपितों के पास से अभी तक सोने की दो चूड़ियां, सोने की दो अंगूठियाँ और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए

## कार चालक ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, फ्लाईओवर से नीचे गिरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के विकासपुरी में एलिवेटेड फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार फ्लाईओवर से नीचे गिर गए। इस हादसे से मौके पर अफरा -तफरी मच गई और वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों घायल युवक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्रवीर के अनुसार सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे पीसीआर को एक कॉल मिली थी, जिसमें एक व्यक्ति के फ्लाई ओवर से नीचे गिरने के बारे में बताया गया था। पुलिस टीम मौके पर पहुंच तो एक घायल की पहचान आशीष दौलत (42 साल) निवासी जनकपुरी के रूप में हुई। दूसरा युवक विवेक सिंह (37) पालम इलाके का रहने वाला है। दोनों बाइक सवार अलग अलग बाइक पर आ रहे थे। उसी दौरानी एक कार ने उन दोनों की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक उछलकर फ्लाई ओवर से नीचे जा गिरे। हालांकि, दोनों बाइक फ्लाईओवर के ऊपर ही रुक गईं। पुलिस कार चालक को तलाशने में जुटी है।

# 2 लाख गरीब लोगों के अपने घर का सपना जल्द होगा साकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में 2 लाख लोगों के अपने घर का सपना जल्द साकार होने वाला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार योजना का खाका तैयार कर रही है। योजना के तहत जमीन से वंचित योग्य प्रार्थियों को गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे।

इस संबंध में हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के महानिदेशक जे गणेशन ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का उद्देश्य प्रदेश में गरीब परिवारों, जिनके पास अपना घर नहीं हैं, उन्हें आवास हेतु प्लॉट प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे परिवारों को लाभ प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपना खुद का घर बना सकें। योजना के धरातल पर क्रियान्वयन से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होगा और



वे अपना घर बनाकर सुरक्षित व सम्मानित जीवन जी सकेंगे। जे गणेशन ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की फ्लैगशिप योजना है, इसलिए इस योजना के तहत सभी प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को इसका लाभ त्वरित मिल सके।
उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि जहां यह 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, उन कॉलोनियों में शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, पार्क और ओपन ग्रीन स्पेस जैसी सभी भौतिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इतना ही नहीं, 100-100 वर्ग गज के प्लॉट पर लाभार्थियों को मकान बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए भी सरकार ने प्रावधान किया है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।
मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रदेश में 5 लाख लोगों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया था।
इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इसी कड़ी में जल्द 2 लाख लोगों को मुख्यमंत्री सौगात देंगे।

**रोडमैप**

**▶▶ जमीन से वंचित प्रार्थियों को गांवों में मिलेंगे 100-100 वर्ग गज के प्लॉट, नायब सरकार तैयार कर रही योजना**

**14 शहरों में लगभग 170 करोड़ रुपये के इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों का जल्द होगा शुभारंभ***
बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 14 शहरों में जिन लाभार्थियों को प्लॉट आवंटित किए गए थे, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़कर मकान बनाने हेतु 2.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी 14 शहरों में जहां प्लॉट आवंटित किए गए थे, वहां लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्यों का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री द्वारा जल्द ही किया जाएगा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा इस काम के लिए अनुमान तैयार किए जा चुके हैं।

**मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में 8 जिलों में 6618 फ्लैट्स का आवंटन शीघ्र**
बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट लेने हेतु पंजीकृत आवेदकों को पहले चरण में 8 जिलों में निजी डेवलपर्स द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए बनाए गए 6618 फ्लैट्स का आवंटन भी शीघ्र करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, सेक्टर 23 जगाधरी में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के 2000 लाभार्थियों को मकान निर्माण शुरू करने हेतु प्लॉट का कब्जा दिया जाएगा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा यहां सभी भौतिक सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई हैं।

# सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** कामी रोड सिथत रामलीला ग्राउंड की दीवार तोड़ने के मामले में रामलीला सभा की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सभा के पदाधिकारियों ने गत 8 नवंबर को पुलिस आयुक्त से मिलकर अपनी शिकायत दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार धारा 324 (4) 329 (3) 351 (3) तथा 3 (5) के तहत मुकदमा नंबर 316 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जाँच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।
उल्लेखनीय है कि रामकुमार उर्फ डिस्को तथा पवन कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर रामलीला ग्राउंड की दीवार गिरा दी थी ताकि उनके खेत का रास्ता कामी रोड पर लग सके।

रामलीला सभा के पदाधिकारियों का आरोप है कि कथित दोषी पिछले कई वर्षों से इस प्रयास में लगे हुए हैं कि रास्ता मिलते ही जमीन में प्लाट काटकर बेच दे परन्तु उनके प्रयास अभी तक सफल नहीं हुए हैं। इस मामले को लेकर रामलीला सभा के सदस्यों की आम सभा दिनांक 20 ऑक्टूबर को ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर में हुई थी जिसमे सभी सदस्यों ने एक स्वर से रास्ता देने से मना कर दिया था। इसके बाद कथित दोषियों ने दीवार तोड़ने के मामले को अंजाम दिया, आसपास के लोगों तथा सभा के पदाधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी दी गई।

**शिकायत**

**▶▶ सभा के पदाधिकारियों ने गत 8 नवंबर को पुलिस आयुक्त से मिलकर अपनी शिकायत दी थी**

## न्यूज फ्लैश

### आरोही मॉडल स्कूल कर्मियों को पक्का करने से मुकरी सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में स्थित आरोही मॉडल स्कूलों के कर्मचारियों को पक्का करने के अपने ही वायदे से मुकर गई है। लगातार दो विधानसभा चुनाव से पहले इन्हें पक्का करना का आश्वासन दिया गया, लेकिन इस दिशा में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। साल 2018 में नियमित करने के आदेश जारी करने के बाद भी आज तक इन स्कूल कर्मियों को किसी तरह का फायदा नहीं हो सका है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2011 में प्रदेश में 36 आरोही मॉडल स्कूलों की स्थापना की गई। इन स्कूलों में 2232 पदों पर शैक्षणिक स्टाफ व अन्य कर्मियों की नियुक्ति की गई। प्रावधान किया गया कि 5 साल की सेवा पूर्ण होने पर इन्हें नियमित कर दिया जाएगा। नियमित होने पर इन्हें प्रदेश सरकार के अन्य पक्के कर्मियों की तरह ही वेतनमान व भत्ते प्रदान किए जाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद कर्मचारी आज भी पक्के होने की बाट जोह रहे हैं। पक्के होने के लिए वे लगातार संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा सरकार लगातार दो बार से विधानसभा चुनाव से पहले इन्हें पक्का करने की हामी भर लेती है, लेकिन फिर अपने वायदे से मुकर जाती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि आरोही मॉडल स्कूलों की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। इन स्कूलों में प्राचार्य, प्राध्यापक व लाइब्रेरियन आदि पदों पर 2012 में भर्ती की गई। 5 साल की सेवा पूरी होने पर 5 फरवरी 2018 को शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को नियमित करने के लिए इनके दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए। अक्टूबर 2018 में एक बार फिर से इनके दस्तावेज एकत्रित किए गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीजीटी पदों पर नई भर्ती में चयन होने पर इन स्कूलों के काफी शैक्षणिक स्टाफ ने यहां से इस्तीफे दे दिए। लेकिन, 04 दिसंबर 2018 को शिक्षा विभाग ने फिर से आदेश जारी कर 05 साल की सेवा पूरी करने वाले सभी कर्मियों को नियमित करने का पत्र जारी कर दिया। इससे काफी शिक्षकों ने अपने इस्तीफे वापस ले लिए। इस आदेश को भी 6 साल बीत चुके, लेकिन आज तक आरोही मॉडल स्कूलों के एक भी स्टाफ सदस्य को पक्का नहीं किया गया है। पक्का न होने के कारण ये कर्मचारी स्थाई वेतनमान व भत्तों से वंचित हैं।

### कोविड के दौरान मारे गये सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को एक्सग्रेशिया ग्रांट

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार कोविड के दौरान मारे गये सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को एक्सग्रेशिया ग्रांट प्रदान करेगी। इसके अलावा कोविड में मारे गये लोगों के ऐसे परिजन, जिन्हें अभी तक वित्तीय सहायता नहीं मिल पाई है, उन्हें भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने योजना में संशोधन किया है। पहले एक मार्च 2021 के बाद प्रभावित लोगों के परिजनों को एक्सग्रेशिया ग्रांट और वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान था, लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे एक मार्च 2020 से लागू कर दिया है। हरियाणा में कोरोना के दौरान 10 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दूसरी लहर में 16 विभागों के 250 कर्मचारी मारे गए थे। इनमें सैकड़ों कर्मचारी और लोग ऐसे थे, जिनकी मृत्यु कोरोना की पहली लहर के दौरान हुई थी। इसलिए उनके परिजन वित्तीय सहायता से वंचित हो रहे थे। सांसदों और विधायकों के माध्यम से राज्य सरकार के पास जब यह समस्या पहुंची तो मुख्यमंत्री ने मानव संसाधन विभाग को योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिये। राज्य सरकार के जो कर्मचारी कोराना काल के दौरान मारे गये हैं, उनमें 115 शिक्षक, 50 बिजली कर्मचारी और शहरी निकाय विभाग के 15 कर्मचारी शामिल हैं।
इनके अलावा, स्वास्थ्य विभाग के 10, परिवहन और शिक्षा विभाग के नौ, जन स्वास्थ्य, सिंचाई व बीएंडआर विभाग के भी नौ, राजस्व विभाग से पांच पटवारियों ने भी कोरोना काल में अपनी जान खोई है। विश्वविद्यालयों में काम करने वाले पांच, वन विभाग के चार, पर्यटन विभाग के चार, एचएसवीपी के चार, महिला एवं बाल विकास विभाग से दो, मेवात मॉडल स्कूलों से दो, कृषि ग्रामीण विकास बैंक से दो व आईटीआई से भी दो कर्मचारी कोरोना संक्रमण के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठे थे।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन हेतु बढ़ाई अंतिम तिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन/शुल्क भरने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर, 2024 निर्धारित की थी, जिसे बढ़ाकर 15 नवम्बर, 2024 कर दिया गया है। बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड द्वारा निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा के निदेर्शानुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 7 व 8 दिसंबर, 2024 (शनिवार-रविवार) को करवाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी अपने विवरणों में जैसे- नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल आई०डी०, जेंडर व आधार नम्बर में 16 व 17 नवम्बर, 2024 को ऑनलाइन माध्यम से संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 15 नवम्बर, 2024 उपरान्त ऑनलाइन आवेदन तथा 17 नवम्बर, 2024 उपरांत विवरण सुधार करने की अनुमति नहीं होगी। इस सन्दर्भ में कोई भी प्रार्थना/प्रतिवेदन किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि आवेदक/अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना आवेदन प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करें।

# स्कूली बच्चों के लिए लागू हो अनिवार्य स्वास्थ्य शिक्षा : डॉ राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** यूनेस्को ग्लोबल हेल्थ एंड एजुकेशन के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रतिनिधि एवं अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. राहुल मेहरा ने हरियाणा में बच्चों के लिए प्रारंभिक स्तर पर ही स्वास्थ्य शिक्षा को अनिवार्य करने तथा इसके लिए मजबूत नीतियां बनाने की मांग की है। पूर्व में बायो-मेडिकल इंजीनियरिंग में शोध वैज्ञानिक रहे डॉ. मेहरा के पास 70 से अधिक पेटेंट हैं और उन्होंने 100 से अधिक प्रकाशनों में योगदान दिया है। तरंग हेल्थ एलायंस व फिजीहा द्वारा हरियाणा के संदर्भ में मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. मेहरा ने




कहा कि यूनिसेफ के अनुसार अत्यधिक प्रदूषित वातावरण में रहने से बच्चों की फेफड़ों की क्षमता 20 प्रतिशत तक कम हो सकती है, जो लम्बे समय तक सेकेंड हैंड धूम्रपान के संपर्क में रहने के प्रभाव के समान है। हरियाणा में स्कूली बच्चों के लिए प्रारंभिक वर्षों में स्वास्थ्य शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर देते हुए डॉ. मेहरा ने कहा कि इसके लिए एक प्रयोग शुरू किया है, जिसके प्रारंभिक परिणाम उत्साहजनक हैं। शिकागो जैसे शहरों में स्कूली बच्चे 50 एक्यूआई में रहकर पढ़ाई करते हैं लेकिन हरियाणा में सामान्य दिनों में एक्यूआई 150 तथा त्योहारी सीजन व पराली के दिनों में यह 300 से पार हो जाता है। स्वास्थ्य शिक्षा दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने और आने वाली पीढ़ी को स्वास्थ्य विकल्प चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विकास केंद्रित मंच फिजीहा के निदेशक डॉ.नवनीत आनंद ने कहा कि खेलों में हरियाणा की सफलता दशार्ती है कि सही नीतियों के साथ, हमारे बच्चे उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

**मांग**

**▶▶ खेलों में हरियाणा की सफलता दशार्ती है कि सही नीतियों के साथ, हमारे बच्चे उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं**

# हर नागरिक को प्रदूषण को रोकने में सहयोग करने का संकल्प लेना चाहिए: राव नरबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या बनती जा रही है। भारत में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में हर वर्ष नवंबर माह के दौरान वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। प्रदूषण को रोकने का प्रयास सरकार तो कर ही रही है , साथ ही हर नागरिक को प्रदूषण को रोकने में सहयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। राव नरबीर सिंह ने आज

**आह्वान**

**▶▶ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में हर वर्ष नवंबर माह के दौरान वायु प्रदूषण बढ़ जाता है**

यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि भौगोलिक दृष्टि से हरियाणा का वन क्षेत्र काफी कम है। पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली में नवीनतम पर्वत श्रृंखला शिवालिक का इस प्रदेश में विशेष महत्व है। अरावली पर्वत श्रृंखला उष्ण कटिबद्ध का महत्व रखती है तो वहीं हिमालय की नवीनतम पर्वत श्रृंखला शिवालिक छायादार वनों को दशार्ती है। देव भूमि हिमाचल से सटा पंचकूला, यमुनानगर शिवालिक पर्वत श्रृंखला का विशेष महत्व रखते हैं। सरकार ने प्राकृतिक वनों के संरक्षण के लिए विशेष योजनाएं चलाई हैं। योग गुरु बाबा रामदेव ने भी इस क्षेत्र में प्राकृतिक संपदाओं को बढ़ावा देने की पहल की है। पतजलि द्वारा कई वन वाटिकाएं इस क्षेत्र में स्थापित की गई हैं।

# जयहिंद के समर्थन से सड़कों पर उतरे पीजीआई के कच्चे कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक:** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन के नेतृत्व में मंगलवार को पीजीआईएमएस के कच्चे कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सडक पर उतरे। सेक्टर छह से जैसे ही कर्मचारी पीजीआई की तरफ कूच करने लगे तभी पुलिस ने नए बस स्टैंड के पास बेरिकेटस लगाकर कर्मचारियों को रोक लिया। पीजीआईएमएस के कर्मचारी वहीं धरना देकर सडक पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस व कर्मचारियों के बीच तनातनी भी हुई। बाद में जयहिंद सेना प्रमुख नवीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीजीआईएमएस पहुंचा और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ज्ञापन सौंपा।

# अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध नियंत्रण का सबसे सरल उपाय हैं कि इसके घटित होने से पहले ही रोकथाम (प्रिवेंशन) के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए। प्रिवेंशन को लेकर हरियाणा पुलिस की तैयारी बेहतरीन होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी फील्ड में निकलें और अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों की ब्रीफिंग करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें तथा आमजन के प्रति सहानुभूति तथा संवेदनशीलता का भाव रखें। पुलिस महानिदेशक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यह बैठक पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में अपराध नियंत्रण सहित आमजन की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के पुलिस आयुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी डाउन द लाइन यह मैसेज बहुत ही साफ ओर स्पष्ट पहुचाएं कि अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करनी है। अपराधी पकड़ा जाए तो उससे कानून सम्मत सख्ती से पेश आना है और यदि वह वारदात के बाद फरार है तो उसे जल्दी से जल्दी गिरफ्तार करना है। इसके साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर भी नजर रखनी है कि वह कब, कहां और क्या कर रहे हैं और सुनिश्चित करें कि वे दोबारा अपराध न करें।

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ डीजीपी ने अपराध नियंत्रण तथा जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**

# अम्बाला एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी उपकरण स्थापित होते ही शुरू होगी उड़ान: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से दिल्ली में अम्बाला एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने की बातचीत की हैं। इस बातचीत के जल्द ही सार्थक परिणाम नजर आएगें और अंबाला छावनी में तैयार हो रहे सिविल एयरपोर्ट के सिक्योरिटी उपकरणों के स्थापित होते ही जहाजों की उड़ान शुरू हो जाएगी। इन उपकरणों को शीघ्र स्थापित करने के लिए केन्द्रीय नागरिक उडडयन मंत्री से आग्रह किया है। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को अंबाला छावनी के सिविल एयरपोर्ट के उद्घाटन का न्योता भी दिया। अनिल विज ने दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र अंबाला छावनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना उड़ान के तहत एक एयरपोर्ट मंजूर हुआ था। वो बनकर बिल्कुल तैयार हो गया है और सभी प्रकार का सामान लग गया है और जो सिक्योरिटी उपकरण हैं, वो उड्डयन विभाग ने लगाने होते हैं। विज ने बताया कि उन्होंने किंजरापु राममोहन नायडू को न्योता भी दिया है कि वे आकर एयरपोर्ट का उद्घाटन भी करें। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि हम जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर लेंगे और जैसे ही सिक्योरिटी उपकरण स्थापित हो जाएंगें तो उडान भी शीघ्र ही आरंभ हो जाएगी। अनिल विज ने बताया कि ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की बात कही और आज हर प्रदेश का आदमी इस मुद्दे के साथ चलना चाहता है। वो भी चाहता है कि हमारा प्रदेश भी इसके साथ चलें और हम नरेन्द्र मोदी के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़े ताकि देश और हमारा प्रदेश भी विकसित प्रदेश बनें।

# बालमुकुंद शर्मा ने अपने निष्कासन पत्र पर हस्ताक्षर फर्जी बताए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस की गुटबाजी और तेज होती नजर आ रही है। नेता प्रतिपक्ष के पद पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के बजाय अशोक अरोड़ा की नियुक्ति का बयान देने पर पार्टी से निष्कासित पूर्व प्रवक्ता बालमुकुंद शर्मा ने अपने निष्कासन के पत्र पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के हस्ताक्षरों को फर्जी बताया है।
हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता बालमुकुंद शर्मा ने मंगलवार को दावा किया है कि निष्कासन के पत्र पर कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के प्रिंटेड सिग्नेचर हैं। अब वह इस पूरे मामले को लेकर चंडीगढ़ पुलिस के पास जाकर शिकायत करेंगे। जिसमें वह विधानसभा चुनाव में हारने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराएंगे।हाल ही में हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कांग्रेस नेता बाल मुकुंद शर्मा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था।
इसे लेकर पार्टी की ओर से एक पत्र भी जारी किया था। पिछले 8 नवंबर को बाल मुकुंद शर्मा ने दावा किया था कि इस बार पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा नेता प्रतिपक्ष नहीं बनेंगे। उनकी जगह अशोक अरोड़ा या चंद्रमोहन बिश्नोई को यह पद मिल सकता है।
मीडिया से बातचीत में बालमुकुंद शर्मा ने कहा कि.प्रदेश अध्यक्ष को हार की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए थी ।उन्होंने कहा कि मैं तीस साल से कांग्रेस में हूं। मुझे बर्खास्त करने का जो पत्र जारी किया गया है उसमें फर्जी हस्ताक्षर किए हुए हैं।पार्टी जब चुनाव हार गई, तो नैतिकता के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष को हार की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। न कि किसी को पार्टी से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

# विधायक मदान ने किया सामान्य अस्पताल का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : विधायक** निखिल मदान मंगलवार सुबह सामान्य अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस मौके पर विधायक निखिल मदान ने ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक विधायक निखिल मदान ने ओपीडी स्लिप बनवाने आए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को जाना। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सामान्य अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन के काउंटर बढ़ाने की जरूरत है। विधायक निखिल मदान ने बताया कि फिलहाल ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए कुल 6 काउंटर चलाये जा




रहे है, जिसमे से एक काउंटर बंद मिला है।
बाकी सामान्य इलाज के लिए तीन काउंटरों पर ओपीडी रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है इसके अतिरिक्त आपातकालीन सुविधाओं के लिए और प्रसूति विभाग के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। लेकिन मरीजों की संख्या को देखते हुए ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या को बढ़ाया जाएगा, इसके लिए उन्होंने आदेश जारी कर दिए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से ओपीडी रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जायेगी। इसके बाद विधायक निखिल मदान ने मरीजों को सामान्य अस्पताल से दी जाने वाली दवाइयां के काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद कर्मचारियों को अस्पताल में मरीजों को सभी दवाएं उपलब्ध कराने के आदेश दिए।
विधायक निखिल मदान ने एक्स रे विभाग में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसमें एक्स रे मशीन सुचारू रूप से कार्य करते हुए मिली।
इसके पश्चात विधायक इमरजेंसी और ऑपरेशन थिएटर कक्ष में पहुंचे और अधिकारियों को और बेहतर ढंग से व्यवस्थाओं को संभालने के निर्देश दिए।

# नशे पर प्रहार- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का जागरूक संचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज आईसीएआर-एनडीआरआई में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डी ड यूनिवर्सिटी के कुलसचिव बिशंबर दयाल फंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्यूरो




के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हुए थे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों बारे बताया और कहा कि यह संस्था जन कल्याण के लिए है। उन्होंने इंजेक्टिवे ड्रग यूजर्स पर चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार यह युवाओं में एक भयानक समस्या बन गयी है और अनेक रोगों से युवा पीड़ित हो रहे हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे को हम दो भागों में बाँट सकते हैं। प्रतिबंधित और चेतावनियुक्त। यद्यपि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के लिए घातक हैं तो भी प्रतिबंधित नशा रखना सेवन करना क्रय विक्रय करना और ऐसे किसी कार्य में सहायता करना पूर्ण रूप से दंडनीय अपराध हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नशा मुक्त हरियाणा अभियान को बहुत ही गंभीरता से ले रही है। हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है इस वर्ष 3 नवंबर तक 2831 अभियोग अभियोग अंकित कर 4178 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है, लेकिन यह सत्य है कि केवल पकडने मात्र से नशा मुक्त अभियान सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जागरूकता भी आवश्यक है। डॉ. वर्मा ने कविता, गीत और लोकोक्तियों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। कार्यक्रम में आईसीएआर-एनडीआरआई, करनाल बी.टेक. और एम.टेक./एम.एससी. कार्यक्रम 2024-25 के छात्रों ने भाग लिया। डी ड यूनिवर्सिटी के कुलसचिव बिशंबर दयाल फंसल ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया और गमले देकर सम्मानित किया।

# खाटू श्याम बाबा के जन्मदिवस पर शहर श्याम के रंग में रंग गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** खाटू श्याम बाबा के जन्मदिवस पर शहर श्याम के रंग में रंग गया, विभिन्न स्थानों पर भव्य श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। बाबाधाम से सोनीपत धाम तक निकलने वाली यात्रा का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने किया। यात्रा की रवानगी से पूर्व खाटू श्याम की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भव्य आरती की गई। राजीव जैन हाथ में ध्वज लिए यात्रा के आगे चल रहे थे और हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु हाथों में निशान लिए श्याम भजनों पर नाचती गाती चल रही थी। निशान यात्रा बाबाधाम से शुरू होकर मुरथल अड्डा, बस स्टैंड, गीता भवन, मिशन चौक, पुरानी अनाज मंडी, काठ मंडी, कालूपुर चुंगी होते



हुए सोनीपत धाम पंहुची। यात्रा का बाजारों में पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। राजीव जैन ने बाबा के जन्म दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह खाटू श्याम ने भगवान श्री कृष्ण के एक आदेश पर बिना किन्तु परन्तु किये अपने शीश का दान कर दिया इसी तरह भगवान के प्रति समर्पण का भाव हमारे अंदर जागेगा तभी कल्याण होगा। उन्होंने खाटू श्याम के चरणों में सभी के कल्याण और उत्थान की कामना की। यात्रा में राजीव गोयल, अनुज मंगला, नीरज सैनी, राहुल वर्मा, संजीत दहिया, प्रवीण मित्तल, आनंद सरोहा, प्रवीण दहिया, मोहन गोयल, मांगे राम, मोहित गोयल, आशीष जैन, दीपक जैन, पंकज बंसल, धर्मबीर शर्मा, राजेश गर्ग सहित हजारों श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एटीएम से रुपये चोरी करने का प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत**
**कुंडली थाना सोनीपत** पुलिस ने एटीएम से रुपये चोरी करने प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज निवासी नाहरी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रसोई निवासी संजय ने 10 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि नरेला रोड पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में वह सफाई का काम करता है। रात को उसके पास सुपरवाइजर मोहित का फोन आया कि एटीएम के साथ छेड़छाड़ हुई है।उसने जाकर देख तो एटीएम में लगे सीसीटीवी का कैमरा मोड़ा हुआ है। मशीन के केश का ढक्कन व सर्वर रूम के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के ास से एक मिनी बस को कब्जे में ले लिया है। वहीं आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### विभाग की तरफ से रबी सीजन में अब तक 201 सैंपल लेने का किया जा चुका है कार्य

**सोनीपत**
**रबी सीजन के दौरान** धरती-पुत्रों को बेहतर किस्म की खाद व बीज उपलब्ध हो सके उसके लिए कृषि विभाग की तरफ से छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें विभाग की तरफ से तीन दिनों में 92 सैंपल लिए। विभाग की तरफ से टारगेट के हिसाब से अब तक कुल 201 सैंपल लिए जा चुके है। सोमवार को विभाग की तरफ से लिए सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बता दें कि किसान रबी सीजन की विभिन्न फसलों की बुवाई करने में जुटे हुए है। रबी सीजन में किसानों को बेहतर गुणवत्ता का बीज, दवाइयां, खाद उपलब्ध हो सके, इसके लिए कृषि विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू किया था तथा विभिन्न क्षेत्रों में स्थित खाद की दुकानों से सैंपल लिए गए थे। सोमवार को कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद सोनीपत कृषि विभाग ने 92 सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेज दिया है। उक्त सैंपलों में खाद, बीज व दवाइयों के सैंपल शामिल है, जोकि पिछले तीन दिनों में कृषि विभाग की टीम द्वारा सोनीपत और गोहाना क्षेत्र में स्थित विभिन्न दुकानों से लिए गए थे। अगले 15 दिनों में लैब से जांच रिपोर्ट आ जाएगी, जिसके बाद अगर कोई सैंपल अपनी गुणवत्ता पर खरा नही उतरता तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रोड सेफ्टी को लेकर बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने परीक्षा दी

**गन्नौर। जी टी रोड** स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में बच्चों को रोड सेफटी के नियम समझाकर उनकी परीक्षा ली गई। बच्चों को जानकारी देते हुए समझाया गया कि हमे सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए बहुत जरूरी है कि हम यातायात के नियमों का विशेष ध्यान रखें। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने भी छात्रों को जागरूक किया।



### विद्यार्थियों को यातायात के नियमों बारे जागरूक कर परीक्षा ली

**गन्नौर। भुर्री स्थित पीएस** पब्लिक स्कूल में भी सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 1, 2 व 3 लेवल में तीसरी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्कूल प्रचार्य नवीन कुमार द्वारा निष्पक्षता से परीक्षा का संचालन करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जरूरी जानकारियां मिली।



## बरौनी एक्सप्रेस के सामने ट्रैक पर आया ट्रैक्टर-ट्राली चालक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग** पर बाबा कॉलोनी के पास ट्रैक पर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आया चालक घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। वहीं ट्रैक से ट्रैक्टर-ट्राली हटाकर ट्रेन को रवाना किया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। स्टेशन मास्टर सुनील की तरफ से सूचना मिली कि बाबा कॉलोनी के पास टरेक पर ट्रैक्टर-ट्राली चालक वाहन सहित टरेक पर आ गया। सोनीपत स्टेशन से चली बरौनी एक्सप्रेस की चपेट में वाहन व चालक आ गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक हरीश (35) निवासी महलाना की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिली कि वह सोमवार को मंडी में धान की फसल बेचकर वापिस लौट रहा था। बाबा कॉलोनी के पास अंडर ब्रिज के पास मरम्मत का काम चल रहा था। जिसके चलते वह ट्रैक को क्रॉस करने लगा। उसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बरौनी एक्सप्रेस गाड़ी रुक गई। हादसा स्थल से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्राली को साइड में करवाया गया।

## 'लोभ एक ऐसा तत्व है, जो जीवन को नियंत्रित करता है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः नेपाल केसरी राष्ट्र संत मानव मिलन** के संस्थापक डॉ श्रीमणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्तियों में से एक प्रमुख प्रवृत्ति है लोभ, जिसका प्रभाव हमारे जीवन के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। लोभ का अर्थ केवल भौतिक लाभ की इच्छा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतोष की खोज, स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाएं और अनावश्यक चीजों की लालसा से भी जुड़ा हुआ है। यह मानसिक स्थिति इंसान को न केवल बाहरी सुखों के पीछे दौड़ने पर मजबूर करती है, बल्कि उसकी आंतरिक शांति और




संतुलन को भी प्रभावित करती है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि लोभ एक ऐसा तत्व है, जो किसी भी व्यक्ति के आचार-व्यवहार, मानसिक स्थिति और जीवन की दिशा को नियंत्रित करता है। यह व्यक्ति को स्थायी सुख की बजाय अस्थायी और क्षणिक संतोष की ओर खींचता है। लोभ की यह प्रवृत्ति केवल भौतिक वस्तुओं या धन तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह मानसिक शांति, सम्मान, या किसी अन्य प्रकार के आत्मसंतोष की इच्छा में भी प्रकट हो सकती है। लोभ का सबसे पहला और सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव यह होता है कि यह व्यक्ति को निरंतर अपने लाभ की ओर खींचता है। जब किसी व्यक्ति को एक सुख या लाभ प्राप्त हो जाता है, तो वह अगले सुख की ओर बढ़ता है, और यह सिलसिला चलता रहता है। यह स्थिति मनुष्य के जीवन में असंतोष और अधूरापन की भावना पैदा करती है। जब तक मनुष्य एक सुख प्राप्त करता है, तब तक वह अन्य सुखों की ओर आकर्षित रहता है।

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता परीक्षा में छात्रों ने नियमों का ज्ञान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। खेड़ी रोड** स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में सड़क सुरक्षा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा नियम पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में तीसरी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खास उत्साह था। छात्रों ने सुरक्षा नियमों को जाना कि वे वाहन चलाते समय सचेत रहें और इससे संबंधित जानकारी दूसरों से भी बाट सकें। विद्यालय के



चेयरमैन राकेश यादव शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल तथा प्रधानाचार्य यशपाल और अन्य शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को इन सुरक्षा नियमों के संबंध में जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों को सड़क व यातायात नियमों की पूरी जानकारी होनी चाहिए जिससे वे अपने आप को सुरक्षित रख सकें। इस तरह की परीक्षाएं बच्चों को सड़क नियमों के प्रति जागरूक करेंगी।

## नाबालिग बहन को युवक ने बनाया हवस का शिकार

**सोनीपत : मुरथल थाना क्षेत्र** में रिश्ते को शर्मसार करते हुए युवक ने नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म कर डाला। किशोरी पांच माह की गर्भवती हुई तो परिजनों को पता लगा। जिस पर मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने किशोरी की मां के बयान पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिला इटावा उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला ने बताया कि वह परिवार सहित मुरथल थाना क्षेत्र में रहते हैं।

## गोहाना में आज लग सकता है 1100 एमटी डीएपी खाद का रैक

**टीम एक्शन इंडिय**
**सोनीपत :** जिले में डीएपी खाद का इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मंगलवार सुबह गोहाना में 1100 में एमटी डीएपी खाद का रैक लगने की जानकारी विभाग की तरफ से दी गई है। जिसके बाद खाद किसानों तक पहुंच जायेगा। वहीं सोमवार को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर 1470 एमटी यूरिया खाद का रैक लगा। अगले दो दिनों के अंदर यूरिया खाद जिले के खाद विक्रेताओं तक पहुंच जाएगा। जिसके बाद किसान आसानी से खाद प्राप्त कर पाएंगे। बता दे कि मौजूदा समय में गेहूं की बिजाई प्रक्रिया तेज हो गई है। जिसके चलते डीएपी और यूरिया खाद की डिमांड बढ़ गई है। जिले में करीब 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि में गेहूं की औसतन बुवाई होती है। मौजूदा समय में डीएपी खाद की डिमांड अधिक है। लेकिन दिसंबर माह में यूरिया खाद की डिमांड बढ़ जाती है। जिले में रबी सीजन के दौरान करीब 49 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद की जरूरत पड़ती है। ऐसे में कृषि विभाग डीएपी के साथ-साथ यूरिया खाद भी मंगवाने की कवायद में जुटा हुआ है, ताकि दिसंबर में खाद की किल्लत किसानों को न झेलनी पड़ी। कृषि अधिकारियों ने बताया कि जिले में जो भी खाद पहुंचेगा उसका 40 प्रतिशत खाद पैक्स पर भेजा जाएगा।

## 208 डेंगू के मरीज कर चुके है रिकवरः सुखबीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला सिविल** सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने बताया कि डेंगू से बचाव व रोकथाम के लिए शहरी क्षेत्रों थानेसर, लाडवा, शाहबाद व पिहोवा में 25 टीमें गठित की गई जिसमें कि हेल्थ सुपरवाइजर, वर्कर, एएनएम, आशा वर्कर व ब्रिडिंग चैकर्स तैनात किए गए। उन्होंने बताया कि यह सभी टीमें शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर रही है। इसके साथ-साथ यह टीमें मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए की जाने वाली गतिविधियां को जोरो शोरों से चलाएंगे व आमजन को इसके प्रति जागरूक भी करेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आशा वर्करों व एएनएम के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।



सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि थानेसर, लाडवा, शाहबाद व पिहोवा में 25 स्वास्थ्य टीमों द्वारा डेंगू के अब तक कुल 2490 सैम्पल लिए गए है। जिसमें आज टीमों द्वारा 83 डेंगू के सैम्पल लिए गए है, और जिसमें 7 केस एक्टिव पाए गए है अब तक कुल 229 केस एक्टिव थे। उन्होंने बताया कि आज 4 डेंगू के मरीज रिकवर हो गए है और अब तक कुल 208 डेंगू के मरीज रिकवर हो चुके है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 229 डेंगू के एक्टिव केसों में से 208 डेंगू के मरीज रिकवर कर चुके है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 1341530 घरों को चैक किया जा चुका है जिसमें से आज 9835 घरों को चैक किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल 1964 लारवा पॉजिटिव पाया गया है जिसमें से आज 16 जगहों पर डेंगू लारवा पाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला मलेरिया विभाग नगर परिषद के माध्यम से फॉगिंग करवा रही है व इसके साथ-साथ, घरों में एन्टी लारवा एक्टिविटी, सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी, गमलों, कूलरों, ऐसे बर्तन/सामान जिनमें व्यर्थ में पानी खड़ा है उस पानी को भी खाली करवा रही है। इसके अतिरिक्त आमजन को भी इस विषय में जागरूक कर रहे है कि अपने आस-पास पानी खड़ा न होने दें। यदि कहीं पर भी पानी खड़ा है और उसको निकालना संभव नहीं है तो उसमें कोई भी चिकनाई युक्त तरल पदार्थ/काला तेल अवश्य डाले, जिसमें कि मच्छर पैदा ना हो। उन्होंने बताया कि समय-समय पर विभाग द्वारा जोनल एनाटोमी लोजिस्ट टीम को भी जिला में मच्छरों की डेंसिटी मापने के लिए बुलाया जाता है।

## बच्चे को स्कूल छोड़कर घर लौट रही महिला के गले से सोने की चेन झपटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सेक्टर-27 शहर थाना** सोनीपत में महिला के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मिनी फोगाट ने बताया कि वह सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी। जब वह बच्चों को स्कूल छोड़कर वापस घर लौट रहे थीं तो अचानक एक युवक उनके पास आया। युवक के चेहरे पर रुमाल बांध रखा था और चैकदार कमीज पहन रखी थी। युवक अचानक उनके गले से सोने की चेन झपटकर भाग गया। वह आगे पहले से बाइक पर खड़े अपने साथी संग भाग निकला। बाइक सवार लाल रंग की जैकेट पहले था और सिर पर हेलमेट लगाए था। अचानक हुई घटना के बाद वह बाइक का नंबर नहीं देख सकी।

## विधायक कादियान ने निशान यात्रा का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । समालखा के** चुलकाना धाम में मंगलवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। संकीर्तन मंडल की ओर से चुलकाना धाम तक 7वीं पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु हाथों में श्री श्याम का ध्वज लेकर शामिल हुए। पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा हुआ नजर आया। रेलवे रोड पर शिव पार्क से निशान यात्रा का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने किया। इससे पहले आयोजकों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें श्याम बाबा की प्रतिमा



भेंट कर सम्मानित किया। आज बुधवार को द्वादशी संकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन होगा। जिसमें वृंदावन धाम से आकाश आनंदी, दिल्ली से मनन्त माही भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगी। संकीर्तन के बाद भंडारा लगाया जाएगा। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि भारतीय परंपरा में हर एक कार्य भगवान की आराधना से शुरू किया जाता है। भारत की भूमि पर ऋषि मुनियों ने तप किया है और हमें वैदिक परंपरा दी है। वर्तमान समय में श्री श्याम बाबा की महिमा का बखान प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। उन्होंने द्वादशी संकीर्तन मंडल की ओर से संकीर्तन व निशान यात्रा का आयोजन करवाना सराहनीय कार्य है, जिससे भक्तों को भगवान की आराधना करने का मौका मिला है और उन्हें शीश नवाने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अंकित मल्होत्रा, अंशुल जिंदल, सुरेंद्र जाग्या, हरीश मदान, तरुण चुघ, प्रवेश मदान आदि मौजूद रहे।

## अंतर सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में चेतना सदन के छात्रों ने बाजी मारी

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल (शेखपुरा) में अंतर सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवी के छात्रों के बीच हुई। परीक्षा में प्रत्येक सदन से विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें विद्यालय के चेतना सदन ने पहला स्थान प्राप्त किया,प्रगति सदन ने दूसरा, स्मृति सदन ने तीसरा तथा अनुराग सदन ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के समापन



के बाद सभी सदनों के विजेता छात्रों को उनकी श्रेणी के अनुसार सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि जैन ने सभी विद्यार्थियों को इस तरह की प्रश्नोत्तरी में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संपादकीय

# पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में मौजूदा पीढ़ी

**आज** की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में उलझती जा रही है। बच्चे या युवा ही नहीं बल्कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित ज्यादातर लोग इन हालात से दो-चार हो रहे हैं। फोकस नाम की चीज खोती जा रही है, उसके स्थान पर मानसिक भटकाव जगह ले रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं, उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम की सोचने लगते हैं। इसका बड़ा कारण इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स और लैपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार-बार चैनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना, पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाईपर एक्टिविटी डिसऑर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे-समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रूप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने किया था। यह एक तरह से भ्रमित मानसिकता को लेकर कहा जा सकता है। जिस तरह पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ अत्यधिक चिंतनीय है। एक-दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाइल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है। उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चे हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रात-दिन जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी मनोदशा पर पड़ता है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में पहले कभी नहीं रहा। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के सदस्य बच्चे को चुप कराने या मन बहलाने या उसे व्यस्त रखने के लिए मोबाइल फोन थमा देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से गुस्सैल होते जा रहे हैं। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि आज गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है।

# पुष्कर मेले में जीवंत होती है लोक संस्कृति

रमेश सर्राफ धमोरा

"यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है"

राजस्थान में त्यौहारों, पर्वो एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधें रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले पर्व व त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं। मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं। अजमेर से लगभग 11 कि.मी. दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले का एक रोचक अंग ऊंटों का क्रय-विक्रय है। निस्संदेह अन्य पशुओं का भी व्यापार किया जाता है। परन्तु ऊंटों का व्यापार ही यहां का मुख्य आकर्षण होता है। मीलों दूर से ऊंट व्यापारी अपने पशुओं के साथ में पुष्कर आते हैं। सम्भवतः यह ऊंटों का संसार भर में सबसे बड़ा मेला होता है। कार्तिक के महीने में



यहां लगने वाला ऊंट मेला दुनिया में अपनी तरह का अनूठा तो है ही साथ ही यह भारत के सबसे बड़े पशु मेलों में से भी एक है। मेले के समय पुष्कर में कई संस्कृतियों का मिलन सा देखने को मिलता है। एक तरफ तो मेला देखने के लिए विदेशी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, तो दूसरी तरफ राजस्थान व आसपास के तमाम इलाकों से आदिवासी और ग्रामीण लोग अपने-अपने पशुओं के साथ मेले में शरीक होने आते हैं। मेला रेत के विशाल मैदान में लगाया जाता है। ऊंट मेला और रेगिस्तान का नजदीकी रिश्ता है। इसलिए ऊंट तो हर तरफ देखने को मिलते ही हैं। लेकिन कालांतर में इसका स्वरूप एक विशाल पशु मेले का हो गया है। इसलिए लोग ऊंट के अलावा घोडे, हाथी, और बाकी मवेशी भी बेचने के लिए आते हैं। सैलानियों को इन पर सवारी का लुत्फ मिलता है। मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बडी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरूआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है। पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है।

क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है। कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बडा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्मा जी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है। महाभारत में पुष्कर राज के बारे में लिखा है कि तीनों लोकों में मृत्यु लोक महान है और मृत्यु लोक में देवताओं का सर्वाधिक प्रिय स्थान पुष्कर है। चारों धामों की यात्रा करके भी यदि कोई व्यक्ति पुष्कर सरोवर में डुबकी नहीं लगाता है तो उसके सारे पुण्य निष्फल हो जाते हैं। यही कारण है कि तीर्थ यात्री चारो धामों की यात्रा के बाद पुष्कर की यात्रा जरूर करते हैं। तीर्थ राज पुष्कर को पृथ्वी का तीसरा नेत्र भी माना जाता है। पुष्कर नगरी में विश्व का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है तो दूसरी तरफ दक्षिण स्थापत्य शैली पर आधारित रामानुज संप्रदाय का विशाल वैकुंठ मंदिर। इनके अलावा सावित्री मंदिर, वराह मंदिर के अलावा अन्य कई मंदिर हैं। पास में ही एक छोटे से मन्दिर में नारद जी की मूर्ति। एक मन्दिर में हाथी पर बैठे कुबेर तथा नारद की मूर्तियां हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लिखित है कि अपने मानस पुत्र नारद द्वारा सृष्टिकर्म करने से इन्कार किए जाने पर ब्रह्मा ने उन्हें शाप दे दिया कि तुमने मेरी आज्ञा की अवहेलना की है। अतः मेरे शाप से तुम्हारा ज्ञान नष्ट हो जाएगा और तुम गन्धर्व योनि को प्राप्त करके कामिनियों के वशीभूत हो जाओगे।

तब नारद ने भी दुःखी पिता ब्रह्मा को शाप दिया कि आपने बिना किसी कारण मुझे शाप दिया है। अतः मैं भी आपको शाप देता हूं कि तीन लोक में आपकी पूजा नहीं होगी और आपके मंत्र, श्लोक कवच आदि का लोप हो जाएगा। तभी से ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है। मात्र पुष्कर क्षेत्र में ही वर्ष में एक बार उनकी पूजा-अर्चना होती है। हिन्दुओं के लिए पुष्कर एक पवित्र तीर्थ व महान पवित्र स्थल है। वर्तमान समय में इसकी देख-रेख की व्यवस्था सरकार ने सम्भाल रखी है। अतः तीर्थस्थल की स्वच्छता बनाए रखने में भी काफी मदद मिली है। यात्रियों की आवास व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां आने वाला हर तीर्थयात्री यहां की पवित्रता और सौंदर्य की मन में याद संजो कर ही लौटता है।

## कविता

### नाम लिख कर मिटाना हमें पसंद नहीं।

झूठे वादे का बताशा हमें पसंद नहीं
उस पर ये तकाजा हमें पसंद नहीं।

यूं बेदर्दी से हर वक्त पेश आया अगर
साफ कह देंगे ये जमाना हमें पसंद नहीं।

खुदकुशी करने का हौसला नहीं बाकी
जिंदगी मुक्त जमाना हमें पसंद नहीं।

सामने आगया मुश्किलों का परवत भी
अब तो कमजोर इरादा हमें पसंद नहीं।

आगए हो तो ठहर जाओ घड़ी भर यहीं
एक दो पल का तमाशा हमें पसंद नहीं।

दिल के हमारे साफ कागज पर संजीव।
तेरा नाम लिख कर मिटाना हमें पसंद नहीं।

संजीव ठाकुर

# क्या जैविक खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यवर्धक हैं?

**विजय गर्ग**

**स्वस्थ खाने** का हमारा लक्ष्य अक्सर हमें जैविक खाद्य पदार्थ चुनने की ओर ले जाता है, भले ही उनकी भारी कीमत हो सकती है। लेकिन क्या जैविक भोजन के लिए अतिरिक्त भुगतान करना वास्तव में उचित है? जैविक का अर्थ है सिंथेटिक कीटनाशकों, उर्वरकों या जीएमओ के बिना उगाया गया भोजन जैविक खाद्य पदार्थों को ढूंढना कठिन हो सकता है और उनकी शेल्फ लाइफ भी कम होती है यदि आप सिंथेटिक कीटनाशकों से बचना चाहते हैं, तो जैविक भोजन एक बढ़िया विकल्प है हम सोशल मीडिया पीढ़ी के अति-जागरूक और हमेशा जुड़े रहने वाले लोग हैं। हम चाहते हैं कि हमारे सौंदर्य उत्पाद रसायन-मुक्त हों, हमारा भोजन कार्ब-मुक्त हो और हमारा जीवन तनाव-मुक्त हो अतः, जबकि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, एक शब्द जिसका हम अत्यधिक उपयोग करते हैं वह है 'जैविक'। यदि कोई उत्पाद जैविक होने का दावा करता है, तो वह अक्सर सीधे हमारे शॉपिंग कार्ट में चला जाता है। लेकिन जैविक भोजन का वास्तव में क्या मतलब है, और क्या जैविक भोजन चुनना वास्तव में इसे सुरक्षित बनाता है? जैविक भोजन शब्द अक्सर ताजा, कीटनाशक-मुक्त उपज की छवियों को ध्यान में लाता है, लेकिन यह समझना आवश्यक है कि इस लेबल का क्या मतलब है और क्या नहीं। वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ ने कहा, "भारत में, 'जैविक' का मतलब सिंथेटिक कीटनाशकों, उर्वरकों या आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (जीएमओ) के बिना प्राकृतिक पदार्थों और फसल चक्र और खाद बनाने जैसे तरीकों पर निर्भर होकर उगाए गए भोजन से है।" इसके अलावा, सलाहकार - पोषण और आहार विज्ञान, का कहना है कि जैविक खेती मिट्टी के स्वास्थ्य, टिकाऊ प्रथाओं और प्राकृतिक कीट नियंत्रण तकनीकों पर जोर देती है। इसके अतिरिक्त, जैविक खाद्य उत्पादन का उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्राकृतिक और जैविक खाद्य पदार्थ एक जैसे नहीं हैं। सभी प्राकृतिक खाद्य पदार्थ जैविक नहीं होते, भले ही सभी जैविक खाद्य पदार्थ प्राकृतिक होते हैं। "आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (जीएमओ), सिंथेटिक उर्वरक और कीटनाशकों का उपयोग जैविक भोजन के उत्पादन में नहीं किया जाता है, और पशु कल्याण के लिए कुछ दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है। लेकिन प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के लिए लेबल कम विनियमन के अधीन है। आम तौर पर, यह इंगित करता है कि उत्पाद कृत्रिम रंग, स्वाद और परिरक्षकों से मुक्त है, हालांकि, यह जीएमओ या सिंथेटिक कीटनाशकों की अनुपस्थिति को सुनिश्चित नहीं करता है।" जैविक बनाम पारंपरिक रूप से उगाया गया भोजन बताते हैं, "अध्ययन से पता चलता है कि जैविक खाद्य पदार्थों में पारंपरिक विकल्पों की तुलना में थोड़ा अधिक एंटीऑक्सीडेंट, कुछ विटामिन और खनिज हो सकते हैं।

## विचार

# वैचारिक चिंतन,संघर्षों की अत: प्रज्ञा को जीवंत रखिए

**संजीव**

**विचार** और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है इन सिद्धांतों तथा अंतः विचारधारा को जनमानस तक पहुंचने से बाधित न किया जाए अन्यथा यह अंतरात्मा को प्रभावित करती है। और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# गुलाबी होंठों के लिए होम मेड लिप बाम

**-शहनाज हुसैन**

**शर्दियाँ** शुरू होने बाली हैं / ऐसे में मौसम में बदलाब , बाताबरण में नमी की कमी से होंठों का फटना आम बात होती है क्योंकि होंठों की स्किन बाकी शरीर की स्किन से ज्यादा मुलायम और कोमल होती है और इसीलिए इस पर मौसम का असर जल्दी पड़ता है /

सर्दियों में खासकर होंठों के कटने, .फटने, शुष्क होने और खुरदुरे नजर आने की दिक्कत बढ़ जाती है इसलिए होंठों को मुलायम और सूखने से बचाने के लिए उनकी अच्छे से केयर करना बहुत जरूरी है। होठों को गुलाबी और मुलायम रखने के लिए एक अच्छे लिप बाम का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। होठों के केयर के लिए वैसे तो कई सारे लिप बाम पैट्रोलियम जेली मौजूद है लेकिन बाजार में मिलने वाले यह लिप बाम को बनाने में कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो होंठों को ठीक करने के बजाय नुकसान पहुंचा सकते हैं कई बार होंठ काले भी पड़ने लगते हैं ऐसे में अगर आप घर पर ही नेचुरल तरीके से लिप बाम तैयार करें तो कहीं बेहतर परिणाम मिलेंगे /1 -----लिप बाम घर पर बनाने के लिए 8 से 10 पीस -गुलाब की पंखुड़ियां दो पीस विटामिन ई कैप्सूल, एक चम्मच कच्चा दूध और दो चम्मच एलोवेरा जेल लें / लिप बाम बनाने के लिए सबसे पहले गुलाब की पंखुड़ियों को धोकर मिक्सर ग्राइंडर में पीस लें. पंखुड़ियों की पेस्ट को कांच की कटोरी में निकाल लें. अब इस पेस्ट में थोड़ा सा कच्चा दूध, विटामिन ई कैप्सूल का जेल और एलोवेरा जेल को मिला दें./ इन सभी चीजों का मिश्रण अच्छे से स्मूद बना कर पेस्ट को एक कंटेनर में डालें, आपका लिपबाम तैयार हो गया है / इसे एयरटाइट कंटेनर में बंद करके फ्रीज में स्टोर करें. फ्रिज में स्टोर करने के अगले दिन आप लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं/

2 ----घर में लिप बाम बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़िया, 1 चमच्च शहद, 1 चमच्च बैसलीन , और 1 चमच्च नारियल तेल लें / गुलाब की पँखुड़ियों को धोने के बाद एक बर्तन में डाल कर एक कप पानी में पका लें और जब जब अच्छी तरह पक जाये तो छानकर एक कटोरी में निकल लें / अब गुलाब बाले पानी में 1 चमच्च शहद, 1 चमच्च बैसलीन , और 1 चमच्च नारियल तेल मिला लें /जब यह स्मूद हो जाये तो तो इसे एक कंटेनर में डाल कर फ्रीज में रख लें।

# नेता का भाषण और जनता का सपना

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**नेता जी मं**च पर चढ़े और भीड़ की तरफ एक नजर डाली। आज भीड़ कुछ ज्यादा ही थी, क्योंकि भाषण के बाद समोसे बँटने वाले थे। नेता जी ने माइक को सीधा किया और बोले, भाइयो और बहनो, देश इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है। यह सुनते ही एक बुजुर्ग ने खांसते हुए कहा, हम तो कब से कठिन दौर में हैं, तुमको अभी पता चला? नेता जी ने ध्यान नहीं दिया। भाषण जारी रखा, हमने आपकी भलाई के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं। सड़कें बन रही हैं, अस्पताल खुल रहे हैं, रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। तभी एक युवा ने पूछा, ह्लसड़कें कहाँ बन रही हैं? मैं तो आज ही गड्ढे में गिरकर आया हूँ! भीड़ में हलचल मच गई, लेकिन नेता जी को इससे फर्क कहाँ पड़ता था? वे तो अपने लिखे भाषण को पढ़ते जा रहे थे, हमारी सरकार ने हर घर में पानी पहुंचाने का वादा किया था, और आज वो पूरा हो रहा है। एक महिला बोली, पानी तो है, पर नल में नहीं, मेरी आँखों में! जनता हंसने लगी, पर नेता जी को इससे क्या? वो तो अपनी धुन में थे। उन्होंने अगला वादा किया, आने वाले समय में हम आपको ऐसी बिजली देंगे, जो कभी नहीं जाएगी। इस पर भीड़ में से किसी ने कहा, हाँ, क्योंकि वो आएगी ही नहीं। नेता जी थोड़े असहज हुए, लेकिन फिर उन्होंने अपना सबसे दमदार वादा किया, हम हर व्यक्ति को रोजगार देंगे! इस बार एक बेरोजगार युवक खड़ा हुआ और बोला, नेता जी, अगर आपको रोजगार देने का इतना ही शौक है, तो मुझे अपनी स्पीच लिखने का काम दे दो। कम से कम सच्चाई का थोड़ा मसाला डाल दूंगा! भीड़ में ठहाके गूंजने लगे। नेता जी को अब समझ में आ चुका था कि भाषण का असर नहीं हो रहा। उन्होंने आखिरी चाल चली, और अंत में, हम समोसे बाँटने जा रहे हैं। भीड़ अचानक से चुप हो गई, और फिर एक व्यक्ति ने कहा, ह्लनेता जी, समोसे तो बाँट दो, पर मुद्दे भी बाँटते तो अच्छा होता

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदार पर नकाबपोश बदमाशों ने बोला हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सेक्टर-13 में** रात के अंधेरे में गिफ्ट शाप के दुकानदार पर नकाबपोश बदमाशों ने डंडो-बिंडो से हमला कर दिया। दुकानदार अपने बच्चों के साथ दुकान के बाहर खड़ा हुआ था। एक बाइक पर तीन नकाबपोश आए और बच्चों के सामने ही दुकानदार पर हमला कर दिया, जिसमें दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए, जिन्हें देख हमलावर मौके से फरार हो गए। दुकानदार को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व पार्षद वीर विक्रमजीत सिंह ने बताया कि सेक्टर-13 की न्यू हाउसिंग मार्किट में जगदीप सिंह की गिफ्ट शाप है। करीब साढ़े नौ बजे रात को दुकान बंद करने की तैयारी थी और जगदीप सिंह अपने बच्चों के साथ दुकान के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान करीब पौने दस बजे एक बाइक पर तीन नकाबपोश आए, जिनके हाथ में डंडे-बिंडे थे। एक बाइक के साथ पीछे ही खड़ा हो गया। दो हमलावरों ने आते ही बच्चों के सामने जगदीप पर हमला कर दिया। हमलावरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी करनाल से मिला जाएगा। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि फुटपाथ पर दो नकाबपोश आते हुए नजर आ रहे हैं। एक ने सफेद रंग की जैकेट और जींस की पेंट पहनी है और दूसरे ने काली पेंट और क्रीम कलर की शर्ट डाली है। दोनों आते ही जगदीप पर हमला कर देते है। आसपास के दुकानदारों को आता देख दोनों मौके से भाग जाते है। जगदीप के रिश्तेदार उदीप ने बताया कि हमने जगदीप से बात की, उसकी किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है। उसे खुद ही नहीं पता कि उस पर किस वजह से हमला किया गया और हमलावर कौन थे? सीसीटीवी में घटना कैद हुई है, उसके आधार पर पहचान की जाएगी। रिश्तेदार ने सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत की है। जांच अधिकारी सुंदर ने बताया कि जगदीप पर हमला किए जाने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सोनालीका ने अक्टूबर 24 में 20,056 ट्रैक्टरों के साथ अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री

चंडीगढ़: सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अक्टूबर में 20,056 कुल ट्रैक्टरों के अपने सर्वाधिक मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। सबसे बड़े त्योहारी सीजन के दौरान, कंपनी ने अपने वार्षिक 'हैवी ड्यूटी धमाका' ऑफर द्वारा किसानों के लिए उचित मूल्य पर उन्नत तकनीक से लैस ट्रैक्टरों की पेशकश की जिससे किसानों को जीवन आगे बढ़ने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन मिला। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, 'हम 20,056 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ पिछले सभी मासिक बिक्री रिकॉर्ड को पार करके उत्साहित हैं, और ये हमारे कृषक समुदाय के साथ साझा किया गया एक गौरवपूर्ण क्षण है। हमारी नई उपलब्धि हमें हर कदम पर किसानों को सशक्त बनाने के लिए इंटेलीजेंट, हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करती है।'

### कंपनी के बाहर से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

सोनीपत

**कुंडली थाना क्षेत्र में** कंपनी के बाहर से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुल्तानपुरी दिल्ली निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र कुंडली में काम करता है। वह कंपनी में काम के लिए अपने दो-पहिया वाहन पर आता-जाता है।

### पैदल घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया, पीजीआई रेफर

सोनीपत

**कुंडली थाना क्षेत्र** के छतेहरा-माजरा सड़क मार्ग पर घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपित कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मल्हा-माजरा निवासी हवा सिंह ने बताया कि वह आठ नवंबर को करीब डेढ़ बजे पैदल गांव छतेहरा की तरफ से गांव की तरफ जा रहा था। उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में लिया।

# सेक्टर-7 में पीर पर कब्जा हटाने की मांग को लेकर दिया धरना

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला: अंबाला जिला** के विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता समस्त हिंदू संगठनों के साथ पंचायत भवन के नजदीक अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर पूर्व निर्धारित एवं घोषित कार्यक्रम के अनुसार एकत्रित हुए। गत 4 नवंबर को इन सभी संगठनों ने माननीय उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन में यह कहा था कि सेक्टर 7 के नजदीक स्थित पीर जो की कब्जा करके विस्तार की गई है को हटाया जाए. पीर द्वारा किए गए इस नाजायज कब्जे को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय न्यायालय इसकी डिमार्केशन करने के बाद कानूनी प्रक्रियाओं के पालन करते हुए नाजायज कब्जे को हटाने के आदेश दिए थे। इस विषय पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों



की पालना करते हुए उपायुक्त कार्यालय से पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा 6 से 7 नोटिस पीर और उसके रखरखाव करने वालों को दिए गए थे परंतु उसके बाद भी इस पीर के नाजायज हिस्से पर अतिक्रमण वाले पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। 4 नवंबर को दिए गए ज्ञापन के बाद बजरंग दल ने 12 नवंबर को अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर कार्यक्रम करने का संदेश पहले ही दे दिया था. सुबह 9 बजे से ही राज्य मार्ग पर सब कार्यकर्ताओ ने एकत्र होना शुरू कर दिया था और विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने राज्य मार्ग पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया. मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा जी ने बताया की विश्व हिंदू परिषद की विचारधारा सेवा सुरक्षा एवं संस्कार की है. और जिस प्रकार से पीर और मजारों के जरिए लैंड जिहाद की विचारधारा को आगे बढ़ाया जा रहा है और जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं इसको अंबाला जिला और हरियाणा प्रांत में बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मिलकर ऐसे सभी नाजायज कब्जों पर कार्रवाई करने का आंदोलन छेड़ चुके हैं और अब इसे जिला स्तर से प्रदेश स्तर की ओर लेकर जाया जाएगा।

धरने के चलते राज्य मार्ग पर लंबे समय तक जाम रहा, जिसे पश्चात अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार मौके पर पहुंचे और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के द्वारा दिए गए पत्र हो पांच सदस्य कमेटी को सौंपते हुए आश्वासन दिया कि 19 नवंबर को सरकार द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को नियुक्त करके उनकी मौजूदगी में इस गैर कानूनी कब्जे के ढांचे को गिरा दिया जाएगा।

## कपाल मोचन मेले के लिए रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाई



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला: अंबाला से आज** भी भारी संख्या में कपालमोचन मेले के लिए श्रद्धालु रवाना हुए। ऐसे में अंबाला छावनी बस अड्डे पर श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है तो पंजाब से आए श्रद्धालु भी इन व्यवस्थाओं को देख काफी खुश हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि हरियाणा सरकार ने कपाल मोचन मेले के लिए जो अतिरिक्त बसें शुरू की गई हैं उसके लिए वह सरकार के आभारी हैं। अंबाला छावनी बस अड्डा इंचार्ज विजेंन्द्र सिंह ने बताया कि कपाल मोचन मेले को लेकर हर साल की भांति इस वर्ष भी पूरी तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस मेले में अंबाला छावनी बस अड्डे पर लगभग 50 हजार श्रद्धालु आते जाते हैं। इसी को लेकर हमारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल अंबाला डिपू की 10 बसें तथा यमुना नगर डिपू की 5 बसें कपाल मोचन के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि रात्रि में भी हमारी बसें नियमित तौर पर कपाल मोचन मेले के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि छावनी बस अड्डे पर बार बार बसों संबंधी अनाउंसमेंट की जा रही है।

## अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : जिले की क्राइम** यूनिट पश्चिम सोनीपत सीआईए-1 की टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित उर्फ चंगा निवासी सिवांका का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया।

जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम ने गांव बड़वासनी के पास से एक युवक को काबू किया था। जिसके पास तलाशी के दौरान दो पिस्तौल दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# सम्पन्न हुई यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला: पुलिस अधीक्षक अम्बाला सु**रेन्द्र सिहँ भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में हुई इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापाक स्तर पर तैयारी की गई थी। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर 2024 को हुई इस परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्लान तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि आज जिला के स्कूल/कालेजों से लगभग 01 लाख 69 हजार 715 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा चार लेवल पर हुई। पहले लेवल में कक्षा एक से पाँच तक विद्यार्थी,



लेवल 2 में कक्षा 6 से 8 तथा लेवल 3 में कक्षा 9 से 12वीं तथा लेवल 4 में कालेज स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस परीक्षा में जिला के प्रथम स्तर में 48020, द्वितीय स्तर में 57726, तृतीय स्तर में 60113 व चतुर्थ स्तर पर 3856 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद ब्लॉक स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर परीक्षा ली जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आने वाले सभी श्रेणियों के छात्रों को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। यातायात सम्बन्धी नियमों के बारे जागरूकता लाने तथा भावी चालकों के ड्राईविंग कौशल को बढ़ाया जाए।

## हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : बहालगढ़ थाना सोनीपत** पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रमजान व गौतम निवासी पूरानी बसौदी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव पूरानी बसौदी निवासी रमजान ने गत 28 अक्टूबर को शिकायत देकर बताया था कि उनका कप्तान के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। उसे कई बार पहले गोली मारने की धमकी दी जा चुकी है। वहीं गत 27 अक्टूबर को वह बाइक पर अपने खेत में गया हुआ था। उसी दौरान कप्तान व अन्य लड़के ने उसने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उसे एक गोली पैर में लगी। उसके बाद हमलावर फरार हो गए। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले को लेकर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक समुंद्र सिंह की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की।

# विद्यार्थियों ने ड्राइंग के माध्यम से दिया करप्शन फ्री इंडिया का संदेश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा सैक्टर-7 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नैशनल डायरेक्टर अजीत राही ने की। स्कूल के विद्यार्थियों ने ड्राइंग के माध्यम से करप्शन फ्री इंडिया का संदेश




दिया। विद्यार्थियों द्वारा विषय पर आधारित बहुत ही आकर्षक ड्राइंग प्रदर्शित की गई। ड्राइंग कंपटीशन में स्कूल के पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइंग कंपटीशन में गुरनाज ने प्रथम, कुणाल सिंह ने द्वितीय एवं तमन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ड्राइंग कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को इक्कीस सौ रुपए, द्वितीय को ग्यारह सौ और तृतीय को पांच सौ रुपए नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देशभर में करप्शन फ्री इंडिया का संदेश दिया जा रहा है। फाउंडेशन द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत पिछले तीन महीनों से शिक्षण संस्थानों में ड्राइंग, स्लोगन एवं स्पीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 15 नवंबर को हस्ताक्षर अभियान के साथ किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा, इंटरनेशनल प्रेसिडेंट महिला प्रकोष्ठ डॉ.निशा गुप्ता, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर सतीश मल्होत्रा, नैशनल चीफ डायरेक्टर हरीश वधावन, स्टेट चीफ डायरेक्टर सुरेन्द्र मोहन गाबा, सुनीता गुप्ता एवं रमा तिवारी उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन खरखौदा में नीतू खोखर का किया स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

**मंगलवार को बार** एसोसिएशन खरखौदा के प्रांगण में वकीलों द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन खरखौदा की सदस्य नीतू खोखर का हरियाणा न्यायिक सेवाओं में चयन होने पर स्वागत किया गया। इस मौके पर विक्रांत सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सूर्य करण चौधरी सिविल जज जूनियर डिवीजन भी मौजूद रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन खरखौदा के



वकीलों ने नीतू खोखर के स्वागत में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप दहिया एडवोकेट ने की और नीतू खोखर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। बार एसोसिएशन खरखौदा में पहुँचने पर बार प्रधान कमल शर्मा एवं समस्त कार्यकारी ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर नीतू खोखर का स्वागत किया।

# 2 लाख 11 हजार 111 विद्यार्थियों ने दी सड़क सुरक्षा नियमों की परीक्षा

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला यातायात पुलिस ने शिक्षा विभाग के साथ मिलकर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला में स्कूल, कॉलेज स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता परीक्षा कराई। जिसमें जिला के सभी स्कूल कॉलेजों के 2 लाख 11 हजार 111 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने स्वयं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया और



विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। जिला के 751 स्कूल व 19 कॉलेज व औद्योधिक प्रशिक्षण संस्थानों में परीक्षा का आयोजन करवाया गया। परीक्षा चार लेवल पर करवाई गई। प्रथम लेवल में कक्षा तीसरी से पांचवी, दूसरे लेवल में कक्षा छठी से आठवीं, तीसरे लेवल में कक्षा नौवी से बाहरवीं और चौथे लेवल में कॉलेज व औद्योधिक प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा में यातायात से संबंधित लेवल एक में 20, दूसरे में 25 व तीसरे व चौथे लेवल में 30 प्रशन शामिल किए गए थे। सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता को लेकर सभी विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा प्रति वर्ष स्कूल/कॉलेज स्तर पर आयोजित करवाई जाने वाली ट्रैफिक क्वीज कंपीटिशन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ट्रैफिक नियमों के बारे ज्यादा से ज्यादा जानकारी देना व इनके प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना हैं। एसपी लोकेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे देश, प्रदेश मे प्रतिदिन सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही है। इन हादसों मे काफी लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है, वही हादसों में सबसे ज्यादा 16 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा की संख्या होती है। इसलिए युवा वर्ग ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक होगा तो इन हादसों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि स्कूल, कॉलेज स्तर पर आयोजित की गई उक्त परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी खंड स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में हिस्सा लेंगे। इसी प्रकार खंड स्तर के बाद जिला स्तर, रैंज स्तर और प्रदेश स्तर पर परीक्षा में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# स्वदेशी से सशक्त होगा स्वावलंबी भारत अभियान : सोमनाथ

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि स्वदेशी से ही स्वावलंबी भारत अभियान सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वदेशी आधारित देश को प्रथम स्थान पर रखते हुए अपना व्यवसाय प्रारंभ करेंगे तो स्वावलंबन भारत अभियान को बड़ी ताकत मिलेगी। वे स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान कुरुक्षेत्र द्वारा श्रद्धेय राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में यूआईईटी के प्रांगण में स्वदेशी स्वावलंबन दिवस ह्जिला सम्मेलनह्न के लिए आयोजित



कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर डॉ. रणवीर सिंह, कार्यक्रम संयोजक ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं परिचय करवाया। इसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वावलंबन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि देश में 37 करोड़ युवा है तथा जिस तरीके से युवा उद्यमिता को लेकर आगे बढ़ रहे हैं तो 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था 10ट्रिलियन डालर हो जाएगी। भारतीय अर्थव्यवस्था नए कीर्तिमान स्थापित कर देश को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर करेगी। इसी कड़ी में मुख्य वक्ता डॉ. प्रीतम सिंह, निदेशक डॉ. बीआर अंबेडकर स्टडी सेंटर ने श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जीवन चरित्र पर दृष्टि डालते हुए कहा कि आर्थिक जगत के बड़े आर्थिक चिंतक रहे और अपने ज्ञान और कृतत्व से दो बार राज्यसभा सांसद रहे। अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय चिंतक के रूप में जाना गया है। उन्होंने अपने जीवन काल में स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तथा विश्व स्तर के मंचों की स्थापना की। दत्तो पंत जी प्रारंभ से ही ह्राष्ट्र भक्ति, स्वदेशी जीवन शैली आधारित स्वरोजगार के पक्षधर रहे है।

उन्होंने कहा कि आज युवाओं को स्वरोजगार निर्माण पर बल देना चाहिए इसलिए युवाओं को स्वावलम्बी भारत को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, स्लोगन राइटिंग, और कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें दिव्या ने दिव्या, तमन्या द्वितीय व मुस्कान ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. देवेंद्र बीबीपुरिया, डॉ राजरतन, अर्चना शर्मा एवं तरुण जोशी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 14 शिकायतें

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। मंगलवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 14 शिकायतें आई, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 4 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ.



वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां कुल 7 शिकायतें आई, जिनमें से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं तरावड़ी नगरपालिका कार्यालय में एक शिकायत आई, जिसका मौके पर निवारण कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में 2 शिकायत आई, इनका भी मौके पर समाधान कर दिया गया। वहीं बीडीपीओ कार्यालय, करनाल में 1 शिकायत आई, जो अभी लंबित है।

## न्यूज फ्लैश

### युवाओं से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन, 15 नवंबर अंतिम तीथि: डीसी

पानीपत, (कमाल हुसैन)

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्रालय ने सामाजिक कार्यों, पर्यावरण संरक्षण, और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 से 29 वर्ष के युवाओं और संबंधित संगठनों के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना, युवाओं को समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना और समाज सेवा सहित राष्ट्रीय विकास के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देना है। आवेदन की प्रक्रिया 15 नवंबर 2024 तक चलेगी। पुरस्कार के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, जिससे न केवल उनकी प्रेरणादायक कहानी देश भर में पहचानी जाएगी बल्कि अन्य युवाओं को भी सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरणा मिलेगी। पुरस्कार पोर्टल का लिंक एचटीटीपीएस://अवार्ड्सडॉटजीओवीडॉटइन/ है। व्यक्तिगत पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 1,00,000/– रुपए तथा संस्था को 3,00,000/– रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं: डीसी

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। डीसी ने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़ी जानकारी के लिए कोई भी पात्र महिला हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय में संपर्क कर सकती है।

### विद्यार्थियों को तनाव मुक्त जीवन और भविष्य से संबंधित काउंसलिंग की गई

समालखा: गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा की विद्यार्थियों को तनाव मुक्त जीवन और भविष्य से संबंधित काउंसलिंग की गई। इसमें गीता यूनिवर्सिटी नौल्था पानीपत से आए प्रोफेसर अशोक पांचाल और प्राची शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। क्योंकि स्वास्थ्य शारीरिक मानसिक और सामाजिक तत्वों का संतुलन है। यह जीवन के गुणवत्ता को प्रभावित करता है। हल्ड के मुताबिक ज्यादा से ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियां फल नियमित शारीरिक व्यायाम और पर्याप्त नींद रहनी चाहिए।

# मेगा ट्रैफिक क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन)

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में लोकेन्द्र कुमार ( आईपीएस ) पुलिस अधीक्षक पानीपत के दिशानिर्देश में और कॉलेज एनएसएस यूनिट्स की देख-रेख में मेगा ट्रैफिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल और कॉलेज के सभी संकायों के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और सुरेश सैनी डीएसपी के सानिध्य में आयोजित की गई । एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, डॉ एसके वर्मा और प्रो मनोज कुमार ने लिखित प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सक्रीय हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में ट्रैफिक नियमों पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न पूछे गये और जिस विद्यार्थी के सबसे अधिक सही जवाब आयेंगे उसे विजेता घोषित कर अगले इंटर-कॉलेज चरण में भाग लेने का अवसर मिलेगा । प्रतिभागियों को लिखित प्रतियोगिता में जवाब देने के लिए एक घंटे का समय दिया गया ।



ट्रैफिक चिन्हों को पहचानना, विभिन्न विकट परिस्थितियों में क्या करना चाहिए, वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए आदि पर आधारित सवाल विद्यार्थियों से पूछे गए । विदित रहे कि क्विज प्रतियोगिता के इस अभियान की शुरूआत उस समय के पुलिस महानिरीक्षक शत्रुजीत कपूर आईपीएस की प्रेरणा से 2013 में शुरू हुई और आज यह अभियान रिकॉर्ड भागीदारी का अनूठा उदाहरण बन गया है और इसे लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी स्थान मिला है । पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों और शिक्षा विभाग के सांझा प्रयासों से इस प्रतियोगिता में अब तक रिकॉर्ड संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया है। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता की बात है । विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से अधिक लोग प्रतिवर्ष मृत्यु को प्राप्त हो जाते है जिसमे से डेढ़ लाख से अधिक मौते तो सिर्फ अपने देश में होती है । हरियाणा में यह संख्या 52 हजार के लगभग है और पानीपत जिला इससे बिल्कुल भी अछूता नहीं है । जैसा युवा होगा वैसा ही राष्ट्र होगा और हर युवा आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शक होता है । नियमों पर चलना बहुत बड़ी बात है और इतिहास गवाह है कि जो देश नियमों पर चले उन्होंने तरक्की के नए आयाम स्थापित किये है । समय आ गया है कि युवा सड़क पर न सिर्फ खुद संभलकर चले बल्कि अपने आस-पड़ोस में रहने वालों को भी ऐसा करने के लिए मजबूर करे । इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ट्रैफिक एंड हाइवेज हरियाणा सरकार और एसपी पानीपत के प्रयासों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटना के ग्राफ को कम करने की जिम्मेदारी अब युवाओं को पूरा करनी है । सरकार केवल कानून बना सकती है परन्तु धरातल पर कार्य तो युवाओं को ही करना होगा । इसी उद्देश्य से इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सुरेश सैनी डीएसपी ने कहा कि निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना गुण हर युवा में होना चाहिए क्यूंकि जैसे हम खुद है वैसे ही समाज का तो निर्माण होगा। सड़क पर सुरक्षा वर्तमान का सबसे ज्वलंत मुद्दा है और सड़क पर हर इंसान की जान को बचाना और संजोना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सात दिन एनएसडी रंगमंडल और रास कला मंच के होंगे नाटक



टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में 13 से 19 नवंबर तक 14वां चलो थियेटर उत्सव मनाया जा रहा है। सफीदों के रास कला मंच के सौजन्य से एनएसडी रंग मंडल और अलग-अलग राज्यों के रंगकर्मी अंतराष्ट्रीय स्तर के नाटकों का मंचन करेंगे। मुंशी प्रेमचंद सहित प्रसिद्ध लेखकों के लिखित उपन्यासों एवं नाटकों पर आधारित थियेटर का मंचन होगा। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रास कला मंच की ओर से पाइट में चलो थियेटर उत्सव मनाया जाता है। यह 14वां उत्सव है। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं हरियाणा कला परिषद कुरुक्षेत्र का महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। थियेटर उत्सव के माध्यम से पानीपत शहर के नागरिकों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मंचीय कला से रूबरू कराया जाता है। यह जीवंत कला है, जिसमें कोई रीटेक नहीं होता। रास कला मंच के रंग निर्देशक रवि मोहन ने बताया कि 13 नवंबर को माई री का से कहूं नाटक से थियेटर उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद 14 नवंबर को बाबू जी, 15 नवंबर को लैला मजनूं, 16 नवंबर को बंद गली का आखिरी मकान, 17 नवंबर को ताज महल का टेंडर, 18 नवंबर को कहन कहनी कहन और 19 नवंबर को दरारें नाटक का मंचन होगा। डीन डॉ.बीबी शर्मा ने कहा कि 16 नवंबर को प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे। 17 नवंबर को ताज महल का टेंडर नाटक का निर्देशन एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी करेंगे।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी जमीनी स्तर पर करें करवाई

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन)

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है आगामी समय में धुंध की संभावना भी धीरे-धीरे बढ़ेगी ऐसे में सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर प्रशासन ठोस प्रयास करेगा। उपायुक्त ने कहा कि जहां-जहां जरूरत है वहा वहां सडकों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करें, ट्रैफिक नियमों तोड़े वालों पर सख्ती बरतें। नेशनल हाईवे पर अवैध रास्तों का निर्माण करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करे ताकि दुर्घटनाओं पर लगाम कसी जा सके। उपायुक्त ने एनएचएआई तथा लोक निर्माण विभाग व सभी सडक निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सफेद पट्टी लगाना सुनिश्चित करें ताकि कोहरे के मौसम में सडक हादसों को रोका जा सके। इसके साथ ही सभी सडकों के किनारे झड़ियों को भी हटवाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को सडक पर आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी।

## श्याम बाबा का जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )

समालखा श्याम बाबा का जन्मदिन केक समालखा में मनाया 25 किलो का केक समालखा एम एल ए मन मोहन भड़ाना मन्दिर में पहुंच कर शामबाबा मन्दिर में माता टेका व केक काट कर जन्म दिन मनाया साथ में प्रधान रोशन लाल व मन्दिर पुजारी मौजूद थे पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था ट्रैफिक को गांव के बाहर रोका बनाई पैदल भक्तों के लिए व्यवस्था श्री श्याम बाबा के शीश का दान फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की द्वादशी को इस तपोभूमि पर हुआ था इसलिए फाल्गुण में यहां विशाल मेला लगता है श्री श्याम बाबा का देवउठनी एकादशी को जन्मदिन मनाया गया चुलकाना धाम में चारों तरफ भक्तों की भीड़ लगी रही भक्तों ने खूब खरीददारी की प्रसाद फूल माला बाबा की तस्वीरें खरीदी कलयुग में घर घर पूजा जायेगा ये वरदान है बर्बरीक को खुद भगवान श्री कृष्ण ने दिया था चुलकाना में तुम्हारा धाम बनेगा हारे हुए भक्तों का तुम सहारा बनोगे श्याम बाबा के जन्मदिन पर मंदिर परिसर को फूल मालाओं और





रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है श्री शाम सेवा मण्डल द्वारा भण्डारे का आयोजन किया भोड़वाल माजरी रोड पर विशाल संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें श्याम जगत के कलाकारों ने चुलकाना धाम की महिमा का गुणगान किया श्री श्याम बाबा का कोलकाता के मशहूर फूलों से 151 मालाओं से श्रृंगार किया गया श्री श्याम बाबा की समालखा, पानीपत , गोहाना, सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, सफीदों, हिसार, मेरठ, शामली, गनौर, दिल्ली आदि अनेक स्थानों से रथयात्रा चुलकाना धाम में पहुंची यात्रा में पुष्प वर्षा इत्र वर्षा आदि भक्तों द्वारा की गई।इस अवसर पर प्रधान रोशन लाल, प्रवीन सिंगला, प्रदीप बंसल राकेश गोयल विपीन सदीप प्रदीप अशोक नन्दकिशोर राजेश सोनू, रब्बू, रवि, संदीप, पंकज, अमित, रितिक, आदी, मोनू, पोखर, कुल्लू, अंकित,गौरव,सनी,विकास, नवनीत, सावन, सोनू शर्मा छ आदि मौजूद रहे।

## अम्बाला में बनाया जाएगा सुविधाओं से सुसज्जित आईएमटीः डीसी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि अम्बाला में सरकार की तरफ से हर प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित बेहतरीन इन्डस्ट्रियल मॉडल टाउनशीप (आईएमटी) बनाया जाएगा। इस टॉउनशीप के लिए एचएसआईआईडीसी को अम्बाला शहर के तीन गांवों की करीब 850 एकड़ जमीन उपयुक्त लगी हैं। इस टॉउनशीप के लिए ई-भूमि पोर्टल पर 426 किसानों ने



करीब 2076 एकड़ जमीन ऑफर की हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अम्बाला में इन्डस्ट्रियल टॉउनशीप बसाने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया हैं। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार के आदेशानुसार एचएसआईआईडीसी ने किसानों से जमीन उपलब्ध करवाने के लिए ऑफर किया। इस ऑफर के बाद अम्बाला शहर के गांव नग्गल के किसानों ने करीब 300 एकड़, नडियाली के किसानों ने करीब 513 एकड़ और गांव खैरा के किसानों की लगभग 23 एकड़ जमीन आईएमटी के लिए उपयुक्त लगी हैं। इस जिले के लगभग 426 किसानों ने 2076 एकड़ जमीन आईएमटी प्रोजेक्ट के लिए ऑफर किया हैं। उन्होंने कहा कि एचएस आईआईडीसी की तरफ से आईएमटी प्रोजेक्ट के लिए 6000 एकड़ जमीन अम्बाला जिले में खरीदने के लिए किसानों को अवसर दिया हैं। इस जमीन के लिए 2076 एकड़ भूमि किसानों ने बेचने के लिए सहमति दी है और इसमें से एचएसआईआईडीसी को 850 एकड़ जमीन प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त लगी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोजैक्ट को लेकर 30 जुलाई 2024 को चण्डीगढ़ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक का भी आयोजन किया गया था। इस बैठक में इन तमाम पहलुओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में यह विषय सामने आया कि प्रशासन की तरफ से अम्बाला में जमीन का कलेक्टोरेट 34 लाख रूपए प्रति एकड़ है लेकिन किसानों ने जमीन के भाव ज्यादा लगाए हैं।

## समाधान शिविर में 26 शिकायतों का किया गया समाधानः सचिन गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगर निगम में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन करके लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा हैं। इस समाधान शिविर में 26 शिकायतों का समाधान किया गया हैं। उन्होंने यहां जारी आज प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में मंगलवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी



व नई आईडी बनवाने के लिए 34 लोगों ने आवेदन किए। इनमें से 26 आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। इन समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। इन शिविरों में सभी अधिकारी मौके पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते हैं। इसलिए इन शिविरों का नागरिकों को अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर नगर निगम से सम्बधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## मुफ्त बिजली योजना को अपनाकर अपने घरों को करें रोशनः डी.सी.

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इससे अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अंत्योदय एवं सभी पात्र परिवारों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत 29 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की थी। इस योजना के लिए सरकार द्वारा 75021 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है और इस योजना को 2026-27 तक पूर्ण रूप से अमलीजामा पहनाना एवं



निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी घरेलू कनेक्शन के लिए मान्य है। सभी आम उपभोक्ता इस योजना का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है और यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। इस योजना की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सामान्य श्रेणी के सभी नागरिकों को भारत सरकार की योजना के तहत निम्न प्रकार से सबसिडी दी जाएगी जिसे सीएफए कहा जाता है। इस योजना के तहत एक किलो वाट पर 30 हजार रुपए की सबसिडी, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपए की सबसिडी और तीन किलोवाट पर 78 हजार रुपए की सबसिडी दी जाती है जोकि सीधा उपभोक्ता के बैंक खाते में भेजी जाती है। यदि कोई उपभोक्ता तीन किलो वाट से ऊपर सोलर पैनल लगवाते है तो भी केवल 78 हजार रुपए तक ही सबसिडी दी जाएगी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पानीपत के अधीक्षण अभियंता धर्म सिंह सुहाग ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को और बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा अतिरिक्त सबसिडी का भी लाभ दिया जा रहा है जोकि अंत्योदय परिवार पर लागू है। इस योजना का लाभ लेने के लिए, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के पोर्टल पर आवेदन करना होता है और इस अतिरिक्त सबसिडी को एस.एफ.ऐ. कहा जाता है। इच्छुक उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किए जा रहे हैं और प्राथमिकता के आधार पर सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत जिला में करीब 500 से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जा चुका है।

## आर्य कॉलेज में रोड सेफ्टी जागरूकता परीक्षा का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

आर्य कॉलेज की रेड क्रॉस इकाई एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में रोड सेफ्टी जागरूकता परीक्षा का आयोजन करवाया गया। परीक्षा में कॉलेज के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कॉलेज की रेड क्रॉस इकाई के प्रभारी डॉ. विजय सिंह, प्राध्यापक अमित सिंह, सुरेंद्र कुमार, ललित कुमार, दीपक कुमार, प्राध्यापिका अंजु शर्मा व खुशबू सहित सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। पानीपत जिले के एसपी के लोकेंद्र सिंह ने रोड सेफ्टी परीक्षा के लिए आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों को



शुभकामनाएं प्रेषित की और अपने संदेश में युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं का अपने साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी रोड सेफ्टी व यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसे बहुत से युवा हैं जो यातायात के नियमों का पालन कम करते हैं।

**जागरुक किया**


**विद्यार्थी अपनी पढाई के साथ-साथ समय-समय पर यातायात के नियमों की जानकारी ले**

यातायात के नियम हमारी व दूसरों की सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं में विद्यार्थियों को जरूर भाग लेना चाहिए, ऐसी परीक्षाओं से विद्यार्थियों को हर प्रकार की नई-नई जानकारियां मिलती है। पानीपत पुलिस से डीएसपी ट्रैफिक सुरेश कुमार ने परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता से वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने कहा की परीक्षा में कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया जो हमारे समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में ज्यादार प्रश्न यातायात सम्बंधी व सामान्य ज्ञान पर आधारित थे। कॉलेज के राजनीतिक विभाग के प्राधयापक अमित सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थी अपनी पढाई के साथ-साथ समय-समय पर यातायात के नियमों की जानकारी ले कर अपने आस-पास के लोगों को भी ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करतेरहना चाहिए।

## युवा महोत्सव में भाग लेने वाले विद्यार्थी 15 नवम्बर तक करवाएं पंजीकरणः भूपेन्द्र सिंह

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ब्वॉज) के प्रिंसिपल भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नवम्बर माह में होने वाले जिला स्तरीय युथ फेस्टिवल 2024 में भाग लेने वाले विद्यार्थी अब 15 नवम्बर 2024 तक ऑनलाइन प्रणाली से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला स्तरीय युथ फेस्टिवल 2024 में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की तिथि विभाग द्वारा 15 नवम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है (गुगल शीट) में भी भाग लेने वाले प्रतिभागी का डाटा भरते हुए माई भारत पोर्टल पर यूथ अपना



रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस फॉर्म की हार्ड कॉपी व संबंधित दस्तावेज सहित ( 10वीं कक्षा की मार्क शीट, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और बैंक पासबुक की कॉपी व एक पास पोर्ट साईज रंगीन फोटो फॉर्म के साथ अटैच कर उस फॉर्म पर जिस भी प्रतिष्ठान (स्कूल, कॉलेज एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का छात्र या छात्रा है उसकी स्टाम्प हस्ताक्षर सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में भिजवाए ताकि इवेन्ट वाईज डाटा तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करवाएं ताकि जिला अंबाला के यूथ फेस्टिवल 2024 को शानदार व भव्य तरीके से मनाया जा सके। हरियाणा का स्थाई निवासी है और वह किसी संस्थान में नहीं पड़ता है तो ऐसे छात्र व छात्रा को सीधा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में उस्त दस्तावेज सहित भेजे उसे संस्थान द्वारा ओपन एन्ट्री में प्रतिभागी बनाया जाएगा ।

# शिक्षा विभाग के सहयोग से संपन्न हुई यातायात नियमों की परीक्षा: वरूण सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : करीब** 1080 स्कूलों /कॉलेज के करीब 1.5 लाख विद्धार्थियों ने दी परीक्षा । पुलिस महानिदेशक हरियाणा व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में यातायात नियमों को लेकर स्कूल एवं कॉलेज स्तरीय यातायात परीक्षा की मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1080 स्कूलों/कॉलेज के करीब 1.5 लाख विद्यार्थियों ने दी यातायात नियमों पर आधारित परीक्षा। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला के मार्ग-दर्शन में जिला में यह परीक्षा करवाई गई इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधीकारी रोहताश वर्मा से तालमेल करके स्कूल स्तर तैयारी करवाई गई। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर 2024 को हुई इस परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर परीक्षा को लेकर प्लान तैयार किया था। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 नवम्बर 2024 को सुबह समय 11 से 12 बजे तक जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1080 स्कूलों/कॉलेज में हुई परीक्षा में जिला के करीब 1.5 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया । उन्होंने बताया कि यह परीक्षा चार स्तर में करवाई गई पहले स्तर में कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थी, दुसरे स्तर में कक्षा 6 से 8, तीसरे स्तर में कक्षा 9 से 12वीं तथा स्तर 4 में कॉलेज, आई टी आई व बहुतकनीकी कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद ब्लॉक स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर परीक्षा ली जाएगी । ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले सभी श्रेणियों के छात्र/ छात्रओं को जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीया आने वाले विद्यार्थियों को पुलिस विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाऐगा तथा राज्य स्तर पर भाग लेने वाले छात्र/छात्राऔ को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है।

# पगड़ी हरियाणा की लोक सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक: प्रो. महासिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : पगड़ी हरियाणा** की लोक सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। पगड़ी का मानव जीवन से गहारा नाता है। पगड़ी की शुरूआत का रिश्ता मानव की सभ्यता एवं उसके विकास से जुड़ा हुआ है। इसका इतिहास हजारो वर्ष पुराना है। यह उद्गार लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने धरोहर में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित पगड़ी एवं धोती बांधने की कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि लोक जीवन में पगड़ी को पग, पाग, साफा, खंडवा, खंडका, शीषकाय, मोलिया, पेचा आदि नामों से जाना जाता है। भगवान शिव की जटाओं से पगड़ी की शुरूआत हुई। यह परम्परा हुणों, शकों, महाराजा हर्षवर्धन, मुगलकाल के माध्यम से आधुनिक काल तक पहुंची। डॉ. पूनिया ने बताया कि पगडी संस्कार हैं, पगड़ी परम्परा है, पगड़ी संस्कृति है, पगड़ी मान-सम्मान है, पगड़ी सामाजिक प्रतीक है, पगड़ी हमारी धरोहर व विरासत है। उन्होंने कहा कि धरोहर में पगड़ी एवं धोती बांधने की कार्यशाला पहली बार आयोजित की जा रही है इससे युवा पीढ़ी को लाभ मिलेगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रो. नीलम ढांडा ने कहा कि धरोहर के माध्यम से पगड़ी एवं धोती बांधने की कला युवाओं को जहां एक ओर रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी वहीं पर दूसरी ओर लोक सांस्कृतिक परम्पराओं से जोड़ेगी।

## न्यूज फ्लैश

### नहर में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में सौंकड़ा** गांव के पास भाखड़ा नहर में एक युवक का शव मिला है। मृतक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान जसपाल सिंह पुत्र बलबीर सिंह के रूप में हुई है, जो पटियाला के गज्जू माजरा का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गोताखोर प्रगट सिंह को ब्राह्मण माजरा से नहर में शव मिलने की सूचना मिली थी। उस वक्त वह एक शादी के कार्यक्रम में शामिल थे, लेकिन सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शुरूआती अंदेशा था कि कपड़ों के आधार पर शव किसी छात्र का हो सकता है, लेकिन शव बाहर निकालने पर यह एक युवक का शव निकला, जिसने डब्बे वाली शर्ट और नीली पैंट पहनी हुई थी। प्राथमिक दृष्टि से यह सुसाइड लग रहा हैं। मौके पर पहुंचे ईआरवी इंचार्ज कप्तान सिंह ने बताया कि नहर में मिले शव के पास से एक आधार कार्डए कुछ नकदी और बाइक की चाबी मिली है। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान जसपाल सिंह के रूप में हुई है। शव दो से तीन दिन पुराना है। फिलहाल शव को पहचान के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### दो युवतियां संदिग्ध हालात में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** में दो युवतियों लापता हो गई। एक युवती कैमिस्ट शॉप से दवाई लेने के लिए निकली थी, जबकि दूसरी युवती आईटीआई से अपना सर्टिफिकेट लेने के लिए गई थी, लेकिन घर वापिस नहीं पहुंची। परिजनों ने आसपास के एरिया में तलाश की। दोनों का कुछ भी नहीं पता चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के मेरठ रोड पर रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन 10 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे घर से कैमिस्ट से दवाई लेने के लिए निकली थी, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आई। हर जगह उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इंद्री थाना के एक गांव की 21 वर्षीय युवती लापता हुई। पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी बेटी 11 नवंबर को घर से आईटीआई करनाल से सर्टिफिकेट लेने के लिए गई थी, जो वापिस घर नहीं पहुंची। वह अपनी बड़ी बहन के साथ इंस्टाग्राम पर किसी अंजान नंबर से संपर्क कर रही थी। दोनों मामलों में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। दोनों की तलाश की जा रही है।

### गांव अंजनथली के पास तालाब में गिरी कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के अंजनथली** गांव के पास एक आई-20 कार असंतुलित होकर तालाब में पलट गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। रवि अपने परिवार के साथ कहीं गया था और वहां से घर लौट रहा था। हादसा घर से 50 मीटर दूर हुआ। कार में दो बच्चों समेत चार से पांच लोग सवार थे। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और सभी को बाहर निकाला। सीट बेल्ट लगी होने के कारण रवि खुद को छुड़ा नहीं सका और उसकी मौत हो गई। सोमवार शाम को रवि पुत्र सूबे सिंह आई-20 कार में घर आ रहा था। वह गांव से थोड़ी दूरी पर था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार में रवि के पिता सूबे सिंह, पड़ोसी नरेश और रवि के परिवार के दो छोटे बच्चे सवार थे। कार नरेश की थी और रवि चला रहा था। जैसे ही कार गांव के बाहर तालाब के पास से गुजरी तो कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे तालाब में जा गिरी और पलट गई। हादसा देख वहां अफरा-तफरी मच गई। तुरंत लोगों ने तालाब में छलांग लगा दी और सभी को बाहर निकालना शुरू कर दिया। बच्चों को भी बाहर निकाल लिया गया। बाकी दो लोगों को भी बाहर निकाल लिया गया, लेकिन रवि ने सीट बेल्ट बांध रखी थी, जिसके कारण पानी में बेल्ट नहीं खुल पाई और बेल्ट को चाकू से काटना पड़ा। इसके बाद रवि को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन कार के नीचे दबने के कारण रवि की मौत हो गई। बुटाना थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि हादसा अंजनथली के पास हुआ है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। अन्य लोगों को कार से बाहर निकाल लिया गया है। शव को करनाल के मॉच्युरीं हाउस में रखवा दिया गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**



**गुमथला गढू के** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज शामिल हुए। साथ ही कुरुक्षेत्र जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य रामराज कौशिक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। सतीश भारद्वाज ने छात्रों को योजना की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा में नए अवसर खोलती है।

**छात्रवृत्ति योजना की मुख्य शर्तें**

सतीश भारद्वाज ने योजना की पात्रता शर्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थी कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी होने चाहिए। किसी अन्य छात्रवृत्ति का लाभ नहीं ले रहे हों। 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होने चाहिए और वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम हो। 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए अंक की कोई सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**विशिष्ट अतिथि का संदेश**

कुरुक्षेत्र जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेरे गांव और पिहोवा विधानसभा के लिए गर्व का विषय है। मैं सभी छात्रों से अपील करती हूं कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। चेयरमैन कंवलजीत कौर ने सभी जानकारियों को दोबारा से बच्चों से पूछ कर बच्चों की जानकारी को दुरुस्त किया।यह कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।"

# रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : हरियाणा** पुलिस विभाग द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र में रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय रोड सेफ्टी रूल्स एंड रेगुलेशंस रहा। इस प्रतियोगिता में कुल 100 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान कविता देवी बी ए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान गायत्री बी ए प्रथम वर्ष ने और तृतीय स्थान यशिका धीमान और मानसी बीसीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. गगनदीप कौर ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियम और सिग्नल के बारे में जागरूक करना था। प्रतियोगिता के सफल समापन पर प्रिंसिपल ने हरियाणा पुलिस विभाग और ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन टीम के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर रोड सेफ्टी एंड ट्रैफिक इंटरप्रिटेशन सेंटर नोडल अधिकारी पूजा भौरिया ने विजेता छात्राओं का बधाई दी और छात्राओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

# दुकान मालिक के नाम पर मैनेजर से सेटिंग कर करवाया 5 लाख का लोन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक** शख्स ने बैंक मैनेजर के साथ मिलीभगत कर दुकानदार के नाम पर फर्जी दस्तावेजों से 5 लाख रुपए का लोन ले लिया। सीएचडी सिटी निवासी राजेश कुमार की दुकान के नाम पर आरोपी अनिल कुमार ने बैंक मैनेजर से साठगांठ कर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन उठाया, जबकि राजेश को इसकी भनक तक नहीं थी। राजेश को लोन का पता तब चला, जब बैंक से उन्हें रिकवरी का कॉल आया। घटना ने बैंकिंग सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। मामले में पुलिस ने अनिल कुमार और बैंक मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित राजेश का आरोप है कि अनिल कुमार ने बैंक मैनेजर गौरव के सहयोग से उनकी दुकान का झूठा दस्तावेज तैयार कर लोन प्राप्त किया।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद जब राजेश ने अनिल से संपर्क किया तो अनिल ने उन्हें धमकाया और एससी एक्ट में फंसाने की चेतावनी दी। राजेश का कहना है कि वह पिछले 4 साल से सीएचडी सिटी करनाल में परी यूनिसैक्स सैलून चला रहे हैं और यह दुकान किराए पर ली हुई है।

उन्होंने कभी किसी तरह का लोन नहीं लिया है और न ही इसके लिए किसी बैंक से संपर्क किया था।

# श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा प्रकाश उत्सव: कवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्री गुरु नानक देव** जी महाराज जी का प्रकाश उत्सव 13 से 15 नवंबर तक बड़े ही श्रद्धाभाव एवं उत्साह के साथ धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली किरमिच रोड तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में मनाया जाएगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने इस समागम की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यह जानकारी संस्था के प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने दी। उन्होंने बताया कि समागम को लेकर कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई है। प्रकाश उत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली में 13 नवंबर को सुबह श्री



गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का अखंड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर संस्था की कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर सहित शहर की अलग-अलग धार्मिक जत्थेबंदियों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगें। उन्होंने बताया कि १५ नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग उपरांत ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में कीर्तन समागम होगा। इससे पहले 14 नवंबर को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली से शुरू होने वाले इस महान नगर कीर्तन में जिला भर से भारी गिनती में संगत शिरकत करेंगी। यह नगर कीर्तन किरमिच रोड, चनारथल रोड, ढिल्लो कालोनी, अकाश नर्सरी, गोबिंदगढ़, सलारपुर रोड, रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, अंबेडकर चौक, छोटा बाजार, सिकरी चौक, शास्त्री मार्किट, बिड़ला मंदिर चौक से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में देरसायं संपन्न होगा। प्रवकता के मुताबिक 15 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में धार्मिक दीवान सजाया जाएगा, जिसमें भाई तरसेम सिंह का ढाडी जत्था, भाई सुखजीत सिंह हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब, भाई मलिंदर सिंह हजूरी रागी, भाई बेअंत सिंह हैड ग्रंथी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, भाई हरकरण सिंह ग्रंथी, भाई जगसीर सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, भाई सूबा सिंह हजूरी रागी, कथावाचक भाई गुरदास सिंह संगत को गुरबाणी व सिख इतिहास से जोड़ेंगें। इसके साथ ही 15 नवंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही सातवीं में अमृत संचार करवाया जाएगा, जिसमें प्राणी अमृतपान कर गुरसिख सजेंगें।

# आयुष्मान एक महत्वाकांक्षी योजना: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयुष्मान भारत योजना के दृष्टिगत निजी अस्पतालों के चिकित्सकों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेते हुए समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त नेहा सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निजी अस्पतालों के चिकित्सकों को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रार्थी को जो चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है वे उस सुविधा को बेहतर समन्वय के साथ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना करे। आयुष्मान भारत योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और हम सबका दायित्व बनता है कि इस योजना के तहत जो भी प्रार्थी है उन्हें समय रहते इस योजना का लाभ उपलब्ध करवाए। बैठक के दौरान निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने इस योजना के तहत कुछ मामलों में मरीजों के इलाज से सम्बन्धित भुगतान में देरी होने बारे और साथ ही साथ जो इलाज किया गया है उसका पैकेज भी कम होने बारे अपनी समस्या रखी।

उपायुक्त ने सम्बन्धित को कहा कि इस योजना के तहत उनकी जो समस्याएं और सुझाव है उन पर सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जाएगा। बैठक के दौरान उप सिविल सर्जन डा. रमेश सभ्रवाल ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में आयुष्मान योजना के तहत 37 निजी अस्पताल व 18 सरकारी अस्पताल पैनल पर पंजीकृत है। आयुष्मान योजना के तहत इन अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सम्बन्धित पात्र प्रार्थियों का इलाज भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में निजी अस्पतालों के जो समस्याएं एवं सुझाव आए है उस बारे मुख्यालय को अवगत करवाया जाएगा ताकि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को समय रहते लाभ मिल सके।

# विचार गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का कुरुक्षेत्र में होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र में** राष्ट्रीय शैक्षिक विचार गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षा सागर फाउंडेशन के तत्तवावधान किया जाएगा।कार्यक्रम संयोजक सुशीला जांगड़ा ने बताया कि गीतस्थली कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 14 और 15 नबम्बर, 2024 को किया जा रहा है। जिसमें 20 राज्यों के 150 नवाचारी , कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न प्रदेशों ने आने वाले शिक्षक अपने द्वारा किए गए श्रेष्ठ शैक्षणिक कार्यों, सहायक शिक्षण सामग्री, शिक्षा में नवाचार, ई-अधिगम, बेस्ट प्रैक्टिस, आनन्दायक शिक्षण गतिविधियों को अन्य शिक्षकों के साथ साझा करेंगे।कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, शिक्षण में चुनोतियाँ, विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे शैक्षिक कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था बैरागी धर्मशाला, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक नजदीक ब्रह्मसरोवर में की गई है।दो दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए शिक्षक विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ अपने प्रदेश की संस्कृति की रंग बिरंगी छटा बिखेरेंगे।

# इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल के लिए केयू टीम रवाना

## 14 सांस्कृतिक विधाओं में 56 युवा कलाकार करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को आईबी कॉलेज पानीपत में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल के लिए केयू टीम रवाना हुई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूटीडी एवं आईआईएचएस के युवा कलाकारों की टीम एवं कंटीजेंट इंचार्ज सहित अगुवाई करने वाले सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने केयू टीम को रवाना करने से पहले केयू परिसर स्थित महादेव के मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन के जितने अवसर मिलते हैं उनका पूरा लाभ उठाकर शैक्षणिक संस्थान का नाम रोशन करना चाहिए। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि छात्र कलाकारों की टीम मंगलवार को 8 एकल इवेंट व 6 ग्रुप इवेंट में प्रतिभागिता करेंगी जिसमें 56 विद्यार्थी कलाकार सहित 27 संगतकार शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि केयू यूटीडी व आईआईएचएस के युवा कलाकार कोरियोग्राफी, हरियाणवी ऑरकेस्ट्रा, ग्रुप सोंग हरियाणवी, क्लासिकल डांस सोलो, संस्कृत ड्रामा, क्लासिकल इंस्ट्रुमेंट सोलो स्वर वाद्य व ताल वाद्य, फोक इंस्ट्रुमेंट हरियाणवी सोलो, फोक सोंग हरियाणवी सोलो, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, क्विज तथा सांग प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस अवसर पर टीम के साथ कंटीजेंट इंचार्ज डॉ. हरविन्द्र सिंह लोंगोवाल, डॉ. मीनाक्षी सुहाग तथा डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. जया, डॉ. पूनम डबास, डॉ. दिविज गुगनानी, डॉ. वीर विकास, डॉ. राज रतन व शिखा मौजूद रहे।

# दुर्गा शक्ति हरियाणा पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**




**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मंगलवार को विभाग के विद्यार्थियों को दुर्गा शक्ति हरियाणा पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभाग की अध्यक्ष प्रो. वनिता ढींगरा ने समाज कार्य विभाग की तरफ से दुर्गा शक्ति का स्वागत किया। मंजीत कौर व दीपक कुमार द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि दुर्गा शक्ति एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद इसका इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। एप स्वतः ही बैकअप नंबर महिला पुलिस थाना 1091 पर कॉल फॉरवर्ड करेगी। इससे कॉलर की लोकेशन थाने के नंबर पर स्वतः दिखाई देगी और कॉल कटने पर कॉलर की लोकेशन एप में सेव हो जाएगी। दुर्गा वाहन महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से शहर के प्रमुख स्थानों पर तैनात होता है। उन्होंने बताया कि 112 आपातकालीन सेवाओं के लिए एक सामान्य टेलीफोन नंबर है. यह नंबर, पुलिस, एम्बुलेंस, और अग्निशमन सेवाओं से जुड़ी आपात स्थिति में मदद के लिए डायल किया जाता है।

# फ्लड विभाग का बरसाती नाला भी नही रहा कब्जे से अछूता: बसंत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जहां एक ओर** लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते राज्य और केंद्र सरकार लाखों करोड़ों रूपए पानी की तरह बहा देती है, वहीं दूसरी ओर कुछ दबंग लोग अपने रसूख के बल पर उन सुविधाओं को जनता से छीन लेते है। यहां पर हम बात कर रहे हैं राजधानी बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 की।





**शिकायत के बाद प्रशासन ने लगाया बोर्ड:** क्षेत्रीय निवासी व अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक व बिल्डर की मिलीभगत से ग्राम सभा की जमीन पर न्यू हरित विहार कॉलोनी भी काटी जा रही है, जिसमें क्षेत्र के लोगों द्वारा संबंधित प्रशासन को शिकायत की गई जिसके बाद प्रशासन ने ग्राम सभा कि जमीन को चिन्हित करके बोर्ड लगाया।

**क्षेत्र में बिल्डर का चलता है दबदबा:** बसंत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय बिल्डर विधायक संजीव झा का काफी करीबी है जिसके चलते बिल्डर की क्षेत्र में दबंगई भी काफी चलती है। जिसके चलते प्रशासन भी बिल्डर पर हाथ डालने से गुरेज करता है।

**बरसाती नाला भी कब्जे से नही रहा अछूता:** अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह ने बताया कि वेस्ट कमल विहार मे न्यू हरित विहार नाम से कॉलोनी काटी जा रही है। वहीं बसंत ने बताया कि दिल्ली कॉलोनी में जो भी प्लॉटिंग की जा रही है वह पूरी तरह से अवैध है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्थित बरसाती नाला जिसको जिसको बुराड़ी क्रीक भी कहा जाता है, जो कि फ्लड विभाग के अधिन आता है, जिसपर मिट्टी के डंपर डालकर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब इस नाले पर कब्जा करने की कोशिश की गई हो, इससे पूर्व भी कब्जा करने प्रयास किया जा चुका है।

**सरकारी भूमि पर कब्ज़ा, शासन-प्रशासन मौन:** मामले मे हैरान करने वाली बात यह है कि फ्लड विभाग के अंतगर्त आने वाले इस बरसाती नाले पर खुलआम अवैध रूप मिट्टी डालकर ढककर कब्ज़ा किया जो रहा है और संबधित शासन-प्रशासन से लेकर विधायक संजीव झा तक चुपी साधे बैठे है।

मामले में जब क्षेत्रीय विधायक से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो विधायक ने सवालों के जवाब देने से बेहतर फोन कट करना समझा।



**अधिवक्ता बसंत कुमार सिंह:** बिल्डर कपिल गोयल विधायक का करीबी है जिससे कि प्रशासन भी उसपर हाथ डालने से डरता है। विधायक संजीव झा को मामले में कई बार शिकायत भी दी गई। लेकिन उन्होंने मामले को ठंडे बस्ते मे डालकर मामले से पल्ला झाड लिया। बिल्डर ने इस नाले में कॉलोनी के छोटे-मोटे सीवर भी इस बरसाती नाले मे खोल दिया है, जिससे गटर का पानी भी बह रहा है जिस कारण गंदा पानी यमुना नदी में जा रहा।

# बायोफ्यूल मिश्रण से देश के आयात बिल में हो सकेगी 91 हजार करोड़ रुपये की बचत: हरदीप पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय पेट्रोलियम** और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि बायोफ्यूल मिश्रण के माध्यम से देश आयात बिल में 91 हजार करोड़ रुपये की बचत कर सकता है और इस पैसे का उपयोग कृषि क्षेत्र के लाभ के लिए किया जा सकता है। बेंगलुरु में 27वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर बायोफ्यूल मिश्रण में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत समय से काफी पहले अगले साल में ही 20 प्रतिशत बायोफ्यूल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल कर लेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी रिफाइनरियां ??हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रही हैं, देश ग्रीन हाइड्रोजन के लक्ष्य को पाने में सफल होगा। मंत्री ने कहा कि भारत की ऊर्जा मांग 2047 तक ढाई गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की कच्चे तेल शोधन क्षमता 400 से 450 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक पहुंच गई है, जो वैश्विक औसत का एक तिहाई है।

**लक्ष्य**

**भारत समय से काफी पहले अगले साल में ही 20 प्रतिशत बायोफ्यूल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल कर लेगा**

उन्होंने कहा कि 2070 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश को अपने प्रयासों को दोगुना करना होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और प्रौद्योगिकी नवाचार को ऊर्जा क्षेत्र में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना चाहिए। तीन दिवसीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया गया है। सम्मेलन में 1200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसमें 60 पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

सम्मेलन में 23 एक्जीबिटर्स अपनी नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने वर्ष 2023-24 के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा दिए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा कुशल तकनीक पुरस्कारों का वितरण किया।

# बुराड़ी: बस स्टैंड के अभाव में बसों के लिए बेबस मुसाफिर: दीपक गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बस स्टैंड के** अभाव में, बसें सड़क पर खड़ी रहती हैं और इससे ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र जहां बस स्टैंड की कमी की वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले समाज सेवी व नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक दीपक गुप्ता ने बताया कि पिछले दस सालों मे भी आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक संजीव झा हर मौके पर फेल सबित हुए है, क्योंकि पिछले दस साल बीत जाने के बाद भी



बुराड़ी के लोगों को एक बस स्टैंड की सुविधा तक मुहैया नही करवा पाए है, जिसके चलते यात्रियों को रोज़ाना खासा परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है।

**बस स्टैंड का अभाव यात्रियों के लिए चुनौतीपूर्ण:** दीपक गुप्ता ने कहा कि बस स्टैंड के अभाव में बस से सफर करने वाले मुसाफिर बेबस हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग की लापरवाही व क्षेत्रीय विधायक संजीव झा की कामचोरी के चलते तेज बारिश और तपती धूप में यात्रियों को खुले में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। कुछ बसें रुक जाती हैं तो ज्यादातर ठेंगा दिखाकर बिना रुके सीधे निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को बसों के इंतजार में परेशान होना पड़ता है।

**तपती धूप, बारिश में बसों का रहता है इंतजार:** दीपक गुप्ता ने बताया कि बुराड़ी चौक से लेकर मुखमेल पुर तक लगभग दस किलोमीटर के तक के बस स्टैंड के अभाव में आज भी क्षेत्र के सैकड़ों लोग प्रतिदिन सड़क की बीच में खड़े रहकर बसों का इंतजार करने पर विवश है, जिसके चलते ओर तो सड़कों पर जाम लग जाता है तो दूसरी ओर उनकी जान को भी खतरा बना रहता है। महिलाओं और बच्चों को बारिश और तपती धूप में बसों के इंतजार में खुले में खड़े रहने से काफी दिक्कत होती है। अक्सर बारिश की स्थिति में यात्री भीग जाते हैं और व्यवस्था को कोसते हुए रह जाते हैं।

# अखिल भारतीय कोली समाज का चुनाव संपन्न, वीरेंद्र कश्यप बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अखिल भारतीय** कोली समाज द्वारा आयोजित चुनाव में हिमाचल प्रदेश के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप (राष्ट्रीय अध्यक्ष) निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी, हरियाणा के नानक चन्द को 33 मतों से पराजित किया। कुल पड़े 45 मतों में से वीरेंद्र कश्यप को 39 और नानक चन्द को 6 मत प्राप्त हुए । यह चुनाव मनोनीत निर्वाचन अधिकारी, हि.प्र.कोली समाज के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष तथा वर्तमान में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, उत्तम सिंह कश्यप के नेतृत्व में दिव्यांश चावड़ा एडवोकेट (गुजरात), हेमंत कुमार माहौर एडवोकेट (दिल्ली) एवं नरेश माहौर (दिल्ली) द्वारा






सम्पन्न कराया गया । चुनाव प्रक्रिया में 16 प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । चुनाव से पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत भाई एन0 पटेल की अध्यक्षता में सुबह 10:00 प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा भगवान बुद्ध, संत शिरोमणि कबीर साहब एवं वीरांगना झलकारी बाई के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए एवं दिल्ली प्रदेश कमेटी द्वारा सभी सम्माननीय उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उसके उपरांत राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का संचालन (राष्ट्रीय महामंत्री) डी0 पी0 शंखवार एवं मनु भाई चावड़ा द्वारा किया गया। चुनाव के संबंध में सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया। मुख्य रूप से विचार रखने वालों में सर्व नानक चंद (हरियाणा), रूप सिंह कोली (राजस्थान), नंदलाल भारती (उत्तर प्रदेश) देवराज कोली पूर्व निगम पार्षद (दिल्ली प्रदेश) मनोहर लाल (छत्तीसगढ़ प्रदेश), के. हनुमंत राव (तेलंगाना प्रदेश) दत्तात्रेय रेड्डी कर्नाटक प्रदेश ), डॉ0 वाई0एन0 वर्मा (राजस्थान प्रदेश), चंद्रसेन कोली (उत्तराखंड प्रदेश) सुनील कछवाय, कुंवर जी कोठार (मध्य प्रदेश), योगेंद्र कुमार (दिल्ली प्रदेश), संतोष दास (दिल्ली प्रदेश), अमरचंद शलाठ (हिमाचल प्रदेश), अमरनाथ (चंडीगढ़ इकाई ) परेश कोली (महाराष्ट्र प्रदेश), जगदीश सिंह (हिमाचल प्रदेश), बलवंत शाक्य (मध्य प्रदेश), भगवानदास शंखवार (उत्तर प्रदेश) आर0 भूपति (तेलंगाना प्रदेश) द्रोपदी कोली (राजस्थान प्रदेश) महादेव बुवा (महाराष्ट्र प्रदेश), हरीश चंदावत जी (दिल्ली प्रदेश), दिगंबर दास पाटनवाला (दिल्ली प्रदेश) दयानंद कोली (दिल्ली प्रदेश) विश्व प्रकाश (दिल्ली प्रदेश) विजय कुमार जी (दिल्ली प्रदेश) परशराम (चंडीगढ़ इकाई ) वीरेंद्र कश्यप (हिमाचल प्रदेश), सत्यनारायण पवार (मध्य प्रदेश) हरिशंकर माहौर (उत्तर प्रदेश) अंत में अजीत भाई एन0 पटेल द्वारा अपने विचार रखें एवं उसके उपरांत चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई एवं चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत चुनाव अधिकारी उत्तम सिंह कश्यप जी द्वारा वीरेंद्र कश्यप पूर्व सांसद शिमला को (राष्ट्रीय अध्यक्ष) पद के लिए विजयी घोषित किया गया। उसके उपरांत सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों एवं विभिन्न प्रदेशों के उपस्थित सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को बधाई देते हुए पगड़ी,पुष्प हार आदि से जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया । इस मौके पर देवराज कोली ने कहा कि मैं नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्रें कश्यप जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उनके नेतृत्व में कोली समाज भारत देश में और अधिक मजबूत होगा।

# गोपाल राय प्रदूषण कंट्रोल पर बिल्कुल गम्भीर नही: कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की पर्यावरण मंत्री गोपाल राय प्रदूषण कंट्रोल पर बिल्कुल गम्भीर नही वह केवल प्रदूषण पर बोलकर रोज समाचारों में बने रहना चाहते हैं। मंत्री गोपाल राय ने आज तक यह नही बताया की उन्होने दिल्ली में विंटर प्रदूषण के दो सबसे बड़े कारणों पंजाब में पराली जलने से रोकने पर पंजाब सरकार से मिलकर क्या कदम उठाये और दिल्ली में टूटी सड़कों से उठने वाली धूल को रोकने के लिए आज तक क्या ठोस काम किया है।



दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की मंत्री गोपाल राय ने जन जागृति के नाम पर एक छलावा कार्यक्रम में आज सचिवालय के गाड्र्स को हीटर बांटे जिनके पास तो पहले ही विभागीय हीटर उपलब्ध रहते हैं। मंत्री गोपाल राय ने यह हीटर वितरण केवल फोटो छपवाने के लिए किया क्योंकि लकड़ी की बायो बर्निंग जिसे रोकना होता है वह सरकारी गार्ड नही ठंड मे सड़कों पर रहने वाले मजबूर गरीब लोग करते हैं जिनके पास हीटर चलाने के लिए बिजली कनेक्शन नही होते।

**मंत्री को घेरा**

**दिल्ली में टूटी सड़कों से उठने वाली धूल को रोकने के लिए आज तक क्या ठोस काम किया है**

# बीएसईएस पावर डिस्कॉम्स के कामकाज में घोटाला: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और बीएसईएस के दो पावर डिस्कॉम्स के कामकाज में घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सेहरावत, प्रवीण खंडेलवाल और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर भी शामिल थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मेमोरेंडम सौंपने के बाद



कहा कि दिल्ली के तीन पावर डिस्कॉम्स एक सी शर्तों पर बिजली खरीदते और बेचते हैं, लेकिन एक लाभ में है जबकि अन्य दो नुकसान में हैं और वे दिल्ली सरकार की दो पावर जनरेशन कंपनियों प्रगति पावर और इंद्रप्रस्थ पावर को अपने बकाया का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए। सचदेवा ने कहा कि बीएसईएस डिस्कॉम्स द्वारा नियामक संपत्तियों को बनाए रखने और दिल्ली सरकार की बिजली कंपनियों के बकाया का भुगतान न करने पर दिल्ली सरकार की चुप्पी इस ओर संकेत करती है कि दिल्ली सरकार की इसमें मिलीभगत हो सकती है और सत्ताधारी दल को किक बैक मिल रहे हों। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बीएसईएस डिस्कॉम्स पिछले 11 वर्षों से बिजली बेचते समय घाटे का हवाला देकर नियामक संपत्तियाँ बना रही हैं, जो राष्ट्रीय विद्युत टैरिफ नीति का उल्लंघन है, फिर भी दिल्ली सरकार ने इसका लाइसेंस रद्द नहीं किया है। टैरिफ दिशा-निर्देश कहते हैं कि नियामक संपत्तियाँ केवल अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में ही पोस्ट की जा सकती हैं। बीएसईएस की एक सहयोगी कंपनी ने ओडिशा में भी यही कोशिश की थी, जहाँ राज्य सरकार ने तुरंत उसका लाइसेंस रद्द कर दिया, लेकिन दिल्ली में यह खेल जारी है। विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आज उपराज्यपाल को प्रस्तुत किए गए तथ्य स्पष्ट रूप से आम आदमी पार्टी सरकार की घातक भूमिका की ओर इशारा करते हैं। जाहिर है कि केजरीवाल सरकार अपने निजी भागीदारों के साथ मिलकर पावर डिस्कॉम्स में जनता के धन की लूट में शामिल है। विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार और बीएसईएस पावर डिस्कॉम्स में भागीदार हैं, इसलिए राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कोई भी सरकार अपने भागीदार द्वारा नुकसान दिखाने पर चुप क्यों रहेगी, जबकि एक अन्य भागीदार बड़ा लाभ कमा रहा है।

# नरेला : धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव, श्याम के रंग में रंगा नरेला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलयुग के देवता कहे जाने वाले बाबा श्री श्याम का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इसके पश्चात केक काटकर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खाटू श्याम की कहानी महाभारत के योद्धा बर्बरीक से जुड़ी है। बर्बरीक को भगवान श्री कृष्ण ने 'श्याम' नाम







दिया और आशीर्वाद दिया कि कलयुग में उनकी पूजा श्याम के रूप में की जजाएगी। माना जाता है कि बर्बरीक ने महाभारत युद्ध में अपने निस्वार्थ भाव के कारण अपने सर का दान भगवान श्री कृष्ण को दिया था। उनके बलिदान की इस घटना के कारण उन्हें उन्हें अमृतव प्राप्त हुआ। और श्री कृष्ण ने भविष्यवाणी की कि उनके सिर की पूजा कलयुग में श्याम के नाम से होगी। ऐसा कहा जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से श्याम बाबा का स्मरण करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्तों का विश्वास है कि श्याम बाबा हर प्रकार के संकट से मुक्ति दिलाते हैं और उनकी कृपा से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। खाटू श्याम, हारे का सहारा आदि नाम से जाने, जाने वाले भगवान श्री श्याम का जन्मोत्सव भक्त पूरे देश में श्रद्धा व धूमधाम से मनाते हैं। इसी कड़ी में नरेला में श्री श्याम मस्ताना मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री श्याम सदन से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई शाम सदन में संपन्न हुई वहां शाम भक्तों ने विधि विधान से महा आरती कर भोग लगाया और केक काटकर हैप्पी बर्थडे श्याम बाबा के जयकारों के साथ श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष डीजे की मधुर धुनों पर काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे खाटू वाले का जन्मदिन आया है जैसे धार्मिक गीतों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का श्याम भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मंगल आरती उतार कर स्वागत किया। शोभायात्रा में खाटू श्याम जी की भव्य झाँकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी को सुंदर फूलों से सजाया गया था। इस दौरान पूरा नरेला क्षेत्र श्याममय नजर आया। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में शालिका अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, रामा खत्री,पूर्ण भगत, डा. एस पी जून, महाबीर गोयल, विवेक अग्रवाल, जितेंदर सेठी, राजेश पौधार, आशीष गोयल गौरव जैन, परवीन गोयल, मनीष गोयल,अंकित बंसल,अमित बंसल, राहुल, संदीप सहरावत,तक्षू गोयल, ममता, मधु गोयल,कविता अग्रवाल,प्रियंका शर्मा, प्रियंका गोयल, स्नेहा गर्ग, कंचन गोयल, ममता रीवाल,अंशिका अग्रवाल, रुपाली,एनम अग्रवाल,रितु, नंदिनी सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# वाराणसी में खाटू श्याम का मना जन्मोत्सव, निकाली गयी शोभा यात्रा

## खाटू श्याम का रंग बिरंगी फूलों से अलौकिक झांकी सजी, श्याम चालीसा पढ़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: कार्तिक माह शुक्ल** पक्ष की एकादशी यानि देव उठनी एकादशी पर मंगलवार को लक्सा स्थित श्याम मंदिर में खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव में प्रभु के विग्रह को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया। दरबार में रात 8:00 बजे से भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। रात 12 बजे प्रभु का जन्मदिन केक काटकर मनाया जायेगा। रात में ही मक्खन मिश्री का भोग लगाकर भक्तों में वितरण होगा। इसके पहले 11 दिवसीय निशान शोभायात्रा के अन्तिम दिन श्याम नाम गूंज के साथ मैदागिन स्थित पातालेश्वर



मंदिर से श्री श्याम ध्वजा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भजन कीर्तन के बीच भक्तों ने गाया 'हारे हारे हारे हारे का सहारा तू..., मोर छड़ी लहराई रे..., सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है। गीत की धुनों पर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तिभाव से झूमते रहे। बैंड बाजे में श्याम नाम की धुन गूंज रही थी। रास्ते भर भजन लहर लहर लहराई रे श्याम ध्वजा लहराई रे... की धुन गूंजती रही। शोभा यात्रा में फूलों से सजी गाड़ी पर भगवान कृष्ण रूपी प्रभु श्याम की तैलीय चित्र रखा गया था। यह गाड़ी शोभा यात्रा में आगे-आगे चल रही थी। इसके पीछे समाज की महिलाएं, पुरुष, बच्चे श्याम ध्वजा लिए चल रहे थे। महिलाएं सजी थाली लिए चल रही थीं। रथ पर राधा कृष्ण और शंकर पार्वती गणेश जी की जीवन्त झांकी चल रही थी। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने भगवान के तैलीय चित्र और शोभा यात्रा पर पुष्प अर्पित किया। शोभा यात्रा बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में जाकर समाप्त हुई। इसके बाद प्रभु के चरणों में निशान अर्पण की गई। प्रभु की आरती उतारी गई। श्याम चालीसा पढ़ा गया। शोभा यात्रा में दीपक बजाज, अजय खेमका, संदीप शर्मा, सुरेश तुलस्यान, पवन

**भोग**

**▶▶ रात 12 बजे प्रभु का जन्मदिन केक काटकर मनाया जायेगा। भोग लगाकर भक्तों में वितरण होगा**

# वाराणसी : बड़ागांव में विवाहित बेटी के घर आए अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या

## घर के बाहर सो रहा था, तभी जानलेवा हमला हुआ, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी**

**बड़ागांव थाना** क्षेत्र के साधोगंज चिमटिया गांव में बेटी के घर आए अधेड़ पिता की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वारदात के समय अधेड़ बेटी के घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। छानबीन और पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बड़ागांव भरतपुर गांव के जगरनाथ पटेल (55)अपनी बेटी की ससुराल चिमटिया गांव आए हुए थे। जगरनाथ पटेल के दामाद विनोद का पास के बाजार में स्थित बीयर की दुकान पर सोमवार की शाम किसी बात को लेकर सोनपुरवा गांव के रिंकू, परमेश, रमेश एवं अनिल पटेल आदि से विवाद हो गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझा कर वहां से हटा दिया। इसके बाद विनोद रिश्तेदार के गांव में दावत में शामिल होने चला गया। आरोप है कि देर शाम विनोद के घर दूसरे पक्ष के लोग उसे मारने के लिए पहुंच गए। घर के बाहर विनोद के ससुर जगरनाथ पटेल को सोता देख गलतफहमी में उसे सब लाठी डंडे से पीटने लगे। चीख पुकार सुन विनोद के घर के लोग और पड़ोसी जुटे तो हमलावर वहां से भाग निकले। परिजन आनन-फानन में जगरनाथ को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत जगरनाथ के दामाद ने आरोपितों के खिलाफ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दिया है। बड़ागांव थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कांशीराम कॉलोनी में कोचिंग शिक्षक की हत्या, कॉलोनी में मचा हड़कंप

**बांदा**

**यूपी के** बांदा में शहर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर नगर मोहल्ले में स्थित काशीराम कॉलोनी में कोचिंग टीचर की धारदार हथियार से मंगलवार को तड़के नृशंस कर दी गई। परिजनों ने सुबह 5 बजे आवास के नीचे सीढ़ियों के पास उसे घायल अवस्था में देखा। घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से कॉलोनी में हड़कंप मच गया। काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 47 के कमरा नंबर 737 में रहने वाला सुभाष उर्फ अजय निगम (37) पुत्र स्वर्गीय कृष्ण बिहारी निगम अपनी पत्नी सना और तीन बच्चों के साथ रहता था। वह पहले कोचिंग में पढ़ाने का काम करता था लेकिन इधर कुछ दिनों से रेलवे में टिकट रिजर्वेशन के लिए दलाली का काम करता था। उसके पास दो फोर व्हीलर गाड़ियां भी हैं, जिसे किराए पर उठाकर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करता था। लोगों का कहना है कि उसने अपनी पहली हिंदू पत्नी को छोड़कर 9 साल पहले मुस्लिम युवती सना से विवाह कर लिया था। जिससे परिवार वालों ने उसे घर से निकाल दिया था। जिसके कारण वह काशीराम कॉलोनी में रह रहा था। मृतक की सास रजिया ने बताया कि अजय अपने बेटे के साथ सोया था रात को 11 बजे तक उसने टीवी देखी, इसके बाद परिवार के सभी लोग सो गए थे। वह रात में कब कमरे से बाहर निकाल कर नीचे पहुंच गया किसी को नहीं पता चला। सुबह परिवार के कुछ लोग कम्हारिया में एक उर्स में गए थे और अजय की गाड़ी ले गए थे। वह सुबह 5 बजे लौटे तो आवास के नीचे एक व्यक्ति को पड़े देखा। मोबाइल की रोशनी से पहचाने की कोशिश की, तो पता चला कि खून से लथपथ अजय पड़ा हुआ था। उन्होंने आकर हमें सूचना दी तब घटना की जानकारी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची जांच पड़ताल की। इसके बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में क्षेत्राधिकारी नगर अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह 6.30 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति काशीराम कॉलोनी में अपने आवास के नीचे घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जिसे देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के सिर पर गंभीर चोट थी जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

### घर से भट्टे की लेवर लेने बरेली गया युवक लापता

मथुरा।

**कस्बा** नौहझील से घर से भट्टे की लेवर लेने बरेली गया युवक लापता हो गया। परिजनों द्वारा तहरीर इलाका पुलिस को दी गई है। जानकारी देते हुए शरीफ निवासी कुम्हारों वाला मोहल्ला नौहझील ने बताया कि आठ नवंबर शुक्रवार को भाई शमशाद उर्फ चमन पुत्र अल्लाह मैहर घर से भट्टे के लिए लेबर लेने बरेली गया था।उसी रात 9 बजे फोन से बात पर बदायूं पहुंचना बताया और एक घंटे में बरेली पहुंचने की बात कही। उसके बाद से भाई का नंबर बंद और अभी तक घर वापस नहीं आया है।घटना के संबंध में भाई द्वारा तहरीर इलाका पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर, तलाश की जा रही है।

### बंदरों के आतंक से परेशान हैं लोग

**मथुरा।**

**हाईवे स्थित** आम्रपाली कान्हा हाउसिंग सोसाइटी में बंदरों का आतंक बढ़ने लगा है। जिसके चलते वहां रह रहे लोग अपने फ्लैट में कैद होने को मजबूर हैं। आए दिन बंदर वहां रह रहे लोगों पर हमला कर देते हैं। जिससे किसी बड़ी घटना होने का भय बना रहता है। आलम यह है कि सुबह टहलने जाने के लिए भी लोगों को साथ छड़ी लेकर जाना होता है। कान्हा हाउसिंग सोसाइटी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बंदर आए लोगों के समान को छीन कर ले जाते हैं। बंदरों के आतंक के चलते बच्चों को भेजना भी मुश्किल हो रहा है। अचानक से इतनी संख्या बढ़ गई है कि बंदर चारों तरफ नुकसान करने पर तुले हुए हैं। आम्रपाली कान्हा हाउसिंग सोसाइटी की लोगों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़े जाने की मांग की है।

## छात्राओं ने पॉलिथीन के बहिष्कार की ली शपथ

**वाराणसी**

**मछोदरी** स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर के महन्त स्वामी प्रेम स्वरूप दास के आह्वान पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। सामाजिक संस्था सुबहे बनारस के कार्यकताओं ने मैदागिन स्थित श्री हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में छात्राओं को पॉलिथीन के खतरे को बताया। इसके इस्तेमाल न करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका तिवारी ने कहा कि पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बने पॉलिथीन पर हाईकोर्ट के रोक के बाद भारत सरकार ने भी इस पर पूरी तरह से

# मथुरा में ढाबे पर चाय पी रहे शख्स का दिन दहाड़े अपहरण

## दिनदहाड़े हुई वारदात सीसीटीवी में हुई कैद, फायरिंग करते भाग निकले बदमाश

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। छटीकरा** राधाकुण्ड रोड पर ढाबे पर बैठकर चाय पी रहे व्यक्ति का कार सवार नकाबपोश दिनदहाडे अपहरण कर ले गए। ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। अपहृत के नाम करोड़ों की जमीन है। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा राधाकुंड रोड पर राल के समीप ढाबा पर बैठकर चाय पी रहे व्यक्ति का ऑल्टो सवार नकाबपोश अपहरण कर ले गए। परिजनों द्वारा अपहरणकताओं को रोकने का प्रयास किया तो ऑल्टो सवार लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। अपहरण कर ले जाते हुए की घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक कर अपहरणकताओं की खोजबीन में जुट गई है। अपहरण किए गए व्यक्ति के चचेरे भाई ने थाना जैंत पर भूमाफियाओं के खिलाफ तहरीर दी है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव राल निवासी सुमेर सिंह 60 वर्षीय पुत्र दीपा मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे अपने घर के पास बने ढाबा पर बैठकर चाय पी रहा था। वहां उसका मौसेरे भाई व उनके लड़के भी उपस्थित थे, तभी ऑल्टो कार वहां आकर रुकी और उसमें से तीन नकाबपोश



युवक उतर कर आए। कुर्सी पर बैठे सुमेर सिंह को गोदी में उठाकर गाड़ी में डाल लिया और कार दौड़ा दी। मौसेरे भाई व उनके लड़के विरोध करने के लिए गाड़ी की तरफ दौड़े तो आरोपियों ने उन पर फायरिंग कर दी। अपहरण की सूचना मिलते ही जैंत पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारियां जुटाकर आरोपियों की धर पकड़ में जुट गई है। चचेरे भाई ने दी तहरीर थाना जैंत पर दी तहरीर में पीड़ित के चचेरे भाई श्याम सिंह पुत्र रामभरोसी ने बताया कि सुमेर सिंह के नाम छटीकरा राधाकुंड रोड पर लगभग तीन करोड़ रुपए की कीमत की जमीन है। जिस पर भूमाफियाओं की नजर है। ऑल्टो

सुबह राल गांव से सूचना प्राप्त हुई कि सुमेरा जो व्यक्ति हैं उनको आल्टो जो व्यक्ति आये थे अपने साथ ले गये हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने चेकिंग कराई है। जो इनपुट मिला है उसके आधार पर एक टीम हमारी राजस्थान में गई है। जो बात सामने आ रही है जमीन को लेकर आपस में विवाद था। वह विवाद हम वेरीफाई करा रहे हैं। जल्दी हम उनको बरामद कर लेंगे। इस मामले में कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस की तीन चार टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

**डा. अरविंद कुमार, एसपी सिटी**

# जनता से माफी मांगे सपा मुखिया, अपराधी विधायक की वजह से हो रहा है चुनावः प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर : सपा** मुखिया अखिलेश यादव कानपुर की जनता को बताएं कि नजीर फातिमा नाम की मुस्लिम महिला के मकान कब्जा करने की नीयत से आग लगाने में दोषी पाए गए उनके दल के विधायक को वह सही मानते हैं या गलत। उन्हें सीसामऊ की जनता से माफी मांगनी चाहिए। यह बात मंगलवार को मीडिया से भारतीय जनता पार्टी कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने कहा कि वह बताये की बांग्लादेशी घुसपैठियों को आधार कार्ड बनवाकर उनके विधायक द्वारा नागरिकता दिलाने को सही मानते हैं या गलत। वह बताएं कि फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करना सही है या गलत। अपने जन्मदिन पर उनके विधायक द्वारा तिरंगा का केक काटना राष्ट्र का अपमान है कि नहीं है। विधायक रहते मेडिकल कॉलेज कानपुर में छात्रों और प्राचार्य के साथ घंटों गुंडागर्दी और मारपीट करना सही है या गलत। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा तत्कालीन एमडी केस्को रितु माहेश्वरी के साथ अभद्रता करना गलत है या सही। उनके विधायक द्वारा दर्शन पुरवा में दंगा कराना गलत है या सही,

उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टर समिति के समय कानपुर में राष्ट्रपति महोदय के आगमन पर दंगा फैलाना सही है या गलत । ऐसे अनेकों विषय को रखकर प्रकाश पाल ने कहा कि सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी द्वारा वनखंडेश्वर मंदिर में जलाभिषेक की नौटंकी की गई अगर वह नौटंकी नहीं है तो मेरा आग्रह है कि बुधवार को अखिलेश यादव मुस्लिम क्षेत्रों में 125 मंदिरों में कब्जा करके रखा गया है, क्या वह वहां जाकर भोलेनाथ पर जल चढ़ाने का कार्य करेंगे।

## बलदेव सेहत मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य से ग्रामीण असंतुष्ट

**मथुरा।** शासन द्वारा स्वीकृत बलदेव से सेहत तक रोड निर्माण एवं सुंदरीकरण के लिए सरकार द्वारा लगभग 56 करोड रुपए स्वीकृत किए थे। स्वीकृत होने के बाद करवाई संस्था द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया लेकिन जिस प्रकार कार्य होना चाहिए कार्यदाई संस्था द्वारा मनको की अनदेखी कर कार्य में लीपा पोती की जा रही है। निर्माण में लगभग चार पुलिया निर्माण रोड का निर्माण रोड चौड़ीकरण के साथ साथ सौंदरीकरण का भी कार्य होना है लेकिन जिस कार्य संस्था को यह कार्य सौंपा गया है। कार्यदाई संस्था मानकों की अनदेखी कर कार्य में लीपा पोती कर रही है।

## एबीबी इंडिया ने ऐतिहासिक फरीदाबाद प्लांट को अपग्रेड किया

**फरीदाबाद।** एबीबी इंडिया का आईईसी एलवी मोटर का बिजनेस देश में कंपनी की सबसे पुरानी मैन्युफैक्चिरिंग इकाई का विस्तार और नवीकरण कर रहा है। 1951 में शुरू हुई यह इकाई अब अपग्रेडेड शॉपफ्लोर के साथ एक विस्तारित आधुनिक कार्यस्थल बन गई है। आईईसी एलवी मोटर्स को भारतीय उद्योगों के वर्कहॉर्स के रूप में जाना जाता है। सस्टेनेबिलिटी को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, 36,000 वर्ग मीटर में फैली फरीदाबाद फैक्ट्री ने इस लक्ष्य के अनुरूप प्रणालियों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसने रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल को अपनाया है और कम कार्बन उत्सर्जन हासिल करने के लिए इस संयंत्र की ऊर्जा खपत में सुधार किया है। अपने संचालन से स्कोप 2 जीएचजी उत्सर्जन को समाप्त करने के लिए आरई100 ग्लोबल कमिटमेंट की प्राप्ति 2023 में 180 मेगावाट घंटे की इनहाउस सौर ऊर्जा उत्पादन सहित अक्षय बिजली के इस्तेमाल से प्राप्त की गई थी। पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के प्रति इस फैक्ट्री के समर्पण ने इसे भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) से 'प्लेटिनम स्तर की ग्रीन फैक्ट्री बिल्डिंग' सर्टिफिकेशन दिलाया है। संजीव अरोड़ा, प्रेसिडेंट – मोशन बिजनेस, एबीबी इंडिया ने कहा "फरीदाबाद इकाई का हाल ही में हुआ उद्घाटन और निरंतर अपग्रेडेशन न केवल हमारी दीर्घकालिक विरासत में एक बड़ा मील का पत्थर है, बल्कि टेक्नोलॉजी और स्थिर विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। सप्लायर बेस के लोकल इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए हमारी साझेदारी, हमारी मजबूत उपस्थिति में शामिल है। यह इकाई हमारे कम ऊर्जा खपत वाले आईई 3 और आईई 4 मोटर्स में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फरीदाबाद से निर्मित फ्लेमप्रूफ मोटर्स जैसी विशेष मोटरें पूरे भारत में अनगिनत प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को बढ़ा रही हैं। सामुदायिक निर्माण और ऊर्जा–कुशल समाधानों में निवेश करके, हम पर्यावरण में सकारात्मक योगदान करते हुए अपने ग्राहकों की नई जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं।"




## अप्लायबोर्ड के फॉल सर्वे में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की आकांक्षाओं, वित्तीय योजनाओं तथा पढ़ाई के लिये सर्वश्रेष्ठ स्थानों पर रोशनी डाली गई

नई दिल्ली। विदेश में पढ़ाई को लेकर दुनियाभर के विद्यार्थियों की रुचि बढ़ रही है और अप्लायबोर्ड के फॉल 2024 स्टूडेंट पल्स सर्वे में शिक्षा के विकसित हो रहे परिदृश्य में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की आकांक्षाओं, अध्ययन सम्बंधी लक्ष्यों तथा वित्तीय योजना का विस्तृत विवरण दिया गया है। इस सर्वे में करीब 100 देशों के 1500 से अधिक विद्यार्थियों से सवाल किये गये थे और अपने पाँचवे संस्करण में यह सर्वे बताता है कि विद्यार्थी किस तरह से अपनी शैक्षणिक यात्रा में नीतिगत बदलावों का सामना कर रहे हैं। सर्वे में शिक्षा के लिये महत्वपूर्ण वैश्विक गंतव्यों के संदर्भ में बजट की चिंताओं और कॅरियर के लक्ष्यों पर भी रोशनी डाली गई है। सर्वे में पता चला है कि बिजनेस और मैनेजमेंट आज भी पढ़ाई के लोकप्रिय क्षेत्र हैं, क्योंकि एक–तिहाई से ज्यादा विद्यार्थी इनमें रुचि रखते हैं। लेकिन अप्लायबोर्ड के स्प्रिंग 2024 सर्वे के बाद से इन प्रोग्राम्स को लेकर रुचि घटी है। इस बदलाव का कारण विभिन्न क्षेत्रों के लिये बढ़ रही रुचि हो सकती है, क्योंकि विद्यार्थियों ने बदलती वीजा नीतियों को अपनाया है और अपने कॅरियर के विकल्पों का दायरा बढ़ाया है। इंजीनियरिंग, हेल्थ साइंसेस और कंप्यूटर साइंस जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से रुचि बढ़ी है और यह यूएस तथा यूके जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में इन क्षेत्रों की अपेक्षित वृद्धि के कारण हुआ है।

# देवोत्थान एकादशी पर पंचकोसीय परिक्रमा के लिए उमड़ा भक्तो का सैलाब

## पुलिस प्रशासन परिक्रमा मार्ग में भारी वाहनों के प्रवेश पर नहीं लगा पाया प्रतिबंध, परिक्रमार्थियों की सेवा को विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शीतल पेयजल, फलाहार आदि वितरित किए

**मथुरा।**

**देवोत्थान** एकादशी पर तीर्थनगरी वृंदावन में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करने के बाद वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा शुरू की। मंगलवार को प्रातः काल से ही परिक्रमा मार्ग पर भक्तों का रैला उमड़ पड़ा, जिससे अटूट मानव श्रृंखला बन गई। पूरी नगरी राधे राधे और बांकेबिहारीलाल के जयकारों से अनुगुंजित हो गई।मान्यता अनुसार



देवशयनी एकादशी पर पेय पदार्थ का दान अति पुण्य की प्राप्ति कराने वाला है। देवशयनी एकादशी के दिन भक्तों की निस्वार्थ सेवा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। एकादशी भगवान को अति प्रिय हैं एवं वर्ष में एक बार आने वाली यह एकादशी अति पुण्य फल प्रदान करने वाली होती है।

इसी को देखते हुए स्थान स्थान पर शिविर लगाकर भक्ति पेय पदार्थ वितरित किए गए।जिसका भक्तों ने लाभ उठाया।परिक्रमा मार्ग में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध न होने के चलते परिक्रमा करते परिक्रमार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मथुरा में 16 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

## मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मिली स्वीकृति

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मण्डलायुक्त** रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में नगरीय अवस्थापना समिति की बैठक हुई जिसमें लगभग 16 करोड रुपए की लागत से होने वाले प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। कोसीकलां शहर में ऐतिहासिक इमारत घंटाघर के पुनर्निर्माण का कार्य, मथुरा में गऊ घाट यमुना ब्रिज से सदर तिराहे तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण का कार्य, सदर तिराहे से टैंक चौराहे तक सड़क की चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण का कार्य, मथुरा




परिक्रमा मार्ग पर वॉल पेंटिंग का कार्य, गोवर्धन चौराहे से राधा गुलमोहर सोसायटी तक आरसीसी नाले के सुद्दढ़ीकरण का कार्य, यमुना ब्रिज से कृष्णापुरी तिराहे के मध्य निर्मित सड़क पर दो पुलियों की चौड़ीकरण का कार्य एवं मथुरा स्थित जवाहर बाग में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्माण कार्य की प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। वहीं पूर्व में स्वीकृत अवस्थापना निधि से होने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बरसाना क्षेत्र में जितने भी कार्य जा रहे हैं उन्हें होली त्योहार से पूर्व हर हाल में शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। वॉल पेंटिंग, लाइटिंग और फसाड लाइटिंग की डिजाइन स्वीकृत करने के बाद में ही कार्य कराया जाए। छटीकरा रोड पर लगाए गए स्कल्पचर के आसपास किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो तथा आसपास प्लांटेशन विकसित करने के निर्देश दिए। पिंक टॉयलेट का समुचित संचालन किया जाए। अनुचित गतिविधि न हो एवं कपड़े तार पर लटके नहीं होने चाहिए। ह्नजवाहर बाग में लाइट एंड साउंड शो प्रोजेक्ट में देरी होने पर अनुबंधित एजेंसी पर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए तथा वेस्ट टू वंडर पार्क को हर हाल में नवंबर माह के अंत तक शुरू करने अन्यथा अनुबंधित एजेंसी को काली सूची में डालने के कड़े निर्देश दिए गए।

# डीजे की तेज आवाज से असहज हुए ग्रामीणों ग्रामीणों ने इलाका पुलिस को दी तहरीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः कस्बा** नौहझील में डीजे संचालकों द्वारा तेज आवाज,वेस व बाइब्रेशन के साथ डीजे बजाये जा रहे हैं,जिससे तेज ध्वनि प्रदूषण के साथ ग्रामीणों को भी दिक्कत हो रही है। जिसे लेकर मंगलवार सुबह ग्रामीणों द्वारा तहरीर इलाका पुलिस को दी गई। ग्रामीणों मोरध्वज अग्रवाल, महेश शर्मा, मुन्ना लाल गुप्ता,ईश्वरी प्रसाद अग्रवाल, रामवीर सिंह, फूलचंद गुप्ता, मनीष जिंदल, यज्ञदत्त गुप्ता व राजू गुप्ता द्वारा बताया गया कि शादी-विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों में तेज ध्वनि के साथ डीजे बजाये जा रहे हैं।तेज ध्वनि का ईको सिस्टम और बेस वाइब्रेशन से बहुत तेज ध्वनि प्रदूषण किया जाता है। जिससे हृदय गति रुक जाने के कारण अकारण लोगों की मृत्यु हो रही हैं। कस्बा नौहझील में ऐसी अनेकों ध्वनि प्रदूषण डीजे के कारण लोगों की मृत्यु हो चुकी हैं तथा अनेकों लोगों को वीपी गति एवं सिरदर्द की परेशानी आम बात है।इतना ही वेस वाइब्रेशन से घरों व दुकानों का सामान गिर जाता है व कांच की खिड़कियां टूट जाती हैं।डीजे की ध्वनि प्रदूषण को भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश नियमानुसार आबादी रिहायशी इलाकों में तेज आवाज की ध्वनि का स्तर दिन में 55 डेसीबल तथा रात में 45 डेसीबल से कम होना चाहिए। नियम का उल्लंघन करने पर बीपी अधिनियम के अनुसार इनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। तहरीर इलाका पुलिस को दी गई।

**शिकायत**

**▶▶ कस्बा नौहझील में डीजे संचालकों द्वारा तेज आवाज,वेस व बाइब्रेशन के साथ डीजे बजाये जा रहे हैं**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# सांस्कृतिक विरासत को सहेजेगी सरकार: धामी

## यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह के लिए पांच लाख रुपये देने सहित अनेक घोषणाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के डामटा में आयोजित यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह के आयोजन के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही मुगरसंती पट्टी के पैंसठ गांव के आराध्य रूद्रेश्वर महाराज के डांडा देवराणा मेला को राजकीय मेले के कैलेंडर में सम्मिलित करने और टीकरा टॉप में खेल मैदान व हेलीपैड का निर्माण कराने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डामटा क्षेत्र में पॉलीटेक्निक संस्थान की आवश्यकता का आंकलन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी मंगलवार को यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में प्रतिभाग करने डामटा पहुंचे थे। सूरत स्टेडियम डामटा कांडी में आयोजित इस समारोह में हजारों की संख्या में जुटे स्थानीय लोगों ने पारंपरिक ढंग से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



किया। मुख्यमंत्री ने मेले में जुटे ग्रामीणों के साथ रवांई-जौनसार-जौनपुर क्षेत्र के पारंपरिक लोक नृत्य में भी हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री धामी ने जनसमुदाय को लोक पर्व इगास बग्वाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह के जरिए सराहनीय प्रयास किया है। राज्य सरकार इस तरह के प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री ने इस समारोह के आयोजन के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य की समृद्ध परंपराओं के संरक्षण व संवर्द्धन पर विशेष ध्यान दे रही है। खेलों से संबंधित अवस्थापनाओं एवं

**प्रोत्साहन**

**▸▸ मुख्यमंत्री धामी ने टीकरा टॉप में खेल मैदान व हेलीपैड का निर्माण कराने की घोषणा की**

सुविधाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। युवाओं की प्रतिभा व कौशल के विकास, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए इस बार के बजट में डेढ़ हजार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि का अलग से प्राविधान किया गया है।

**श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट विकसित करेगी सरकार, आर्थिकी को मिलेगा संबल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनाघाटी क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक महत्व के चलते इस क्षेत्र में पर्यटन एवं तीर्थाटन के विकास की विपुल संभावनाएं हैं। जिन्हें साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

सरकार ने यमुना घाटी क्षेत्र के धार्मिक क्षेत्रों को विकसित कर श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट विकसित करने का बीड़ा उठाया है। इसके तहत यमुना नदी के तटों पर विभिन्न प्रकार के घाट बनाकर विशेष आरती की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस तरह के प्रयासों से क्षेत्र में आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे और आर्थिकी को भी संबल मिलेगा।

**यमुनाघाटी क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण के लिए केंद्र सरकार से आग्रह करेंगे मुख्यमंत्री**

धामी ने कहा कि इस क्षेत्र के विकास को सरकार ने प्राथमिकता दी है और मुख्यमंत्री घोषणा के तहत इस क्षेत्र के लिए सर्वाधिक घोषणाएं की गई हैं। चारधाम ऑल वेदर रोड के तहत इस क्षेत्र की सड़कों के चौडीकरण के लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही है।

# महाकुंभ में पहली बार विकसित किया जा रहा चैटबॉट 'कुंभ सहायक'

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 सीएम योगी के विरासत और विकास के विजन का सबसे बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। महाकुंभ एक ओर तो विश्व की सबसे प्रचीनतम सनातन परंपराओं का वाहक है, तो वहीं दूसरी ओर आधुनिक तकनीक से जुड़ कर विकास का प्रतिमान बनता जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बन रहा है डिजिटल महाकुंभ, जो कि एआई और चैटबॉट जैसी अत्याधुनिक तकनीकि के उपयोग से श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराएगा। महाकुंभ 2025 में पहली बार एआई जेनरेटिव चैटबॉट ह्लकुंभ सहायकह्व विकसित किया जा रहा है। जो भाषिनी एप की मदद से दस से अधिक भाषाओं में श्रद्धालुओं को महाकुंभ से जुड़ी सभी जानकारियां उपल्ब्ध करवाएगा। ये चैटबॉट गूगल नैविगेशन, इंटरैक्टिव कनवरसेशन व व्यक्तिगत जीआईएफ की




**कुभ चैटबॉट**

**▸▸ सीएम योगी के विरासत और विकास के विजन को साकार करेगा "कुंभ सहायक"**

सुविधा से लैस होगा। कुंभ सहायक चैटबॉट का स्वागत स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है।

**देगा महाकुंभ से जुड़ी सभी जानकारियां**

महाकुंभ 2025 स्वयं में ही कई कीर्तिमानों का महाकुंभ बनता जा रहा है। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ में पहली बार पर ह्लकुंभ सहायकह्व चैटबॉट विकसित किया जा रहा है। जो कि विश्व की आधुनिकतम तकनीक जेनरेटिव एआई आधारित है। ये चैटबॉट महाकुंभ 2025 ऐप या व्हाट्स ऐप के द्वारा संचालित होगा। चैटबॉट महाकुंभ के दौरान आपके व्यक्तिगत मार्गदर्शक के तौर पर कार्य करेगा। चैटबॉट भाषिनी एप के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी समेत 10 से अधिक भाषाओं में महाकुंभ से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां प्रदान करेगा। ये चैटबॉट श्रद्धालुओं को लिखकर व बोलकर दोनों तरह से इनटरैक्टिव कनवरसेशन के माध्यम से जानकारियां प्रदान करेगा। चैटबॉट के माध्यम से आपको महाकुंभ के इतिहास, परंपरा समेत साधु, संन्यासी, अखाड़ा, स्नान के घाट, तिथियां, रास्ते, पार्किंग स्थल, रुकने-ठहरने के स्थान जैसी सभी जानकारियां प्रदान करेगा।

# अभ्यर्थियों की सुविधा ही यूपीपीएससी की प्राथमिकता: आयोग




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: उत्तर प्रदेश** लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा को अपनी प्राथमिकता बताया है। आयोग की परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन को लेकर अभ्यर्थियों के एक वर्ग द्वारा जताए जा रहे असंतोष पर आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि आयोग की परीक्षाओं की शुचिता एवं छात्रों के भविष्य को संरक्षित करने के उद्देश्य से परीक्षाएं केवल उन केन्द्रों पर कराई जा रही है, जहाँ किसी प्रकार की कोई गड़बड़ियों की कोई सम्भावना नहीं है। पूर्व में दूर-दराज के परीक्षा केन्द्रों में कई प्रकार की गड़बड़ियाँ संज्ञान में आयी हैं, जिससे योग्य छात्रों के भविष्य अनिश्चित्ता बन जाती है। इसे खत्म करने के लिए एवं संपूर्ण परीक्षा मेरिट के आधार पर संपन्न कराने के लिए इन केन्द्रों को हटाया गया है।

**पक्ष रखा**

**▸▸ नई परीक्षा व्यवस्था पर आयोग ने कहा, अभ्यर्थियों की मांग पर ही व्यवस्था में किया गया सुधार**

सोमवार को जारी बयान में आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा आयोजन के संबंध में शुचिता व गुणधर्मिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस अड्डा/रेलवे स्टेशन/कोषागार के 10 किलोमीटर परिधि में राजकीय एवं वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं जो पूर्व में संदिग्ध व विवादित या काली सूची में न हो, को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जा रहा है। अभ्यर्थियों की मांग पर ही परीक्षा की शुचिता एवं गुणधर्मिता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

# बाड़मेर मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, आठ छात्र सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर : बाड़मेर गर्वनमेंट** मेडिकल कॉलेज में अलग-अलग रैगिंग मामले में 14 मेडिकल छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई हैं। इसमें आठ छात्रों को हॉस्टल से सस्पेंड कर किया गया। वहीं छह छात्राओं की ओर से गलती मानने पर उन्हें चेतावनी पत्र दिया गया। कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की सोमवार को हुई मीटिंग में सभी पीड़ित और आरोपितों का पक्ष सुना गया। इसके बाद कमेटी सदस्यों से चर्चा कर सहमति से निर्णय किया गया। एंटी रैगिंग कमेटी के को-चेयरमैन व जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ.




बी.एल. मंसूरिया ने बताया कि वॉट्सऐप पर शिकायत मिली थी। सोमवार को रैगिंग कमेटी की मीटिंग में बच्चों से पूछताछ की गई। इसके बाद हॉस्टल के आठ छात्रों को कॉलेज से निष्कासित किया है। जिसमें छह छात्रों को 15 दिन व दो छात्रों को दो महीनों के लिए हॉस्टल से निकाला गया हैं। वहीं रैगिंग मामले में सभी छह छात्राओं को चेतावनी पत्र दिया है। पीएमओ मंसूरिया ने बताया कि फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स जो अभी नए एडमिशन हुए है उनकी ओर से सोशल मीडिया पर शिकायत की गई थी। जिन पर आरोप लगे है वो सेकेंड ईयर के स्टूडेंट है। पहले इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। मंसूरिया का कहना है कि अभी तक स्टूडेंट्स क्या रैगिंग की है, इसके बारे में वो बता नहीं पा रहे है। कमेटी आज फिर से बयान ले रही है। बैठक में कमेटी को-चैयरमैंन व अधीक्षक डॉ.बीएल मंसूरिया, संयोजक डॉ. दिनेश परमार, डॉ. अरविंद चंदौरा, डॉ. कुशल भरंग, डॉ. अभिजीत जोशी, डॉ. एमएल खत्री, डॉ. दीपक तंवर, डॉ. महावीर चोयल, डा. ज्योति पांडे, डॉ. अरुण डी राणा सहित सदस्य मौजूद रहे।

**सख्ती**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत की**

# निवेशकों को एक दिन में लगी 5.34 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली: विदेशी** निवेशकों की बिकवाली और कंपनियां के कमजोर तिमाही नतीजे की वजह से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई और दोनों सूचकांकों को खरीदारों का सपोर्ट भी मिला, लेकिन पहले घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, वजह से दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट आ गई। सेंसेक्स 1.03 प्रतिशत और निफ्टी 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# आयुर्वेद कुंभ संयोजनम का 15 नवम्बर से होगा आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: विश्व** आयुर्वेद परिषद राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संयोजनम्-2024 का आयोजन 15 नवंबर से 17 नवंबर तक होने जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान( मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने संयोजनम्-2024 के आयोजन के लिये बन रहे भव्य पंडाल पर भूमि पूजन कर के तैयारियों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक जे पी शर्मा, प्रोफेसर हरिमोहन मीना, प्रोफेसर पी हेमंता, आयोजन सचिव प्रोफेसर सी आर यादव, संयुक्त सचिव डॉ विपिन तंवर, विश्व आयुर्वेद परिषद के कार्यकर्ता एवं संस्थान के शिक्षक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डॉ किशोरीलाल शर्मा ने बताया कि 15 से 17 नवंबर तक होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से लगभग तीन हजार आयुर्वेद विद्वान, शोधार्थी, शिक्षक, चिकित्सक शामिल होंगे।




# हारे के सहारे को 'हैप्पी बर्थडे विश करने आधी रात ही पहुंच गए लाखों भक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सीकर: जिले** के खाटूश्याम बाबा का एकादशी मेला इस बार एक विशेष आकर्षण बन गया। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी के अवसर पर खाटू में होने वाला मुख्य मेला श्रद्धालुओं के लिए खास है। रात से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं और लाखों भक्त बाबा के दर्शन करने के लिए खाटू पहुंचे। इस अवसर पर खाटू में दिवाली जैसी आतिशबाजी ने उत्सव का माहौल बना दिया। हालांकि प्रशासन और मंदिर कमेटी की तरफ से आतिशबाजी न करने की अपील की



गई थी, लेकिन श्रद्धालुओं ने इसे नजरअंदाज कर जमकर पटाखे जलाए। रात 12 बजे के करीब तो ऐसा लगा जैसे दिवाली का पर्व हो, मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में रंग-बिरंगे पटाखों की लपटें आकाश में छा गईं।

प्रशासन ने तोरण द्वार पर सुरक्षा के इंतजाम किए थे, लेकिन भीड़ बढ़ने के साथ कुछ लोग नियमों की अनदेखी करते हुए आतिशबाजी करने लगे, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा भी हुई। मेले की खास बात यह रही कि रात को खाटू नगर की दृश्यावली गोल्डन नजर आई। यहां के अधिकांश मकानों और इमारतों पर सुनहरे रंग की रोशनी की गई थी, जिससे पूरा क्षेत्र स्वर्णिम नजर आ रहा था। मंदिर के मुख्य द्वार को श्रीनाथजी की थीम पर सजाया गया था, जबकि मंदिर के अंदर की सजावट हरियाली की थीम पर आधारित थी।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने का आरोप

**नैनीताल। राज्य कर्मचारी संयुक्त** परिषद नैनीताल इकाई ने वर्चुअल बैठक में कुमाऊं विश्वविद्यालय के विरुद्ध सोशल मीडिया वेबसाइट पर लगाए जा रहे आरोपों को अनर्गल व निराधार बताते हुए चिंता व रोष व्यक्त किया है। इसे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने वाला बताया है। परिषद ने प्रशासन से इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि एक समाचार वेबसाइट में कुमाऊं विवि के विरुद्ध निराधार आरोप लगाए गए हैं।

**पंरपरा** महाकुंभ के पहले आरंभ हुई प्रयाग के अधिष्ठाता देवता भगवान श्री माधव के द्वादश स्वरूपों की परिक्रमा यात्रा

# श्रद्धालु पौराणिक मंदिरों की भव्य श्रृंखला का कर सकेंगे दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: कुंभ** नगरी प्रयागराज की पहचान उसके धार्मिक , आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से है। धार्मिक क्षेत्र होने की वजह से विभिन्न धार्मिक और पौराणिक परंपराओं के प्रचलन के लिए भी इसे जाना जाता रहा है । विभिन्न धार्मिक परिक्रमा भी इसी में सम्मिलित हैं जो समय के साथ पीछे छूट गई। प्रदेश की योगी सरकार के सहयोग और प्रेरणा से ये पुनः आरंभ हुई हैं। द्वादश माधव की परिक्रमा यात्रा भी इसी का हिस्सा है जिसकी शुरूआत देवोत्थान एकादशी से हुई है।

**आरम्भ हुई प्रयाग के अधिष्ठाता देवता श्री द्वादश माधव की परिक्रमा यात्रा**



कुंभ नगरी प्रयागराज पौराणिक मंदिरों का शहर है । इन मंदिरों में भी द्वादश माधव कुम्भ नगरी की आध्यात्मिक पहचान है। इन्ही द्वादश माधव में एक श्री वेणी माधव को प्रयाग के नगर देवता के रूप में मान्यता है। इस पहचान को स्थापित करने के देवोत्थान एकादशी से द्वादश माधव परिक्रमा की शुरूआत की गई । प्रयागराज के अनंत माधव के पौराणिक मंदिर से इसकी शुरूआत हुई जिसमें विभिन्न माधवों के प्रमुख और अखाड़ों के संत शामिल हुए। श्री अनंत माधव के

**योजना**

**▸▸ श्री अनंत माधव से शुरू हुई पांच दिवसीय परिक्रमा यात्रा का श्री चक्र माधव में होगा समापन**

महंत आदित्या नन्द जी का कहना है कि श्री अनंत माधव से शुरू हुई यह परिक्रमा यात्रा विभिन्न माधव होते है श्री चक्र माधव अरैल में समापन होगा । इस पांच दिवसीय यात्रा में सभी द्वादश माधव के मंदिरों में अनुष्ठान और आरती का आयोजन किया जायेगा।